www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 5 अप्रैल, 2024 | वर्ष-16 | अंक-360 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





घरेलू जीन थेरेपी मानव जाति के लिए आशा की किरण: मुर्मू 02

■ मुलाकात जंगला में केजरीवाल से मिल सकते...
■ राष्ट्रभक्तों की तस्वीरों के बीच से अरविंद... 03

■ पाकिस्तान ने टीटीपी के साथ बातचीत से किया इनकार
■ फिलिस्तीन ने संरा से की पूर्ण सदस्य राज्य का... 07

विरुधुनगर में मुकाबला हुआ दिलचस्प 10

रमजान मुबारक

5 अप्रैल-25

खत्म सहरी : 4.46

रोजा इफ्तार : 6.44

## सार संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट ने दी सांसद नवनीत कौर को राहत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती से सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता नवनीत कौर राणा को बड़ी राहत देते हुए उनके अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र को गुरुवार को बरकरार रखने वाला फैसला दिया। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने इस मामले में गठित जांच समिति के फैसले को बरकरार रखा।

### डाक मतपत्र संबंधी वायरल संदेश भ्रामक : आयोग



**नई दिल्ली।** भारत चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सऐप पर उस वायरल संदेश को भ्रामक और फर्जी बताया है जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट नहीं डाल सकते। आयोग ने एक्स पर लिखा, संदेश भ्रामक और फर्जी है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी एवं कर्मचारी निर्दिष्ट मतदाता सुविधा केंद्र पर डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए गौरव वल्लभ



**नई दिल्ली।** गुरुवार सुबह कांग्रेस को सनातन विरोधी बताते हुए पार्टी से त्यागपत्र देने वाले गौरव वल्लभ दोपहर होते-होते भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा महासचिव विनोद तावडे ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनके साथ ही बिहार कांग्रेस के नेता अनिल शर्मा और राजद नेता उपेंद्र प्रसाद भी भाजपा हो गए। उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र देते हुए सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि राममंदिर उद्घाटन में कांग्रेस न जाय ये उन्हें स्वीकार नहीं है।

### पूर्वोत्तर भारत में 7 अप्रैल तक भारी बारिश के आसार



**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल प्रदेश में चार से सात अप्रैल तक भारी बारिश और बर्फबारी होने के आसार हैं।असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में छिटपुट गरज और बिजली के साथ काफी व्यापक से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।

## चित्तौड़गढ़ में भाजपा पर बरसे खड़गे

# लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश कर रहे मोदी

### कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया झूठों का सरदार

■ भष्टाचार पर घेरा, भ्रष्ट नेताओं को पार्टी में लिया

■ भाजपा में आते ही एक महीने में क्लीन हो गए नेता




**मोदी ईडी एवं सीबीआई का दुरुपयोग कर अन्य दलों के लोगों को डरा धमाकर अपनी तरफ करना चाहते हैं: मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

**चित्तौड़गढ़,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झूठों का सरदार बताते हुए आरोप लगाया है कि वह लोकतंत्र की वजह से आज देश के प्रधानमंत्री हैं और इस कारण ऊपर आए लेकिन उसे ही कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। श्री खड़गे गुरुवार को यहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना की नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि श्री मोदी ईडी एवं सीबीआई का दुरुपयोग कर अन्य दलों के लोगों को डरा धमाकर अपनी तरफ करना चाहते हैं और हमेशा झूठ बोलते रहते है। वह सबको डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने कहा था कि भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे और उन्होंने कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी आदि के नेता भ्रष्ट हैं लेकिन भाजपा ने इन भ्रष्टों को अपनी पार्टी में लिया। श्री खड़गे ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को लेकर हुकूमत करते हो और दूसरे को भ्रष्टाचारी बोलते हो। भाजपा में जाने से पहले जब ये नेता हमारे पास भष्ट थे और भाजपा में आते ही एक महीने क्लीन हो गए और कई को चुनाव लड़ने का टिकट भी दे दिया गया। उन्होंने कहा कि यह सब झूठे है और मोदी झूठों के सरदार हैं। उन्होंने श्री मोदी की गारंटी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया लेकिन आज तक पूरा नहीं किया। ऐसे की कई वादे किए लेकिन पूरे नहीं किए गए। ऐसी ही मोदी की गारंटियां होती हैं। उन्होंने कहा कि पुरानी गारंटी को लागू नहीं किया गया अब आगे क्या गारंटी हैं, अब मोदी की गारंटी पर कोई भरोसा नहीं करेगा।

### तीस लाख नौकरी के पद खाली पड़े

श्री खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि देश में तीस लाख नौकरी के पद खाली पड़े हैं लेकिन श्री मोदी उन्हें भरने का काम नहीं कर रहे है, क्योंकि उन्हें बेरोजगारों की कोई फिक्र नहीं हैं और वह विदेश में कई बार गये लेकिन देश के ही मणिपुर एक दिन भी नहीं जाकर आए। उन्होंने कहा कि अब वह कोई नया झूठ बोलेंगे। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

## निर्णायक साबित होगा यह चुनाव : राहुल

### देश को बिगाड़ने व बनाने वालों के बीच फर्क समझने की जरूरत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि राष्ट्र के लिए 2024 का चुनाव निर्णायक साबित होगा, इसलिए लोगों को देश को बिगाड़ने और बनाने वालों के बीच फर्क समझने की जरूरत है। श्री गांधी ने गुरुवार को कहा, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। कांग्रेस और इंडिया समूह की नीति समझाते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस और इंडिया मतलब : युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत जनगणना और आर्थिक सर्वे, सुरक्षित संविधान और नागरिक के अधिकार।

### मोदी का 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना

## बंगाल में दुश्मन, दिल्ली में `दोस्त'



कोलकाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां गुरुवार को कहा कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी दल पश्चिम बंगाल में दुश्मन हैं, लेकिन दिल्ली में 'दोस्त' हैं। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'विपक्ष की राजनीति झूठ के अलावा किसी और चीज पर आधारित नहीं है। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दल एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन दिल्ली, वे एक ही थाली में खाना खा रहे हैं।'

## एनसीपी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# अंतरिम आदेश का पालन करें चाचा-भतीजा



**'तुरही' प्रतीक का इस्तेमाल करे शरद पवार गुट**

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) विवाद के मामले में वरिष्ठ नेता शरद पवार और उनके भतीजे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार गुटों को 19 मार्च के (शीर्ष अदालत के) अंतरिम आदेश का पूरी तरह से पालन करने का निर्देश देते हुए एक-दूसरे के खिलाफ दायर आवेदनों का निपटारा कर दिया है। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राकांपा अजीत पवार गुट को निर्देश दिया कि वह शीर्ष के अंतरिम आदेश का पालन सुनिश्चित करते हुए चुनावी विज्ञापनों में अधिक प्रमुख के साथ यह उद्घोषणा प्रकाशित करें कि 'घड़ी' प्रतीक (चुनाव चिन्ह ) का मामला अदालत के विचाराधीन है। पीठ ने इसी प्रकार से शरद पवार गुट को भी निर्देश दिया कि अंतरिम आदेश का पालन करते हुए वह 'घड़ी' प्रतीक का उपयोग न करें। उसे आगामी चुनावों के लिए दिए गए 'तुरही' प्रतीक का इस्तेमाल करने के निर्देश का पालन करे। पीठ ने वरिष्ठ नेता शरद पवार गुट की याचिका पर अजीत पवार समूह से गुरुवार की सुनवाई के दौरान पूछा था कि क्या उसने 'शरद पवार' के नाम और राकांपा की 'घड़ी' चिह्न के उपयोग करते हुए यह उद्घोषणा करने के साथ अदालती आदेश का पालन किया था कि (यह चुनाव चिह्न) इसका आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है। पीठ ने टिप्पणी की थी कि किसी के पास जानबूझकर उसके आदेश की गलत व्याख्या करने का अधिकार नहीं है।

# मुख्यमंत्री पद से हटाने की दूसरी याचिका भी खारिज

### केजरीवाल को मिली बड़ी राहत



**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली दूसरी जनहित याचिका भी गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने 'हिंदू सेना' के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया कि यह उपराज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है?। न्यायालय ने हालांकि टिप्पणी की कि यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है कि उन्हें अपने पद पर रहना चाहिए या नहीं। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा, कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका व्यक्तिगत फैसला है। पीठ ने कहा वह सिर्फ इतना कह सकती है कि इस मुद्दे पर वह फैसला नहीं कर सकती और इस मामले में पर फैसला लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

### केजरीवाल से मिल सकेंगे भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की इजाजत दे दी है। इससे पहले तिहाड़ जेल को पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिट्ठी लिख मिलने की अनुमति मांगी थी। इस पर जेल प्रशासन ने उन्हें मुलाकात जंगला के तहत सामान्य मुलाकात की अनुमति दे दी है। बता दें कि केजरीवाल कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में हिरासत में रखे गए हैं।

## सीपीआईएम का घोषणापत्र जारी

# देश की धर्मनिरपेक्ष छवि बचाना प्राथमिकता : येचुरी



**हर राज्य के अंदर गठबंधन अपने राज्य की परिस्थिति के हिसाब हो रहा है और वह बहुत मजबूत है : सीताराम येचुरी**

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। देश में 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए मेनिफेस्टो (घोषणापत्र) जारी कर रही हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने इस मुद्दे पर बातचीत की।

येचुरी ने कहा कि सबसे जरूरी बात देश की धर्मनिरपेक्ष छवि को बचाना है, यही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सीताराम येचुरी ने कहा कि आज हमारे मुल्क का जो कैरेक्टर है, जो एक धर्मनिरपेक्ष जनतंत्र का गणराज्य है, भाजपा और मोदी सरकार उसी कैरेक्टर को खत्म करने पर तुली है। अब इसको रोकना है। देश का जो चरित्र है उसका संरक्षण करना है और जनहित में यह काम करना है, तो यह अनिवार्य है कि भाजपा और मोदी सरकार को सत्ता से दूर रखें। यही है हमारा मुख्य मकसद और उसके लिए किस तरह के कदम उठाने हैं, वो सब घोषणापत्र में हैं। गंठबंधन के सवाल के जवाब में सीताराम येचुरी ने कहा कि हर राज्य के अंदर गठबंधन अपने राज्य की परिस्थिति के हिसाब हो रहा है और वह बहुत मजबूत है।

उनसे सवाल किया गया कि कांग्रेस पार्टी आपके गठबंधन का हिस्सा है, एक तरफ राहुल गांधी के सामने आपकी पार्टी के नेता चुनाव लड़ रहे हैं। इस सवाल पर उन्होंने कहा कि हर राज्य के अंदर जो गठबंधन बना है वह परिस्थितियों के हिसाब से है। जहां जिस राज्य जिस दल के लिए जैसी परिस्थितियां हैं, उसी के आधार पर यह खाका तय हो चुका है और यह बहुत कामयाब तरीके से चल रहा है।

**जनविरोधी है भाजपा सरकार: करात**

वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता प्रकाश करात ने भी हमारे घोषणा पत्र में कुछ मुख्य बातें हैं। एक तो देश में लोकतंत्र को बचाना है, संविधान को बचाना है। उसके लिए जो कुछ कदम उठाए गए हैं, पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार की ओर से, जो जनतंत्र विरोधी है और जन विरोधी है, उन नीतियों को खत्म कर वैकल्पिक नीतियों को लागू करेंगे। हमने आर्थिक, सामाजिक नीतियों के अलावा जनतंत्र की बहाली के लिए कई तत्व अपने घोषणा पत्र में डाले हैं।

## कर्नाटक में ईश्वरप्पा ने ठोकी ताल

# शिवमोग्गा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे भाजपा के बागी नेता

■ दिल्ली में अमित शाह से मिल नहीं पाए पाए थे ईश्वरप्पा

■ ईश्वरप्पा ने कहा, पहले बुलाया फिर नहीं हुई मुलाकात



**बेंगलुरू,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम और बीजेपी के वरिष्ठ नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने शिवमोग्गा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दिल्ली में वो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलना चाहते थे, लेकिन नहीं मिल पाए। ईश्वरप्पा ने बुधवार को बेंगलुरु लौटने के बाद गुरुवार को निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भगवान राम मेरे दिल में हैं। ईश्वरप्पा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें दिल्ली मिलने के लिए बुलाया था। ईश्वरप्पा ने कहा, मैंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का फैसला किया। अगर मैं ऐसा नहीं करता तो मेरा घमंड होता। दिल्ली की यात्रा से मुझे महसूस हुआ कि ईश्वर मेरे साथ हैं। ईश्वरप्पा ने कहा, अमित शाह मुझसे नहीं मिले। उनके कार्यालय के लोगों ने मुझे बताया कि गृह मंत्री अभी उपलब्ध नहीं हैं। इससे मुझे यह संकेत मिला कि अब मुझे निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहिए।

ईश्वरप्पा ने दावा किया, अगर अमित शाह ने मुझे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव ना लड़ने के लिए कहा होता, तो मैं नाम वापस लेने के लिए मजबूर हो जाता। उन्होंने अन्य नेताओं से मेरी उम्मीदवारी और मेरे द्वारा उनके सामने उठाए गए सवालों के बारे में बात की होगी। उन्हें यकीन हो गया होगा कि मेरा संघर्ष सही है। उन्होंने कहा कि मैं निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ूंगा। बीजेपी सभी 28 सीटों पर जीत का परचम लहराने जा रही है, सिर्फ शिवमोग्गा को छोड़कर।

# सोनिया समेत 14 सदस्यों ने ली राज्यसभा की शपथ



■ **कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे व नेता सदन पीयूष गोयल भी रहे मौजूद**

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनियां गांधी समेत 14 नवनिर्वाचित सदस्यो ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। सोनिया गांधी पहली बार बतौर राज्यसभा सदस्य संसद में पहुंची हैं। इससे पहले वह उत्तरप्रदेश के रायबरेली लोकसभा सीट से पांच बार सांसद रही है। इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लडने का ऐलान किया था। इनके अलावा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन,उत्तरप्रदेश से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा नेता समिक भट्टाचार्य भी उन 14 नेताओ में शामिल हैं,जिन्हें राज्यसभा की सदस्यता दिलाई गई। आंध्रप्रदेश से वाईएसआरसीपी के नेता गोला बाबू राव,मेधा रघुनाथ रेड्डी और येरम बेंकट सुब्बा रेड्डी ने भी आज ही राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। इस सभी नेताओ को राज्ससभा के सभापति जगदीप धनकड ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के समय सदन के नेता पीयूष गोयल,कांग्रेस अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी,राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीसी मोदी भी मौजूद रहे।

# नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण



**अग्नि प्राइम ने अपने सभी लक्ष्यों को पूरा किया**

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने नयी पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि सामरिक कमान ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ के साथ मिलकर इस बैलिस्टिक मिसाइल का ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप के निकट सफल परीक्षण किया। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने अपने सभी लक्ष्यों को पूरा कर मिशन को पूरी तरह सफल बनाया। मिसाइल के परीक्षण के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सामरिक कमान के प्रमुख और डीआरडीओ तथा सेना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**चुनाव** | भाजपा भ्रष्टाचार तो कांग्रेस चुनाव बांड को बना रही मुद्दा

# भाजपा को चंदा चोर साबित करने में लगी कांग्रेस

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 का सियासी मैदान सज गया है। मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच होना है। ऐसे में भाजपा जहां विपक्ष के इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचारी बताकर निशाना बना रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी चुनावी बॉंड को मुद्दा बनाकर उसे चंदा चोर साबित करने में लगी है।

■ **चुनावी बांड योजना पर रिजर्व बैंक ने भी जताई थी चिंता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी जनसभाओं में भ्रष्टाचार के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं और इंडिया गठबंधन को कह रहे हैं कि सभी भ्रष्टाचारी एक हो गए हैं। वहीं कांग्रेस पार्टी चुनावी बांड को लेकर हमलावर है। पार्टी का आरोंप है कि चुनवाी बॉंड के नाम पर भाजपा ने कंपनियो से जबरन चंदा लिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को ट्वीटकर कहाकि चार मुख्य तरीकों से भ्रष्टाचार हुआ है। हर गुजरते दिन के साथ ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं, जिनसे भ्रष्टाचार की और अधिक रूप से पुष्टि होती है। प्रधानमंत्री के प्रोत्साहन से हुए इस भ्रष्टाचार ने पूरे देश को अपने चपेट में ले लिया है। उन्होंने आरोप लगया कि 2026 से 2023 के दरमियान नकारात्मक या शून्य लाभ वाली कंपनियों 33 कंपनियों ने भाजपा को 434.2 करोड का चंदा दिया। भाजपा को 6 ऐसी कंपनियों द्वारा 601 करोड का चंदा मिला, जो कि उनके शुद्ध लाभ से भी ज्यादा था। उन्होंने कहाकि जब मोदी सरकार पहली बार चुनावी बांड योजना शुरू की गई थी तो रिजर्व बैंक ने इसको लेकर चिंता जताते हुए कहा था कि इससे धन शोधन को बढ़ावा मिल सकता है। लेकिन हर कीमत पर चंदा हासिल करने की भाजपा की चाह ने इस दूरदर्शी सलाह को नहीं माना और इस योजना को जबरन आगे बढ़ाया। जिसकी कीमत आज पूरे देश को चुकानी पड़ रही है।



# देश

**उवाच** "कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के पीएम मोदी को लेकर दिया गया बयान अत्यंत निंदनीय और आपत्तिजनक है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस के नेता उंतने ही निम्न स्तर पर उतरकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं : **ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री उप्र**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.8 | 20.4 |
| मुंबई | 31.0 | 24.2 |
| कोलकाता | 37.2 | 27.2 |
| चेन्नई | 33.9 | 27.9 |

# देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाएंगे : वायु सेना

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है। वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान पिछले सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया।

रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि वायु सेना की विभिन्न राज्य सरकारों के प्रशासन के साथ तालमेल से देश भर में इस तरह की आपात हवाई पट्टी की सुविधा बनाने की योजना है। इन हवाई पट्टियों पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों तथा हेलिकॉप्टरों को उतारने का अभ्यास किया जायेगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल की जरूरत होती है। इन हवाई पट्टियों से वायु सेना को आपदा राहत अभियानों के दौरानन मानवीय सहायता पहुंचाने में भी मदद



**राज्य सरकारों के प्रशासन के साथ तालमेल से देश भर में इस तरह की आपात हवाई पट्टी की सुविधा बनाने की योजना है : रक्षा मंत्रालय**

मिलेगी। इसके अलावा रात्रि सहित किसी भी समय सैनिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उतारने की क्षमता हासिल करने के बाद वायु सेना सहित सभी सशस्त्र सेनाओं की मारक क्षमता बढ जायेगी।

## सेना चिकित्सा सेवा कोर ने 260वां स्थापना दिवस मनाया

नई दिल्ली। देश की रक्षा में जुटे सैनिकों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली सेना चिकित्सा कोर ने यहां अपना 260वां स्थापना दिवस मनाया है। सेना की ओर से गुरूवार को जारी बयान में कहा गया है कि वर्ष 1764 में स्थापित सेना चिकित्सा कोर ने युद्ध और शांति दोनों ही समय में सदियों से प्रगति, विकास, समर्पण तथा बलिदान के माध्यम से राष्ट्र को निस्वार्थ सेवा प्रदान की है और कोर के आदर्श वाक्य 'सर्वे सन्तु निरामया' जिसका अर्थ है 'सभी रोगमुक्त हों' की कसौटी पर खरा उतरा है। थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने बुधवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया जिसका आयोजन स्थापना दिवस पर कोर की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए किया गया। कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की विशिष्ट उपलब्धि का वीडियो भी जारी किया गया ।

कोर के स्थापना दिवस पर उन हजारों अधिकारियों, जेसीओ और अन्य रैंकों के योगदान का उल्लेख किया जाता है जो सशस्त्र बल कर्मियों, परिवारों और पूर्व सैनिकों के जीवन को प्रभावित करने में सफल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति वाहिनी मिशनों और विदेशों में शांति अभियानों में भी कोर ने चिकित्सा देखभाल के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस कोर ने युद्ध के समय चिकित्सा देखभाल को बेहतर बनाने तथा शांति काल में चिकित्सा देखभाल को उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने के अपने प्रयास में कर्तव्य पथ से आगे बढ़ कर व्यावसायिकता, साहस और करुणा के क्षेत्र में एक उच्च मानक स्थापित किया है और ' स्वस्थ भारत, विकसित भारत' के अंतिम लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ती रही है।

# घरेलू जीन थेरेपी मानव जाति के लिए आशा की किरण: मुर्मू

**नई दिल्ली**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरूवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई में कैंसर उपचार के लिए देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का शुभारंभ करते हुए इसे संपूर्ण मानव जाति के लिए आशा की किरण बताया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि देश की पहली जीन थेरेपी की शुरूआत कैंसर के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता है। उपचार की इस प्रणाली का नाम 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' है, जो कैंसर इम्यूनोथेरेपी उपचार है। यह सुलभ और सस्ती है, इसलिए संपूर्ण मानव जाति के लिए आशा की नई किरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह थेरेपी अनगिनत मरीजों को नवजीवन देने में सफल होगी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि सीएआर-टी सेल थेरेपी को चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति में से एक माना जाता है। यह कुछ समय से विकसित देशों में उपलब्ध है, लेकिन यह बेहद महंगी है और दुनिया भर के अधिकांश रोगियों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि भारत में यह थेरेपी दुनिया भर में सबसे सस्ती है। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल 'आत्मनिर्भर भारत' का दीप्तिमान उदाहरण है। राष्ट्रपति खुशी व्यक्त की कि देश की पहली सीएआर-टी सेल थेरेपी उद्योग भागीदार इम्यूनोएसीटी के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई और टाटा मेमोरियल अस्पताल के समन्वय से विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा-उद्योग साझेदारी का एक सराहनीय उदाहरण है, जिससे इसी तरह के कई अन्य प्रयासों को प्रेरणा मिलेगी।



# पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट से दाखिल किया नामांकन, कांग्रेस बोली वो पार्टी के उम्मीदवार नहीं



- दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का गुरुवार को अंतिम दिन था
- कांग्रेस परिवार मेरे साथ है और मैं कांग्रेस के साथ खड़ा रहूंगा

**पटना,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने का गुरुवार को अंतिम दिन था। ऐसे में पिछले दिनों कांग्रेस में अपनी पार्टी (जाप) का विलय करने वाले पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। जबकि, गठबंधन के तहत सीट बंटवारे के फार्मूले के तहत यह सीट राजद के खाते में हैं और वहां से पार्टी ने बीमा भारती को अपना कैंडिडेट बनाया है। इसके बावजूद पप्पू यादव ने गुरुवार को दूसरे चरण के नामांकन के अंतिम दिन अपना नामांकन कर दिया। ऐसे में अब इस पूरे मामले में बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने अपनी सफाई दी है और कहा कि पार्टी ने पप्पू यादव को नामांकन की इजाजत नहीं दी है।

दरअसल, पटना एअरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश सिंह ने कहा कि जब सीट बंटवारे का फार्मूला पार्टी आलाकामान ने तय कर दिया है। औरंगाबाद से निखिल कुमार उम्मीदवार थे, लेकिन उन्होंने नामांकन नहीं किया। ऐसे में जो सीट कांग्रेस को मिली है, उसके बाहर नामांकन करने की इजाजत किसी को नहीं है। इससे अधिक इस मामले में कुछ नहीं कहा जा सकता है।

वहीं, बिहार कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौर ने पप्पू यादव के पूर्णिया से नामांकन को लेकर कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार नहीं हैं। कांग्रेस के कोटे में जो 9 सीटें आई हैं, उसमें पूर्णिया शामिल नहीं है। बीमा भारती ही INDIA गठबंधन की साझा प्रत्याशी हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी का एक-एक वर्कर बीमा भारती को जिताएगा। इसके साथ ही पप्पू यादव बुलेट चलाकर नॉमिनेशन के लिए पहुंचे और वहां उन्होंने कहा कि मैं परेशान जरूर हुआ हूं, मगर हिम्मत बरकरार है। कांग्रेस परिवार मेरे साथ है और मैं कांग्रेस के साथ खड़ा रहूंगा। देश और पूर्णिया की जनता के लिए मैं चुनाव लड़ रहा हूं। जनता के आशीर्वाद से मेरी जीत होगी।

बताते चलें कि विगत 20 मार्च को अपनी पार्टी जाप का कांग्रेस में विलय कर पप्पू यादव ने सभी को चौंकाया था। विलय के बाद से ही ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस की पारंपरिक सीट रही पूर्णिया लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में जाएगी। जिसके बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस में अपनी दावेदारी पेश कर दी। लेकिन सीट बंटवारे के फार्मूले के तहत यह सीट राजद के खाते में चली गई और यहां से लालू प्रसाद ने जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुई विधायक बीमा भारती को अपना उम्मीदवार बना दिया।

## सार संक्षेप

### मप्र में जमा हुए 2 लाख 60 हजार से ज्यादा लाइसेंसी हथियार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव चार चरणों में होने वाले हैं। चुनाव से पहले लाइसेंसी हथियार जमा कराए जा रहे हैं। अब तक 2 लाख 60 हजार से ज्यादा लाइसेंसी हथियार जमा कराए जा चुके हैं। लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता 16 मार्च से प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही है। राजन ने बताया कि प्रदेश में 2 लाख 60 हजार 74 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिए गए हैं। प्रदेश में 22 हजार 306 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। अब तक 676 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान अब तक 1,913 अवैध हथियार, 491 कार्टिज एवं दो विस्फोटक पदार्थ जब्त किए गए हैं। साथ ही 1,776 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है।

### चुनाव आयोग के आदेश पर झारखंड में चार आईपीएस की पोस्टिंग, देवघर एसपी बने राकेश रंजन

**रांची।** चुनाव आयोग के निर्देश पर राकेश रंजन को झारखंड के देवघर जिले का नया एसपी बनाया गया है। वहां एसपी के तौर पर पोस्टेड रहे अजीत पीटर डुंगडुंग के खिलाफ मिली एक शिकायत के बाद 2 अप्रैल को उन्हें चुनाव आयोग के आदेश पर हटा दिया गया था। आयोग के निर्देश पर राज्य में तीन अन्य आईपीएस की पोस्टिंग हुई है। ए. विजया लक्ष्मी को दुमका जोनल आईजी बनाया गया है। जबकि वाईएस. रमेश को पलामू डीआईजी के तौर पर पदस्थापित किया गया है। सुमित कुमार अग्रवाल को रांची का ग्रामीण एसपी बनाया गया है।

### मध्य प्रदेश में नगदी सहित 63 करोड़ की सामग्री जब्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विभिन्न एजेंसियों की कार्रवाई के दौरान नगदी सहित 63 करोड़ से अधिक की सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने गुरुवार को बताया कि आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 16 मार्च से 2 अप्रैल तक 6 करोड़ 58 लाख 53 हजार 49 रूपए नगद राशि सहित 63 करोड़ 50 लाख 16 हजार 304 रुपए मूल्य की विभिन्न सामग्री जब्त की गई है। इसमें 11 लाख 32 हजार 859 लीटर मदिरा भी जब्त की गई है, जिसका मूल्य 17 करोड़ 95 लाख 55 हजार 629 रूपए है। उन्होंने आगे बताया कि 14 करोड़ 34 लाख 35 हजार 955 रूपये मूल्य के 10 हजार 285 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 3 करोड़ 92 लाख 71 हजार 21 रूपए मूल्य की 199 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएं भी जब्त की गई हैं। 20 करोड़ 69 लाख 650 रूपए मूल्य की अन्य सामग्री (रेडीमेड गारमेंटस् आदि) जब्त की गई है।

# शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने सेनाओं के बीच एकजुटता और तालमेल पर बल दिया

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। तीनों सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व ने समसामयिक संघर्षों से मिली सीख और भविष्य की जरूरतों तथा चुनौतियों को देखते हुए सेनाओं के बीच एकजुटता और परस्पर तालमेल की जरूरत पर बल दिया है । सेना के प्रवक्ता ने गुरूवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि सेना के शीर्ष कमांडरों के मंगलवार को संपन्न हुए सम्मेलन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कमांडरों को संबोधित किया। सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व ने समसामयिक संघर्षों से मिले सबक को देखते हुए सेनाओं के बीच बढ़ी हुई एकजुटता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक संचालन परिणामों के लिए सेनाओं के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने अपनी-अपनी सेनाओं में चल रही नयी पहलों की मुख्य बातें साझा करते हुए संयुक्त संचालन और अभ्यास के दौरान निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने सुरक्षा से संबंधित पहलुओं की पर विस्तार से विचार-मंथन किया, जिसमें सेना को आधुनिक तथा भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सक्षम बनाना, क्षमता विकास के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाना, परिचालन तैयारियों को बढ़ाना, सुरक्षा चुनौतियों से निपटना और मानव संसाधन से संबंधित मुद्दे शामिल थे।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में सेना की अपरिहार्य भूमिका को स्वीकार करते हुए सेना में देश के विश्वास की पुष्टि की**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा में सेना की अपरिहार्य भूमिका को स्वीकार करते हुए सेना में देश के विश्वास की पुष्टि की। उन्होंने सीमाओं की रक्षा करने, आतंकवाद से लड़ने और संकट के दौरान नागरिक प्रशासन को सहायता प्रदान करने में सेना की उत्कृष्ट भूमिका की सराहना की। उन्होंने निरंतर बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सैन्य नेतृत्व से सैद्धांतिक, संरचनात्मक और संगठनात्मक सुधारों की लगातार समीक्षा करने का आह्वान किया।

# 'रेलवे भर्ती के नाम पर जो गरीबों की जमीन लिखवा ले, वह किसी का भला नहीं कर सकता': प्रधानमंत्री

**पटना / जमुई,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जमुई में एनडीए संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे के उस भर्ती घोटाले को भी याद किया, जिसमें लालू प्रसाद के रेलमंत्री रहते रेलवे में नौकरी के बदले लोगों की जमीन रजिस्ट्री करवा ली गईं थी। रेलवे के लैंड फॉर जॉब मामले को लेकर पीएम मोदी ने आरजेडी सुप्रीमो और तत्कालीन रेलमंत्री लालू प्रसाद पर तीखा तंज किया। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि लोगों को एक बात हमेशा हमेशा याद रखनी होगी। बिहार का कोई भी नौजवान इस बात को चाहे भी तो भूल नहीं सकता। रेलवे में भर्ती के नाम पर जो लोग गरीब युवाओं से जमीन लिखवा लें वे राज्य के युवाओं का कभी भला नहीं कर सकते हैं। नीतीश कुमार भी कभी देश के रेलमंत्री थे लेकिन आज तक उनके खिलाफ कोई शिकायत सामने नहीं आई। लेकिन इन लोगों ने गरीबों की जमीन तक छीन ली।

पीएम ने कहा कि घमंडिया गठबंधन वालों के समय में देश में खस्ताहाल ट्रेनें चलती थीं। लेकिन अब पूरे देश की तरह बिहार के लोग भी



**लोगों को एक बात हमेशा हमेशा याद रखनी होगी। बिहार का कोई भी नौजवान इस बात को चाहे भी तो भूल नहीं सकता। रेलवे में भर्ती के नाम पर जो लोग गरीब युवाओं से जमीन लिखवा लें वे राज्य के युवाओं का कभी भला नहीं कर सकते हैं : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

वंदे भारत ट्रेन में सफर कर रहे हैं। जल्द ही यह ट्रेन देश के हर रूट पर दौड़ती नजर आएगी। जमुई के पुराने रेलवे स्टेशन की जो हालत है, उसे हर कोई जान रहा है लेकिन अब जमुई का रेलवे स्टेशन भी आधूनिक बन रहा है। बिहार के सभी रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट की तरह सभी सुविधाओं से लैस होंगे। विकास के इतने काम हुए लेकिन यह मोदी है और मोदी की सोंच अलग है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के काले दौर में जमुई का क्या हाल था। इन लोगों ने जमुई की पहचान कैसी बना दी थी। जमुई आरजेडी के जंगलराज का कितना बड़ा भुक्तभोगी रहा है। जमुई की पहचान नक्सलवाद से होती थी। सरकार की योजनाएं यहां पहुंचने ही नहीं दी जाती थी। नक्सली यहां सड़कें नहीं बनने देते थे। जिसका नुकसान यहां के गरीब, मजदूर और किसानों को भुगतना पड़ता था लेकिन आज वही जमुई विकास के हाई-वे पर तेज रफ्तार पकड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद दम तोड़ चुका है। जो लोग नक्सलवाद में भटक गए थे उन्हें हमारी सरकार ने मुख्य धारा से जोड़ा है। उनके परिवारों को पूरा सहयोग दिया। अब इस इलाके से एक्सप्रेस-वे निकलेगा। जमुई के पास देवघर से हवाई सेवाएं शुरू हो गई हैं। वहीं गया एयरपोर्ट के विस्तार की तैयारी चल रही है। हमारा प्रयास है कि देवघर और गया जी आने वाले लोग जमुई भी घूमकर जाएं।

# माकपा के पास कोई गुप्त बैंक खाता नहीं : पिनाराई विजयन

**तिरुवनंतपुरम,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के कुछ शीर्ष नेता ईडी की जांच के दायरे में हैं, लेकिन केरल सीएम पिनाराई विजयन ने गुरुवार को दावा किया है कि पार्टी हमेशा यह सुनिश्चित करती है कि उसकी सभी गतिविधियों में पारदर्शिता हो। सीएम विजयन ने कहा, 'हमारे पास कोई गुप्त बैंक खाता नहीं है, क्योंकि, हम काला धन स्वीकार नहीं करते। हमारा फंड पार्टी लेवी और पार्टी सदस्यों से सदस्यता शुल्क के माध्यम से आता है। हम जो भी रुपया इकट्ठा करते हैं, वह लोगों से आता है। हम लोगों को फंड के उपयोग के बारे में भी बताते हैं। हम हर काम पारदर्शिता से करते हैं।' सीएम विजयन ने ईडी के उन दावों की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें कहा गया था कि त्रिशूर माकपा जिला समिति और उसके नेताओं द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक से जुड़े कथित घोटाले की चल रही जांच के दौरान एजेंसी को माकपा के कुछ गुप्त खाते मिले थे। सीएम ने कहा कि आज ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग गैर-भाजपा दलों के पीछे हैं। लेकिन, जब केरल में ईडी हमारे नेताओं के पीछे आती है तो कांग्रेस के नेता अलग




**पार्टी हमेशा यह सुनिश्चित करती है कि उसकी सभी गतिविधियों में पारदर्शिता हो, 'हमारे पास कोई गुप्त बैंक खाता नहीं है, क्योंकि, हम काला धन स्वीकार नहीं करते: पिनाराई विजयन, मुख्यमंत्री केरल**

रुख अपनाते हैं। सीएम ने अपनी बेटी वीणा विजयन की आईटी कंपनी के खिलाफ चल रही ईडी जांच के बारे में पूछे गए सवाल को टाल दिया।

संबंधित घटनाक्रम में, दो बार के पूर्व माकपा लोकसभा सदस्य पीके बीजू गुरुवार को करुवन्नूर सहकारी बैंक मामले में चल रही जांच के तहत कोच्चि कार्यालय में ईडी के सामने पेश हुए। इस बीच, त्रिशूर जिले के माकपा सचिव एमएम वर्गीस को ईडी ने बुधवार को पेश होने के लिए कहा था।

# नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांग्रेस के वाइस प्रेसिडेंट उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा घाटी में तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे जाने के बाद नेशनल कांग्रेस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनकी पार्टी और कांग्रेस संयुक्त रूप से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि नेशनल कांग्रेस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जम्मू में चुनावी कैंपेन कर रहे हैं। कांग्रेस ने घाटी में नेशनल कांफ्रेंस का समर्थन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में तस्वीर साफ हो जाएगी, कांग्रेस कुछ घोषणा कर सकती है।



# क्यों सबसे जुदा हैं बसपा की यह महिला उम्मीदवार?

**लखनऊ,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। बसपा ने लोकसभा चुनाव में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने वाली, तेज-तर्रार और छोटे बालों वाली युवती को लालगंज की सुरक्षित सीट से मैदान में उतारा है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की संकाय सदस्य इंदु चौधरी ने राजनीति में कदम रखा है, क्योंकि उन्हें बसपा की विचारधारा पसंद है। वह कहती हैं, 'मैं बहुजन समुदाय के हित में काम करते हुए मायावती और कांशीराम के मिशन को जारी रखूंगी, जैसा कि मैं एक दशक से अधिक समय से करती आ रही हूं। बसपा ने 2019 में यह सीट जीती थी। पार्टी सांसद संगीता आज़ाद पिछले महीने भाजपा में शामिल हो गईं। अंबेडकर नगर जिले के निकसपुर गांव में जन्मीं इंदु का बचपन लखनऊ की रेलवे कॉलोनी में बीता, जहां उनके पिता काम करते थे। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा इंटरमीडिएट स्तर तक एक पब्लिक स्कूल से पूरी की, उसके बाद उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीए, बीएड, एमए और पीएचडी की डिग्री ली।



**'मैं बहुजन समुदाय के हित में काम करते हुए मायावती और कांशीराम के मिशन को जारी रखूंगी:-इंदु चौधरी**

डॉक्टरेट करते समय उन्हें सैनिक स्कूल में अंग्रेजी शिक्षिका के पद के लिए चुना गया। इस स्कूल में उन्होंने दो साल तक सेवा की। उसके बाद उन्हें बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया। अपने शैक्षणिक कर्तव्यों के अलावा वह सामाजिक न्याय की आवाज बुलंद करने में सक्रिय रही हैं। वह बहुजन नेताओं के संघर्षों के बारे में मुखर रही हैं। उन्होंने बी.आर. अंबेडकर, कांशीराम और मायावती के आदर्शों और दृष्टिकोणों पर जोर दिया है, जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और बहुजन मिशन के लिए समर्थन जुटाना है।

**राजनीति** *मतदाताओं ने मौजूदा लोकसभा सदस्य अबू हासेम खान चौधरी को चुनकर कांग्रेस को कभी निराश नहीं किया*

# मालदा-दक्षिण लोकसभा क्षेत्र को बरकरार रखना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

**कोलकाता, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मालदा-दक्षिण लोकसभा क्षेत्र को बरकरार रखना कांग्रेस के लिए 'करो या मरो' जैसा है। 2009 के बाद से, मालदा-दक्षिण के मतदाताओं ने लगातार तीन बार पार्टी के मौजूदा लोकसभा सदस्य अबू हासेम खान चौधरी को चुनकर कांग्रेस को कभी निराश नहीं किया है।**

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में मालदा जिले के कांग्रेस नेता और पूर्व रेल मंत्री स्वर्गीय अबू बरकत अताउर गनी खान चौधरी के छोटे भाई ने केवल 8,226 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। 2019 में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार मोअज्जम हुसैन कुल मतदान का केवल 27 प्रतिशत वोट हासिल कर उपविजेता रहे थे।

इस बार अबू हासेम खान चौधरी अपनी उम्र संबंधी बीमारी के कारण चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उनकी जगह पर कांग्रेस नेतृत्व ने



उनके बेटे ईशा खान चौधरी को मैदान में उतारा है। अगर ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) अपना उम्मीदवार उतारती है तो इस अल्पसंख्यक बहुल निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगी। अबू हासेम खान चौधरी ने एआईएसएफ नेतृत्व से निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने से परहेज करने का अनुरोध किया है। अनुरोध पत्र में उन्होंने कहा कि एआईएसएफ अगर चुनाव में उतरती है तो भाजपा को ही मदद करेगी। हालांकि, एआईएसएफ नेतृत्व की ओर से अभी तक कोई आश्वासन नहीं आया है। भाजपा ने अपनी उम्मीदवार श्रीरूपा मित्रा चौधरी को फिर से उतारा है, जो वर्तमान में इंग्लिश बाजार से पार्टी विधायक हैं। तृणमूल कांग्रेस ने शाहनवाज अली रेहान को चुनावी मैदान में उतारा है। ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी-फिल की पढ़ाई कर रहे इतिहासकार रेहान को पहले से ही मालदा जिले में सत्तारूढ़ पार्टी में अंदरूनी कलह की मार महसूस होने लगी है। अपने नामांकन की घोषणा के तुरंत बाद, उन्होंने अपनी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं के एक वर्ग द्वारा तोड़फोड़ की आशंका व्यक्त की। उन्होंने मीडियाकर्मी से कहा कि ऐसे उदाहरण हैं कि पार्टी पार्षद चुनाव से पहले प्रतिद्वंद्वी ताकतों को गुप्त समर्थन दे रहे हैं। मालदा-दक्षिण में मुकाबला मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच केंद्रित रहेगा। भाजपा अपने पक्ष में बहुमत वोटों के एकजुट होने पर निर्भर है जो 2019 के लोकसभा चुनावों में पहले ही स्पष्ट हो गया था।

- इस बार अबू हासेम खान चौधरी चुनाव नहीं लड़ रहे
- मालदा-दक्षिण लोकसभा क्षेत्र को बरकरार रखना कांग्रेस के लिए 'करो या मरो' जैसा

# कैपिटल ज़ोन


उल्टा पुल्टा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

## सीएम अरविंद केजरीवाल ने पत्नी के जरिए विधायकों को भेजा संदेश बोले,
# हम जनता की समस्याओं को लेकर ज्यादा चिंतित

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा की केंद्र सरकार ने भले ही दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेजवा दिया है, लेकिन जेल से भी वह दिल्ली की दो करोड़ जनता के लिए फिक्रमंद हैं। जेल में उनका वजह 4.5 किलो घट गया है। इसके बावजूद वो खुद के बजाय दिल्ली की जनता की समस्याओं को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। सीएम केजरीवाल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल से बात करते हैं। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने सुनीता केजरीवाल के माध्यम से आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को संदेश भेजा है। सीएम ने भेजे संदेश में विधायकों से कहा है कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा परिवार है। मेरे जेल में रहने की वजह से मेरे परिवार में किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए सभी विधायक अपने-अपने इलाके का नियमित दौरा करें और लोगों से पूछकर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करें।

सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता कर उनके संदेशों को पढ़कर सभी विधायकों को सुनाया। उन्होंने कहा कि आपके अरविंद केजरीवाल ने सभी विधायकों के लिए जेल से संदेश भेजा है। सीएम ने अपने भेजे संदेश में कहा है कि मैं



**दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा परिवार है। मेरे जेल में रहने की वजह से मेरे परिवार में किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए : अरविंद केजरीवाल**

जेल में हूं, इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। हर विधायक अपने इलाकों का रोज दौरा करें और लोगों से पूछें कि उन्हें कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है। जिसको जो समस्या हो, उसे दूर करें। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा है कि मैं केवल सरकारी विभागों की समस्यओं का समाधान करने बात नहीं कर रहा हूं। हमें लोगों की बाकी समस्याओं का भी समाधान करने की कोशिश करनी है।

वहीं, 24 मार्च को सीएम अरविंद केजरीवाल ने जल मंत्री आतिशी को जलापूर्ति और सीवर की समस्याओं का समाधान करने के लिए संदेश भेजा था। सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा था कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाक़ों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर मैं चिंतित हूं। चूंकि मैं जेल में हूं, इस वजह से लोगों ज़रा भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं। जहां भी पानी की कमी है, वहां उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए। मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल महोदय का भी सहयोग लें।

**अस्पतालों में मुफ्त जांच व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हो :** इसके बाद 26 मार्च को सीएम अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को संदेश भेजकर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने को कहा। सीएम ने संदेश में कहा था कि मुझे ऐसी सूचना मिली है कि कई जगह मोहल्ला क्लीनिकों में जो मुफ्त जांच और मुफ़्त दवा की सुविधा थी, उसमें कुछ समस्याएं आ रही हैं। सीएम ने दिल्ली के सभी अस्पतालों और सभी मोहल्ला क्लीनिकों में जो दवाइयां और जांच अब तक मुफ्त चल रही थी, वो इसी प्रकार सुचारू रूप से चलती रहें और उनकी उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई भी कमी ना हो।

### महिलाओं को एक हजार रुपए महीना देने वादा पूरा करूंगा : केजरीवाल

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से पहले भी दिल्ली की जनता की समस्याओं को लेकर अपने मंत्रियों को संदेश भेज चुके हैं। 23 मार्च को सीएम केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से दिल्लीवालों को संदेश भेजा था। सीएम ने संदेश में कहा था कि मैं अंदर रहूं या बाहर रहूं, हर पल देश के लिए सेवा करते रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश के लिए समर्पित है, मेरी जिंदगी का एक-एक कतरा देश के लिए है। इस पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है। आजतक बहुत संघर्ष किए, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े-बड़े संघर्ष लिखे हैं। उन्होंने संदेश में कहा था कि दिल्ली की मेरी मां-बहनें सोच रही होंगी कि केजरीवाल तो अंदर चला गया, पता नहीं अब हजार रुपए मिलेंगे या नहीं। मेरी सभी माताओं और बहनों से अपील है कि अपने बेटे और भाई पर भरोसा रखें। मैं जल्द बाहर आउंगा और अपना वादा पूरा करूंगा।

## मुलाकात जंगला में केजरीवाल से मिल सकते हैं भगवंत मान : जेल अधिकारी

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। आबकारी मामले में तिहाड़ में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने के लिए बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ प्रशासन से अनुमति मांगी थी।

तिहाड़ प्रशासन की ओर से कहा गया है कि भगवंत मान मुलाकात जंगला में अरविंद केजरीवाल से मिल सकते हैं। भगवंत मान के कार्यालय को जल्द ही इस संबंध में सूचना दी जाएगी। जिसके बाद वह तय समय पर जरूरी कार्रवाई पूरी कर मुलाकात कर सकते हैं।

तिहाड़ जेल के एक अधिकारी ने बताया कि भगवंत मान केजरीवाल से मिल सकते हैं, लेकिन यह मुलाकात तिहाड़ जेल के मुलाकात जंगला में एक सामान्य व्यक्ति की तरह हो होगी। भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री हैं और उन्हें जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। लिहाजा जेल अधिकारी उनके लिए सुरक्षा प्रबंध कर सकते हैं।

### सूची में डालवाना होगा नाम

जेल अधिकारी ने बताया कि केजरीवाल को आगंतुकों की सूची में मान का नाम भी जोड़ना होगा। जेल नियमावली के अनुसार एक कैदी 10 आगंतुकों के नाम दे सकता है। इनमें से तीन लोग हफ्ते में दो बार एक ही समय में कैदी से मुलाकात कर सकते हैं। इस सूची में सीएम केजरीवाल की ओर से पांच लोगों के नाम दिए हैं। जिसमें उनकी पत्नी, दो बच्चे, निजी सचिव बिभव कुमार और 'आप' के राज्यसभा सदस्य



संदीप पाठक शामिल हैं। फिलहाल मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में अपने वकील से रोजाना मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने दो अप्रैल को जेल से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने बच्चों से बात की थी।

### क्या होता है मुलाकात जंगला

मुलाकात जंगला (लोहे की एक जाली होती है) जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को आगंतुक से अलग करती है। आगंतुक और कैदी जाली के एक-दूसरी ओर बैठकर एक दूसरे से बात कर सकते हैं। इस दौरान वहां जेल के कर्मचारी भी मौजूद रहते हैं। ज्ञात हो कि दिल्ली की एक अदालत ने आप के संयोजक केजरीवाल को एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जिसके बाद से वह जेल नंबर दो में बंद हैं।



■ सर्वोच्च न्यायालय से मिली जमानत के बाद हनुमान मंदिर में अपने परिजनों व समर्थकों के साथ दर्शन करते 'आप' नेता संजय सिंह। फोटो इम्तियाज खान

## सार संक्षेप

### तिहाड़ के बाहर निगम पार्षद का फोन चोरी, केस दर्ज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद संजय सिंह के समर्थन के लिए पहुंचे निगम पार्षद का फोन चोरी हो गया। फोन चोरी होने के बाद पार्षद ने खुद जाकर हरीनगर थाने में शिकायत दी है। जिसके बाद मामले में की दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस फोन चोरी करने वाले की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया की पीड़ित निगम पार्षद राकेश अपने परिवार के साथ तुगलकाबाद रहते हैं। राकेश तुगलकाबाद से ही आप पार्टी के पार्षद है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में उन्होंने बताया की वह बुधवार दोपहर पार्टी के नेता संजय के समर्थन में तिहाड़ जेल के बाहर पहुंचे थे। जहां उनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य कार्यकर्ता और लोग मौजूद थे। वहां प्रदर्शन के दौरान किसी ने उनकी जेब से उनका फोन निकाल लिया। काफी देर बाद जब उनका ध्यान फोन पर गया तो उन्हें फोन चोरी होने की जानकारी लगी। जिसके बाद वह हरी नगर थाने पहुंचे और उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने फिलहाल मामले में केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### फीस वृद्धि व खराब इंफ्रास्ट्रक्चर के खिलाफ धरने पर एबीवीपी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लॉ फैकल्टी (विधि संकाय) में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। छात्रों की समस्याओं में फीस वृद्धि, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर, वाईफाई, शौचालय, क्लास रूम में सीटों का अभाव, वॉटर कूलर, पिंक टॉयलेट, सेनेटरी वेंडिंग मशीन आदि शामिल हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर, एलसी-1 एवं एलसी-2 के छात्र संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। एबीवीपी की यह मांग है कि जब तक प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस को कम नहीं किया जाता और समस्याओं के निवारण के लिए एक अवधि तय नहीं की जाती तब तक मांगों को लेकर धरने पर रहेंगे। गौरतलब है कि अभाविप विधि संकाय के छात्रों ने पहले भी इन मांगों को लेकर फैकल्टी को कई बार ज्ञापन सौंपा था। लेकिन, अभी तक उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इस बार फीस वृद्धि भी की गई है। पहले विद्यार्थियों को 4,900 रुपए वार्षिक शुल्क देना होता था, जिसमें परीक्षा शुल्क भी शामिल होता था। लेकिन, पिछले सेमेस्टर से प्रति छात्र को 6,010 रुपए वार्षिक शुल्क के अतिरिक्त 1,100 रुपए परीक्षा शुल्क देना पड़ रहा है। एबीवीपी के दिल्ली प्रांत सह मंत्री आशीष सिंह ने कहा कि विधि संकाय में हर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र पढ़ते हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस छात्रों के लिए अनेकों समस्या उत्पन्न कर रही है। साथ ही खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी की समस्या, शौचालय की जर्जर स्थिति से विद्यार्थियों को कई प्रकार की समस्या आ रही है।

### हथियार सप्लायर 8 पिस्तौल, 80 गोलियों के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में एक हथियार आपूर्तिकर्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 8 पिस्तौल और 80 गोलियां बरामद कीं। इन्हें शहर और उसके बाहरी इलाकों में अपराधियों तक पहुंचाया जाना था। आरोपी की पहचान जाफराबाद निवासी अदनान (23) के रूप में हुई है। उसने उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के पास खुर्जा जंक्शन पर अपने स्रोतों से हथियार खरीदे थे। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के डीसीपी जॉय तिर्की ने कहा कि 2 अप्रैल को एक अपराधी के बारे में सूचना मिली, जो पूर्वोत्तर जिले के क्षेत्र में अवैध हथियारों की आपूर्ति कर सकता है।

## राष्ट्रभक्तों की तस्वीरों के बीच से अरविंद केजरीवाल की फोटो को हटाना चाहिए : सचदेवा



**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी को शर्म आनी चाहिए कि वह अरविंद केजरीवाल की फोटो को शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह और डॉ बी.आर. अम्बेडकर की तस्वीरों के बीच में लगा रही है और मांग की है कि यह तत्काल हटाया जाए।

आप को लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना बंद करना चाहिए जो अरविंद केजरीवाल की फोटो को राष्ट्रभक्तों की तस्वीरों के बीच में लगाकर कर रहा है।

सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी श्रीमती सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री के आधिकारिक कमरे और कुर्सी से बैठने और राजनीतिक संदेश जारी करने की अनुमति दी है और राजनीतिक शैली को लघुकृत किया है। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का आरोपी माना जाता है और उनकी फोटो को शहीद ए आज़म और डॉ अम्बेडकर जैसे राष्ट्रभक्तों के बीच में लगाकर आम आदमी पार्टी ने महान राष्ट्रभक्तों की गरिमा को अपमानित किया है।

### आतिशी का चुनाव आयोग पर उंगली उठाना संवैधानिक व्यवस्थाओं का अपमान : कपूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की यह आश्चर्यजनक है कि जो मंत्री आतिशी भाजपा पर विवादित बयान देतीं हैं और चेतावनी के बावजूद माफी नहीं मांगती वह चुनाव आयोग से ना सिर्फ अपनी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की आपेक्षा करती है बल्कि चुनाव आयोग पर परोक्ष रूप से पक्षपात का आरोप भी लगा देती हैं।



दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि आज आतिशी का यह कहना की जब चुनाव आयोग 6 दिन में भी हमारी पोस्टरों की शिकायत पर कार्रवाई नही कर रहा तो गम्भीर मामलों में क्या करेगा सीधे तौर पर चुनाव आयोग पर उंगली उठाना एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं का अपमान है। कपूर ने ने कहा है कि आतिशी चुनाव आयोग से त्वरित कार्रवाई चाहती हैं पर अपने शब्दों से भाजपा का अपमान करने पर मिले मानहानि नोटिस पर 2 दिन बाद भी चुप्पी साधे बैठी हैं।

## पोस्टर-होर्डिंग्स मामले को लेकर 'आप' ने की दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से शिकायत



**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा दिल्ली भर में लगाए गए आपत्तिजनक पोस्टरों पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता और वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी और ने लीगल टीम के साथ दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है। बता दे कि, कुछ आपत्तिजनक पोस्टरों में भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की फोटो तक का इस्तेमाल किया है।

इस बाबत साझा करते हुए आप नेता आतिशी ने कहा कि, ये बेहद चिंता का विषय कि, 6 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग्स-पोस्टरों पर कोई कोई एक्शन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि, आज पूरे देश की चिंता है कि क्या इस लोकसभा चुनाव में हर पार्टी को समान अवसर मिल रहा है?। 6 दिन बीत जाने के बाद भी अगर कुछ पोस्टर-होर्डिंग्स पर एक्शन नहीं लिया जाता तो क्या बड़ी समस्याओं का समाधान होगा।

आतिशी ने साझा किया कि, शिकायत के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने आश्वासन दिया कि आयोग इस मामले में एक्शन लेगा। उन्होंने कहा कीव, यदि भाजपा द्वारा लगाए आपत्तिजनक पोस्टरों के मामले में एक्शन नहीं हुआ तो हम इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया जाएंगे। उन्होंने कहा कि, हमारे लिए यह भी चिंता का विषय कि, इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया से आजकल विपक्षी पार्टियों को मिलने समय नहीं मिल रहा है। संविधान ने चुनाव आयोग को देश के लोकतंत्र को बचाए रखने, बनाए रखने की ज़िम्मेदारी दी है। ऐसे में हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग सिर्फ़ किसी एक राजनीतिक दल का, केंद्र सरकार का राजनीतिक हथियार बनकर नहीं रह जाएगा। आप नेता आतिशी ने कहा कि, भाजपा ने पूरी दिल्ली में कई आपत्तिजनक पोस्टर लगाए है। यहां तक कि, कुछ पोस्टरों में भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की फोटो तक का इस्तेमाल किया है। आम आदमी पार्टी की लीगल टीम ने 6 दिन पहले चुनाव आयोग से इस पोस्टर्स-हॉर्डिंग्स की शिकायत की और इस बाबत आज हम दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर आए है। ये बेहद चिंता की बात है कि 6 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग्स-पोस्टरों पर कोई कोई एक्शन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि, इस विषय में मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा हमें आश्वस्त किया गया है कि, इस मामले में एक्शन होगा। लेकिन अगर इसके बाद भी इस मामले में एक्शन नहीं लिया जाता है तो हम इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया जाएंगे। हमारे लिए यह भी चिंता का विषय है कि, इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया आजकल विपक्षी पार्टियों को समय नहीं दे रहा है।

**मुख्य चुनाव अधिकारी ने आश्वासन दिया कि आयोग इस मामले में करेगा कार्रवाई : आतिशी**

### लिव-इन पार्टनर ने की युवती की हत्या, अलमारी में मिला शव

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के द्वारका इलाके में किराए के फ्लैट में रह रहे लिव-इन पार्टनर ने 26 वर्षीय एक युवती की कथित तौर पर हत्या कर दी और भागने से पहले उसके शव को अलमारी में डाल दिया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान रुखसार राजपूत के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि रात 10:40 बजे डाबरी पुलिस स्टेशन के पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को एक कॉल आई कि बुधवार को राजापुरी की गली नंबर 10 में एक लड़की की हत्या कर दी गई है। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। फोन करने वाले रुखसार के पिता मुस्तकीम ने पुलिस टीम को बताया कि उनकी बेटी के प्रेमी विपल टेलर नाम के शख्स ने उसकी हत्या कर दी है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

**पत्र संख्या 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/जैम/2024/बी/4833478 दिनांकः- 03.04.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ के तहत 1 वर्ष की अवधि के लिए सहायक मंडल अभियंता रोहतक सहायक मंडल अभियंता जींद और सहायक मंडल अभियंता जाखल के तहत ट्रैक के निरीक्षण और गश्त के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों को नियुक्त करना। |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) रु. 99,99,926.31 |
| 3 | धरोहर राशि | (1) रु. 2,00,000.00 |
| 4 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय कार्य 03.04.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 26.04.2024 को 15:30 बजे। |
| 5 | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 997/24



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310 जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की एल०ओ०पी-02 आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-जी-672, सैक्टर-गामा-02, आकार 60 वर्गमीटर आवंटन संख्या-एल०ओ०पी-02-030, के आवंटी श्री उदय प्रसाद पुत्र श्री गिरधारी महतो के नाम आवंटित है। आवंटी श्री उदय प्रसाद पुत्र श्री गिरधारी महतो की मृत्यु दिनांक 27.06.2018 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वारिसान के आधार पर उनकी पत्नी श्रीमती रेखा देवी एवं खुशी कुमारी (माइनर 15 वर्ष) एवं मुस्कान कुमारी (माइनर 13 वर्ष) एवं अमन कुमार (माइनर 9 वर्ष) पत्नी एवं पुत्री स्वं० श्री उदय प्रसाद निवासी-ब्लॉक-जी-672, सेक्टर-गामा-02, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कश्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामांतरण स्वं० श्री उदय प्रसाद पुत्र श्री गिरधारी महतो के स्थान पर उक्त भूखण्ड को उनकी पत्नी श्रीमती रेखा देवी एवं खुशी कुमारी (माइनर 15 वर्ष) एवं मुस्कान कुमारी (माइनर 13 वर्ष) एवं अमन कुमार (माइनर 9 वर्ष) पत्नी एवं पुत्री स्वं० श्री उदय प्रसाद निवासी-ब्लॉक-जी-672, सेक्टर-गामा-02, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विषेश कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की सी०ओ०पी०1 आवासीय योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या-बी-146, सैक्टर-आर.एच.ओ-01, आकार-162 वर्गमीटर आवंटन संख्या-सी16151, के आवंटी श्रीमती रामा श्रीवास्तव पत्नी श्री एम.के. श्रीवास्तव के नाम आवंटित है। आवंटी श्रीमती रामा श्रीवास्तव पत्नी श्री एम.के. श्रीवास्तव के मृत्यु दिनांक 29.04.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को विल के आधार पर उनके पुत्र एवं पुत्री श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, श्री अमित श्रीवास्तव, श्री अजय श्रीवास्तव, श्री सुदेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती सरिता भटनागर पुत्र एवं पुत्री स्वं० मनमोहन कृष्ण श्रीवास्तव निवासी ग्राम मकान नं0-बी-133, सेक्टर-36 (आर०एच०ओ०-01) ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड को नामांतरण श्रीमती रामा श्रीवास्तव पत्नी श्री एम.के. श्रीवास्तव के स्थान पर विल के आधार पर उनके पुत्र एवं पुत्री श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, श्री अमित श्रीवास्तव, श्री अजय श्रीवास्तव, सुदेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्रीमती सरिता भटनागर पुत्र एवं पुत्री स्वं० मनमोहन कृष्ण श्रीवास्तव निवासी ग्राम मकान नं0-बी-133, सेक्टर-36 (आर०एच०ओ०-01) ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश उक्त भूखण्ड को पूर्ण रूप से आपके नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

योजना प्रभारी (को-ऑपरेटिव )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **Flat No.1405, 14th Floor, Tower C, Divyansh Flora, Gaur City-02, Plot No.GC-03/GH-03, Sector-16C, Area-98.00 Sqm., Greater Noida** जो कि **Smt. Veena Sharma & Mr. Gaurav Sharma** निवासी **H.No. 5485/9, Basti Hospital Sadar Thana Road, Delhi** के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-07.08.2019 को पजीकृत है। **Smt. Veena Sharma** की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र **Mr. Gaurav Sharma** ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपनी माता के भाग का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों **Mr. Gaurav Sharma S/o Mr. Prem Kumar Sharma** का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्रधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतम बुद्ध नगर, उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **Flat No.1905, 19th Floor, Tower C, Divyansh Flora, Gaur City-02, Plot No.GC-03/GH-03, Sector-16C, Area-98.00 Sqm., Greater Noida** जो कि **Mrs. Anamika Agnihotri & Sh. Ajay Kumar Mishra** निवासी **Flat No.304, Plot No.309, Gyankhand-I, Indirapuram Ghaziabad** के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-11.04.2018 को पजीकृत है। **Sh. Ajay Kumar Mishra** की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी **Mrs. Anamika Agnihotri** ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों **Mrs. Anamika Agnihotri W/o Late Sh. Ajay Kumar Mishra** का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्रधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्काल ध्वस्त किया जाएगा। शहरवासियों से अपील है कि इस तरह बिना प्राधिकरण से चेक कराए और लुभावने विज्ञापन के चक्कर में फंसकर अपनी जीवन भर की कमाई मत गवाएं। जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया था उनके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज की जा रही है।

**संजय खत्री, एसीईओ, नोएडा प्राधिकरण**

## प्राधिकरण ने की कामर्शियल बकाएदारों के साथ बैठक

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रुप हाउसिंग के बाद अब नोएडा प्राधिकरण कामर्शियल बकाएदारों से पैसा वसूलने की तैयारी में है। इनका करीब 8 हजार करोड़ रुपए बकाया है। गुरुवार को पहली बार कामर्शियल बड़े बकाएदारों के साथ प्राधिकरण के सीईओ ने बैठक की। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री और ओएसडी मौजूद रहे। बैठक में 30 बड़े कामर्शियल प्रोजेक्ट के बकाएदार शामिल हुए। जिन्होंने अपनी समस्या प्राधिकरण के सामने रखी। सोमवार से केस-केस स्टडी की जाएगी। जिसके बाद पैसा जमा करने का टाइम दिया जाएगा।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इन लोगों ने करीब 2 साल से प्राधिकरण में पैसा जमा नहीं कराया। इनके मूलधन पर काफी ब्याज लग चुका है। इसलिए आज इनको बुलाया गया और पैसा जमा नहीं करने का कारण पूछा गया। अधिकांश बकाएदारों ने एनजीटी का हवाला देते हुए जीरो पीरियड की मांग की। इसके अलावा कुछ ने लॉकडाउन का हवाला दिया। इन बकाएदारों में कोर्ट केस और एनसीएलटी के बकाएदार भी शामिल थे। कुछ ने प्राधिकरण के कैल्कुलेशन पर सवाल खड़े किए। ऐसे में सीईओ लोकेश एम ने केस टू केस स्टडी करने का निर्देश दिया।




■ 8 हजार करोड़ रुपए है बकाया
■ केस टू केस सुनी जाएंगी समस्या

सीई ओ ने कहा कि सभी बड़े बकाएदार सोमवार को अपने केस फाइल के साथ प्राधिकरण आए। इनकी समस्या सुनी जाएगी और एक एक बकाएदार को उनका हिसाब और समस्या के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। लेकिन सभी को बकाया जमा करना ही होगा। बता दे इससे पहले ग्रुप हाउसिंग में अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद बिल्डरों से बकाया जमा कराया जा रहा है। सिफारिश के तहत 35 बिल्डरों ने सहमति दी है। जिन्होंने 112 करोड़ रुपए प्राधिकरण में जमा कराए है। इससे बायर्स की रजिस्ट्री हो रही है।

## साफ-सफाई के निरीक्षण के लिए जीएम और डीजीएम सड़कों पर उतरे, दिए निर्देश

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। साफ-सफाई को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने रोस्टर जारी किया था। इसी अनुसार गुरुवार को प्राधिकरण के महाप्रबंधक (जल) आरपी सिंह, उप महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा) प्रथम एवं द्वितीय, वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल-4), वरिष्ठ प्रबंधक (वर्क सर्किल-6), वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल-10) एवं जन स्वास्थ्य, सिविल, उद्यान एवं जल विभाग की टीमों के साथ नोएडा के सेक्टर और गांवों का निरीक्षण किया।

सबसे पहले टीम ने ग्राम सोरखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सोरखा में आईजीएल द्वारा डाली गई गैस पाईप लाइन के बाद क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। जन स्वास्थ्य विभाग एवं एनजीओ की टीम को नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में चलाये जा रहे डेयरी फार्म संचालकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने एवं गांव में पानी की नियमित निकासी हेतु सम्बन्धित वर्क सर्किल को निर्देशित किया गया। इसके बाद अट्टा एवं सेक्टर-27 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नालियों की नियमित सफाई कराने तथा नालियों की सफाई उपरांत निकले सिल्ट को तत्काल उठवाने के निर्देश दिये गये। नालियों में लगे लोहे के जाल टूटे हुए पाये गए जिसको बदलने, जगह-जगह नालियां ओपन थी। जिसे ढकने के निर्देश दिए गए। ग्राम अट्टा में सीवर लाइन डालने के बाद निकली हुई मिट्टी को समतल नहीं किया गया है। चोटपुर एवं बहलोलपुर में नालियों की नियमित सफाई कराने, नालियों की सफाई उपरांत निकले सिल्ट को तत्काल उठवाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद सेक्टर-73,74 का निरीक्षण किया गया।

जगह-जगह फुटपाथ पर लगे टाइल्स क्षतिग्रस्त पाये गए जिसे जल्द से जल्द मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया। सेक्टर-73 स्थित महादेव अपार्टमेन्ट के समीप नाले को ढकने, ग्राम हाजीपुर एवं सेक्टर 82 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग एवं आंतरिक मार्गों पर जगह-जगह पत्तों के ढेर एवं घास उगे पाये गए जिसकी सफाई कराने हेतु तथा नालियों की नियमित सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## रविवार से शुरू होगी एलिवेटेड रोड की रिसर्फेसिंग

■ 90 दिन में पूरा करना है काम
■ सर्फेसिंग के दौरान यातायात रहेगा डायवर्ट

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में बने सबसे बड़े और पहली एलिवेटेड रोड की रिसर्फेसिंग का काम रविवार से शुरू होने जा रहा है। ये काम 90 दिनों में पूरा किया जाएगा। 45 दिन में एक तरफ की रिसर्फेसिंग की जाएगी और 45 दिन में दूसरी तरफ का काम पूरा होगा। यहां सड़क कर लेयर को उतारकर मलबे में बिटुमिन मिलाकर अधिक तापमान करके दोबारा से बिछाया जाएगा। इस तकनीकी को हॉट एंड मिक्स नाम दिया गया है। इससे सड़क की लाइफ बढ़ेगी साथ ही मजबूती भी आएगी। इस काम में 13 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

रिसर्फेसिंग का काम दिन और रात दोनों समय किया जाएगा। ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत हो चुकी है। सर्फेसिंग के दौरान यातायात को डायवर्ट किया जाएगा। जिस साइड सर्फेसिंग होगी वहां एलिवेटेड के नीचे से यातायात को निकाला जाएगा। बता दे रोड की हालत बेकार हो चुकी है। वर्तमान में इस रोड पर कई जगह उखड़ चुकी है। कई जगह एक्सपेंशन ज्वाइंट की स्थित भी खराब है। एलिवेटेड प्रोजेक्ट की बात करें तो विश्वभारती पब्लिक स्कूल से शॉप्रिक्स मॉल सेक्टर-61 तक यह 4.8 किलोमीटर की दूरी में बना है। करीब 480 करोड़ रुपए का भुगतान प्राधिकरण से हुआ है। निर्माण 15 अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ था, लेकिन 14 अक्टूबर 2017 डेडलाइन थी। साल 2017-18 में यह एलिवेटेड रोड ट्रैफिक के लिए खोला गया। साल 2020 में एलिवेटेड रोड के ज्वाइंट एक्सपेंशन में दरार आने पर सेक्टर 31-25 चौराहे के पास से चढ़ने वाले लूप को कई महीने तक बंद रखा गया था। बीते 2 साल में इस सड़क की हालत और खराब हो गई। ऐसे में प्राधिकरण इसकी रिसर्फेसिंग कराने जा रहा है।

## सार संक्षेप

### ड्युटी पर गए दंपति घर से नकदी व जेवरात चोरी

**नोएडा।** सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले पति-पत्नी अपनी ड्यूटी पर चले गए शाम के समय जब वह घर वापस पहुंचे तो उनके होश उड़ गए चोर उनके घर से लाखों रुपए के जब रात में नकदी को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाना सेक्टर 113 में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है आर्य विहार सर्फाबाद में रहने वाले संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि वह गुरुग्राम और उसकी पत्नी गाजियाबाद में नौकरी करते हैं दो अप्रैल को वह अपनी ड्यूटी पर चले गए थे शाम के समय जब वह घर लौटे तो उन्हें ताला टूटा हुआ मिला चोर घर से लाखों रुपए के जेवरात नगदी व अन्य कीमती सामान को चोरी कर ले गए थे। थाना परिवार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

### बेटी की गिरफ्तारी का डर दिखाकर पिता से मांगे पैसे

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने छात्रा की गिरफ्तारी का भय दिखाकर एक पिता से रुपए मांगे। संदेह होने पर पीड़ित ने अपनी बेटी से बात की तो उनको सच्चाई का पता चल गया। उन्होंने इसको लेकर साइबर सेल में शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी कृष्ण कुमार यादव ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार सुबह उनके मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना नाम पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण बताया। उसने कहा कि उनकी बेटी सेक्टर-125 स्थित यूनिवर्सिटी में पढ़ रही है, जो उसकी गिरफ्त में है। वह किसी आपराधिक कार्य में लिप्त पाई गई है। यदि उनको अपनी बेटी सुरक्षित चाहिए हैं तो आकर संपर्क करें। तुम्हारी बेटी ने 40 लाख रुपये का जीएसटी फ्रॉड किया है। तुरंत रुपए दो नहीं तो बेटी से हाथ धो बैठोगे। आरोपी ने उनकी बात लड़की से कराई गई। आवाज सुनकर उन्हें शक हो गया। उन्होंने तुरंत फोन काटकर अपनी बेटी को फोन किया। उनकी बेटी यूनिवर्सिटी में बिल्कुल ठीक ठाक थी। इसके बाद उनको ठग के बारे में जानकारी हो गई।

### वीडियो कॉल के स्क्रीन शॉट लेकर युवक कर रहा ब्लैकमेल

**नोएडा।** थाना सेक्टर 126 में एक महिला ने अपने परिचित के खिलाफ छेड़छाड़ मारपीट में जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसकी वीडियो कॉल के स्क्रीनशॉट ले रखे हैं और वह उसे ब्लैकमेल कर रहा है। मूल रूप से जनपद मैनपुरी निवासी महिला अपने पति के साथ असगरपुर गांव में किराए पर रह रही है। पीड़िता ने बताया कि उसके गांव का ही अतुल पुत्र प्रमोद दिल्ली के सरिता विहार में रह रहा है। अतुल उसे अक्सर फोन पर बात करता था और उसके घर आता जाता रहता था। अतुल अक्सर उसके पति की गैर मौजूदगी में उसके घर आता था और छेड़छाड़ करता था पीड़िता का कहना है कि अतुल ने वीडियो कॉल कर उसके स्क्रीनशॉट ले लिए और उसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। उसके ब्लैकमेलिंग से तंग आकर उसने किराए का मकान बदल दिया। कुछ दिनों पहले अतुल नोएडा पहुंचा और स्क्रीनशॉट को डिलीट करने के बहाने उसे जबरदस्ती अपनी गाड़ी में बिठाने लगा उसने जब इस बात का विरोध किया। आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के बाद अतुल अंजाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गया।

## प्राधिकरण ने आवंटन पत्र के लिए आयोग से मांगी अनुमति

■ 376 आवासी भूखंड में 320 को मिलना है आवंटन पत्र
■ बोली लगने के अंतिम दिन लगी थी आचार संहिता

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की आवासीय भूखंड योजना के सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी करने के लिए चुनाव आयोग से मंजूरी मांगी गई है। इसके लिए प्राधिकरण ने प्रमुख सचिव औद्योगिक को पत्र भेज दिया है। वहां से आज तक पत्र चुनाव आयोग को भेज दिया जाएगा। प्राधिकरण ने इस साल जनवरी में 376 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इनका आवंटन ई-बोली के जरिए किया गया। बोली के अंतिम दिन ही लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग गई और सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी नहीं किए गए। प्राधिकरण के आवासीय भूखंड विभाग ने विधि विभाग से राय ली। राय लेने पर तय हुआ कि इसकी मंजूरी चुनाव आयोग से लेनी होगी। अगर अनुमति मिल जाती है तो 320 सफल आवंटियों को आवंटन पत्र मिलेगा। नोएडा प्राधिकरण के इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम ने शासन को पत्र लिखकर आयोग से अनुमति मांगी है। बता दें कि पिछले दिनों नोएडा प्राधिकरण ने 376 आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इसके लिए आवेदन करने वालों ने 16 मार्च तक आनलाइन बोली लगाई, लेकिन उसी दिन निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई। इसलिए पात्र 360 आवंटियों को प्राधिकरण आवासीय भूखंड विभाग आवंटन पत्र जारी नहीं कर सका। इन 360 आवंटियों में 40 आवंटी ऐसे हैं, जिन्होंने अप्रत्याशित बोली लगाई है। जिनकी ईएमडी जब्त होनी है।

आवासीय भूखंड योजना में 11 आवंटी ऐसे हैं, जिन्होंने योजना का लाभ लेकर आवेदन तो किया, लेकिन वह सिंगल बिडर ही रहे। इसलिए प्राधिकरण को दोबारा योजना को सात-सात दिन के आगे भी बढ़ाना पड़ा, इसके बावजूद 11 आवंटियों ने आनलाइन बोली में हिस्सा नहीं लिया। एक आवंटी उच्च न्यायालय की शरण में है चला गया।

## प्राधिकरण ने 25 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नोएडा में अवैध निर्माण किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही प्राधिकरण ने मुआयना किया इसके बाद गुरुवार दोपहर को जेसीबी के जरिए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस दौरान करीब 10 हजार वर्गमी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इस जमीन की कीमत करीब 25 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। जमीन पर कालोनाइजर द्वारा अवैध रूप ये प्लाटिंग कराई जा रही थी। इसके अलावा अवैध निर्माण और कमरे तक बने हुए थे। जिनको जेसीबी के जरिए ध्वस्त किया गया।

प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी और डीजीएम सिविल ने बुधवार को सेक्टर-164 और 163 का निरीक्षण किया था। इस दौरान मोहियापुर स्थित खसरा नंबर 51 और 203 पर अवैध निर्माण देखा गया। नियोजन विभाग से जमीन को चेक कराया गया । ये जमीन मास्टर प्लान-2031 के अनुसार नियोजित थी। ऐसे में एसीईओ ने इस अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए। जिसके बाद गुरुवार को प्राधिकरण और स्थानीय थाने की पुलिस के साथ करीब 50 कर्मचारी और जेसीबी की मदद से यहां बने अवैध कमरो को ध्वस्त किया। इसके बाद दोनों प्लाट पर की जा रही चारदिवारी को हटाया गया। साथ प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में लोग शांत रहे। प्राधिकरण एसीईओ संजय खत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्काल ध्वस्त किया जाएगा। शहरवासियों से अपील है कि इस तरह बिना प्राधिकरण से चेक कराए और लुभावने विज्ञापन के चक्कर में फंसकर अपनी जीवन भर की कमाई मत गवाएं। जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया था उनके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज की जा रही है।



■ दो खसरा के 10 हजार वर्गमी जमीन पर बने थे कमरे और बाउंड्री
■ मास्टर प्लान में है नियोजित

### सेक्टर-40-41 में फ्लैट के बाहर अवैध निर्माण हटाया

वहीं वर्क सर्किल-3 में सेक्टर-40 और 41 की बाजार के आस-पास प्राधिकरण के फ्लैटों के बाहर अवैध निर्माण कर लिया गया था। ये निर्माण फ्लैट आवंटियों ने ही किया था। इनको नोटिस जारी किया गया था। लेकिन इन्होंने अवैध निर्माण नहीं हटाया। प्राधिकरण की टीम ने यहां करीब आधा दर्जन फ्लैटों के बाहर बने छज्जे, कमरे और अन्य निर्माण को ध्वस्त किया साथ ही चेतावनी भी दी।

## अमेजन की पैकिंग मे पैक करके गांजा सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। क्राईम ब्रान्च पुलिस ने गुरुवार को नाजायज गांजा की तस्करी/बिक्री करने वाले एक अन्तरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में पांच लाख कीमत है।




■ कॉर्पोरेट ऑफिसों, कॉलेजों व फैक्ट्रियों के आस-पास फुटकर में बेचता था गांजा

एडीसीपी सच्चिदानन्द ने बताया कि क्राईम ब्रान्च पुलिस ने गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र मे नाजायज गांजा की तस्करी व बिक्री करने वाले 01 अन्तरराज्यीय तस्कर शिवम मिश्रा को थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ पर शिवम मिश्रा ने बताया कि उसने बीबीए किया हुआ है वह पहले मेक माई ट्रिप कम्पनी में नौकरी करता था लेकिन कोरोना काल मे उसकी नौकरी छूट गई थी। जिसके कारण घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया था। उसके बाद वह दिल्ली निवासी गांजा तस्कर बोस्को के सम्पर्क मे आया बोस्को ने उसे बताया कि गांजा की तस्करी व बिक्री में कई गुना मुनाफा होता है। शिवम मिश्रा शुरू में बोस्को से गांजा लेकर दिल्ली बॉर्डर व गाजियाबाद में गांजे के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर बेचने लगा फिर वह दिल्ली के 2-3 अन्य गांजा तस्करों के सम्पर्क में आकर उनसे भी माल लेने लगा। वह गांजे के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर अमेजन की पैकिंग में पैक करके मोटर साईकिल से गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र मे कॉर्पोरेट ऑफिसों, कॉलेजों व फैक्ट्रियों के आस-पास फुटकर में बेचता था।

लगभग 10 ग्राम की गांजे की पुडिया 800 से 1000 रुपए में बेचता है। अमेजन की पैकिंग इस लिए करता है जिससे उसे डिलीवरी बॉय समझा जाए और वह लोगो की नजर में न आये। गांजा तस्करी व बिक्री में उसे काफी मुनाफा होता है जिससे वह अपने व अपने घर के खर्चे व शौक पूरे करता है।

## पति को पिटता देख पत्नी ने युवक को चप्पल से पीटा

■ मारपीट का वीडियो हुआ वायरल
■ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में बुधवार शाम कार पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक दंपति के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। इस दौरान पति को बचाने के लिए महिला ने आरोपी युवक को चप्पलों से जमकर पीटा। हंगामा होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की है। इस घटना का वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसीपी प्रवीण कुमार ने बताया कि कार खड़ी करने को लेकर दंपति से मारपीट की घटना हुई थी। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

हरियाणा के पानीपत की रहने वाले अमित बजाज बुधवार शाम पत्नी निवेदिता बजाज के साथ सेक्टर 18 की सावित्री मार्केट पहुंचे थे। इस दौरान कार पार्किंग को लेकर उनका पार्किंगकर्मी से विवाद हो गया। आरोप है कि दंपति ने बाजार में सड़क किनारे कार खड़ी की थी। इसी दौरान मार्केट में काम करने वाले अरुण चौधरी ने कार पार्क करने का विरोध किया । इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

आरोप है कि अरुण चौधरी ने अमित बजाज को पीटना शुरू कर दिया। पति को पिटता देख पहुंची महिला ने विरोध किया और आरोपी को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। मारपीट देख लोग एकत्र हो गए। वहीं खड़े लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पर वायरल कर दिया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने दंपती को मेडिकल के लिए भेजा। मामले में आरोपी अरुण चौधरी के खिलाफ शांति भंग की धारा के तहत कार्रवाई की गई है।

## 10 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

जेवर, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कोतवाली पुलिस ने बुधवार की देर रात वाहन जांच के दौरान झुप्पा बॉर्डर पर सेंट्रो कार से 10 पेटी अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार देर रात कोतवाली पुलिस हरियाणा के झुप्पा बार्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश पर वाहनों की चौकिंग कर रही थी। उसी दौरान हरियाणा की ओर से आ रही सफेद रंग की सेंट्रो कार को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी में पुलिस ने कार की पिछली सीट पर प्लास्टिक के बोरे में 500 पब्बे अवैध देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद हुई। पुलिस पूंछताछ में आरोपित की पहचान शमशमनगर के अतेश के रूप में हुई है।

## बढ़ती गर्मी में काम आ रहे हैं निगम के वाटर एटीएम

**गाजियाबाद,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति की व्यवस्थाओं को और अधिक दुरुस्त किया जा रहा है। नलकूपों तथा हैंडपंप के साथ-साथ वाटर एटीएम के माध्यम से भी जलापूर्ति शहरवासियों को की जा रही है। लगातार मॉनिटरिंग का कार्य भी जलकल विभाग की टीम कर रही है बढ़ती गर्मी में पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ हा गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है।




नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पेयजल की व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए अस्थाई रूप से आवश्यकता अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ लगाने के लिए भी महाप्रबंधक जल को निर्देश दिए हैं। साथ ही वाटर एटीएम पर नजर बनाए रखने के लिए भी कहा गया है किसी प्रकार की पेयजल को लेकर परेशानी न हो प्राथमिकता पर ध्यान देने के लिए निर्देश दिए हैं, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगभग 32 वाटर एटीएम पेयजल व्यवस्था हेतु कार्य कर रहे हैं, शहर के पांचो जोन में वाटर एटीएम लगे हुए हैं। महाप्रबंधक जल के पी आनंद ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार सभी वाटर एटीएम पर नियमित रूप से जलापूर्ति होती रहे

**राहगीरियों के लिए पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यकता अनुसार अस्थाई रूप से लगाए प्याऊ : नगर आयुक्त**

मॉनिटरिंग की जा रही है सभी वाटर एटीएम चालू है आवश्यकता अनुसार प्याऊ लगाने के लिए भी कार्य किया जाएगा सभी नलकूप तथा हैंडपंप की मरम्मत का कार्य भी आवश्यकता अनुसार कराया जा रहा है बढ़ती गर्मी में राहगिरियों के लिए वाटर एटीएम सुविधाजनक साबित हो रहे हैं गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा संबंधित टीम को वाटर एटीएम पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए कहा गया है।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पीएम रोड शो की तैयारी का लिया जायजा

**गाजियाबाद,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। छह अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर पर होने वाले पीएम शो रोड शो की सभी संगठनात्मक तैयारी का जायजा लेने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया एवं प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने प्रमुख पदाधिकारीयो के साथ बैठक ली। पीएम रोड शो वाले रूट से जुड़ी सभी तैयारियों का बारीकी से आंकलन करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि पीएम मोदी का रोड शो उत्तर प्रदेश का पहला रोड शो है। इसको ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी अपनी अपनी जिमेदारी का पूर्ण जोश एवं ईमानदारी से निर्वहन करें। बड़े सौभाग्य की बात है कि देश के प्रधानमंत्री 2024 की अपनी तीसरी पारी संभालने के लिए अथवा गजियाबाद के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में विकसित भारत का संकल्प दोहराने गाजियाबाद के नागरिकों के बीच उपस्थित रहेंगे। प्रभारी मानवेंद्र ने कहा कि गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारी में नम्बर वन रहने की पहचान लखनऊ तक है। इसी वजह से यह कार्यक्रम यहां के कार्यकर्ताओं को शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मिला है। पीएम रोड शो कार्यक्रम की पूर्ण देखकर रहे पूर्व महापौर आशु वर्मा ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के समक्ष अपनी तैयारी का पूरा खाका रखते हुए कहा कि गाजियाबाद की आम जनता और कार्यकर्ताओं में देश के प्रधानमंत्री के प्रति विशेष सम्मान है जिसके चलते हर आदमी पीएम मोदी से रूबरू होना चाहता है बैठक के दौरान क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने अलग-अलग जिम्मेदारी में लगे सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी के आवंटन की पुष्टि के साथ पीएम रोड शो को 30 ब्लाकों में विभाजित कर अधिक प्रभावी बनाने की बात कही। बैठक के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, महानगर जिला प्रभारी मानवेंद्र सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, पूर्व महापौर आशु वर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी विजय शुक्ला, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व अध्यक्ष अरविंद भारतीय, पूर्व निगम उपाध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम संदीप त्यागी, मंत्री दिवाकर सिंघल, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, कामेश्वर त्यागी, शहर मंडल अध्यक्ष महीम गुप्ता, राजनगर मंडल से मनोज गिरी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।



**उवाच**

गुरुवार को छेदी सिंह इंटर कॉलेज आकलपुर म्याना एवं राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज बिलासपुर में पीटीएम आयोजित कराते हुए सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण कराई और उनको लोकतंत्र के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक**



# नोएडा एयरपोर्ट 30 अप्रैल तक यमुना एक्सप्रेस वे से जुड़ जाएगा

- 7.5 किमी लंबी रोड का निर्माण इस माह हो जाएगा पूरा
- इंटरचेंज के निर्माण कार्यों में लाई गई तेजी
- एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी का चल रहा है काम
- आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित है हवाई जहाजों की उड़ान

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए बनाई जा रही 7.5 किमी लंबी सड़क का निर्माण 30 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। वहीं इंटरचेंज के निर्माण में भी तेजी ला दी गई है। हवाई जहाजों की उड़ान शुरू होने से पहले इंटरचेंज का निर्माण पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा




गया है, ताकि एयरपोर्ट पहुंचने में यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। बिना इधर-उधर भटके सीधे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। इसके साथ ही एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल को जोड़ने के लिए बनने वाली सड़क की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। दरअसल नोएडा एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए यमुना एक्सप्रेस वे पर जीरो प्वाइंट से 32 किमी पर इंटरचेंज और 750 मीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी एनएचएआई के पास है। सड़क का निर्माण पूरा होने वाला है। आगामी सितम्बर माह में एयरपोर्ट से हवाई जहाजों की उड़ान प्रस्तावित है। इसको देखते हुए कनेक्टिविटी का काम तेज कर दिया गया है।

निर्माण एजेंसी को उड़ान से पहले इंटरचेंज का कार्य हर हाल में पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए कई अन्य विकल्पों पर भी काम चल रहा है। यमुना एक्सप्रेस वे पर 32 किमी पर इंटरचेंज बन जाने से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा व आगरा की तरफ से आने वाले यात्री बिना किसी रूकावट के सीधे एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। वहीं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से नोएडा एयरपोर्ट तक बन रही सड़क इंटरचेंज के जरिए यमुना एक्सप्रेस वे से कनेक्ट होगी। बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में यह सड़क भी मील का पत्थर साबित होगी।

### सर्विस रोड का काम भी हो जाएगा पूरा

यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से जेवर तक बनने वाली सर्विस रोड का निर्माण भी अधर में लटका हुआ है। किसानों के कोर्ट चले जाने व कई जगह अवैध निर्माण की वजह से सर्विस रोड का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। किसानों की समस्या का निस्तारण व अवैध निर्माण को ध्वस्त कर अधूरी सड़क के पूरा होने का रास्ता साफ हो गया है। सर्विस रोड का निर्माण पूरा होने से एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा।

## कार्गो टर्मिनल के लिए बनने वाली सड़क से प्रभावित हो रहे चार गांवों के 219 परिवार

- एसआईए रिपोर्ट पर लोक सुनवाई के लिए निर्धारित की गई तिथि
- 18 व 19 अप्रैल को होगी लोक सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल तक माल वाहक वाहनों से ढुलाई के लिए उत्तर पूर्वी दिशा में सड़क बननी है। यमुना एक्सप्रेस वे से कार्गो टर्मिनल तक बनने वाली इस सड़क की कुल लंबाई 10 किमी होगी। इसके लिए चार गांवों रोही, पारोही, रन्हेरा और दस्तमपुर की कुल 7.4880 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इसका सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन कराया गया।

नामित एजेंसी गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा एसआईए की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जा चुकी है। इस परियोजना से चार गांवों के लगभग 219 परिवार प्रभावित हो रहे हैं। प्रभावित लोगों के बात सुनने के लिए लोक सुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इसकी तिथि निर्धारित कर दी गई है।

एडीएम एलए बच्चू सिंह ने बताया कि एसआईए रिपोर्ट पर जनसुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी गई है। रोही व पारोही की सुनवाई 18 अप्रैल, रन्हेरा की 19 अप्रैल और दस्तमपुर की सुनवाई 19 अप्रैल को होगी। इसके अलावा 30 मीटर चौड़ी सड़क के समानांतर यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 45 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होगा। यह सड़क प्राधिकरण के औद्योगिक सेक्टरों को कनेक्टिविटी के साथ कार्गो टर्मिनल से भी जुड़ेगी।

**किस गांव की कितनी जमीन की जा रही अधिग्रहित**

रोही - 1.6566 हेक्टेयर
पारोही - 0.6758 हेक्टेयर
रन्हेरा - 3.6804 हेक्टेयर
दस्तमपुर - 1.4772 हेक्टेयर

## सेक्टर जू-3 में एक बच्ची को कुत्तों ने काटकर किया जखमी



- गली के कुत्तों के आतंक से बच्चों के घर से निकलना हो गया है मुश्किल
- प्राधिकरण से शिकायतकर आवारा कुत्तों को पकड़ने की लगायी गुहार

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। कुत्तों के काटने के मामले आए दिन आते रहते हैं, प्राधिकरण की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाने की वजह से बच्चों के घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जिसको लेकर सेक्टर जू-3 के आरडब्ल्यूए ने प्राधिकरण के मुख्यकार्यपालक अधिकारी से शिकायत की है। गुरुवार को सेक्टर जू 3 के पार्क 3 सी ब्लॉक में रहने वाली बच्ची को तीन से चार कुत्तों ने बड़ी ही बुरी तरह से शरीर पर कई जगह काट लिया है, जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है और जिसका उपचार कराया जा रहा है। कुत्तों की बढ़ती संख्या गंभीर रूप लेती जा रही है जिससे आसपास दहशत का माहौल है। जिसके सम्बंध में सेक्टर आरडब्ल्यूए ने पूर्व में भी प्राधिकरण में शिकायत की गई थी। जिसपर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। कुत्तों को पकड़कर ले जाना अति आवश्यक है जिससे कि सी ब्लॉक सेक्टर जू 3 निवासी बिना भय के रह सकें और जानमाल की हानि होने से बच सकें।

## स्कूलों में पीटीएम बैठक में अभिभावकों व शिक्षकों को दिलाई मतदान की शपथ

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी, नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह के नेतृत्व में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि गुरुवार को छेदी सिंह इंटर कॉलेज आकलपुर म्याना एवं राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज बिलासपुर में पीटीएम आयोजित कराते हुए सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण कराई और उनको लोकतंत्र के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि वह मतदान के दिन अपने मताधिकार का बढ़-चढ़कर प्रयोग कर सकें। साथ ही बच्चों को भी शपथ दिलाई कि वह भी अपने-अपने अभिभावकों एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करें।



## व्यय का लेखा जोखा नहीं देने वाले प्रत्याशियों पर होगी कार्रवाई

- जनसभा व जूलूस के साथ वाहनों पर लगेगी रोक
- सभी प्रत्याशियों को 12,18 व 24 अप्रैल को देना होगा व्यय का व्योरा

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर नोडल अधिकारी (व्यय अनुवीक्षण) शिखा गुप्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह के अनुपालन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लड़ने वाले अभ्यर्थियों का व्यय लेखा, व्यय प्रेक्षक के निर्देशन में प्रथम 12 अप्रैल, द्वितीय 18 अप्रैल एवं तृतीय 24 अप्रैल चरणों के अनुसार पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त अभ्यर्थी जो लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के निर्वाचन प्रत्याशी है उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता निर्धारित तिथि/समय पर जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करें। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु दैनिक व्यय लेखा पंजिका, नगद पंजिका, बैंक पंजिका, वाउचर, बैंक स्टेटमेन्ट की छाया प्रतियां तीन सेट में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि को एक दिन पूर्व का लेखा प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके जनसभा/जुलूस तथा वाहन की परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने सम्बन्धी कार्रवाई की जा सकती है।

## बच्चों के स्वास्थ्य की हुई जांच, दी गई स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी



**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा हॉस्पिटल के मेडिकल कॉलेज, स्कूल ऑफमेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के समुदायक चिकित्सा विभाग ने प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी विद्यालय, गांव-कुल्लीपुरा में छात्रों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डीन (संकाय प्रमुख), डॉ. निरुपमा गुप्ता, सहायक डीन डॉ. पूजा रस्तोगी, डॉ. राममूर्ति शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, शारदा हॉस्पिटल, आयोजन सचिव डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, प्रोफेसर-प्रमुख सामुदायिक चिकित्सा विभाग, डॉ. हर्ष महाजन, प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन, और डॉ. अमित सिंह पवैया, प्रोफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया। स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों को सामान्य परीक्षण, दंत, नेत्र और कान परीक्षण प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. साक्षी प्रसाद ने स्वास्थ्य चर्चा नामक एक स्वास्थ्य शिक्षा सत्र का संचालन किया गया। इसके अलावा, शारदा विश्वविद्यालय के एसएमएस एंड आर के एमबीबीएस इंटर्न्स द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर में छात्रों के मौलिक सामाजिक-जनसांख्यिकीय डेटा को इकट्ठा करना, प्रचलित बीमारियों की जांच करना और शैक्षणिक संस्थानों में आयु-उपयुक्त स्वास्थ्य और पोषण पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## बच्चों के स्वागत में कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में बच्चों के लिए स्वागत दिवस का आयोजन किया गया, ताकि छात्रों को स्कूली वातावरण से परिचित किया जा सके। इस आयोजन में बच्चों के मनोरंजन के लिए कई कार्यक्रम हुए थे, जिसमें मैजिक शो, बॉउन्सी, विभिन्न खेल और फिल्म। बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया। बच्चों के लिए ईस्टर डे भी मनाया गया, जिसमें बच्चों को ईस्टर पर फिल्म दिखाई गई और ईस्टर हम क्यों मानते है बताया गया। यह आयोजन एक मजबूत आधार रखता है। हर एक बच्चे को उनकी पूरी क्षमता तक विकसित करने और सार्वजनिक रूप से उन्हें समर्थ और समर्थन देने के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डॉ. रेणु सहगल ने इस उत्सव में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया।



## लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस बल ने किया पैदल मार्च



**दनकौर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे में पुलिस और बीएसएफ की टीम ने गुरुवार को पैदल गश्त किया। इस दौरान कस्बे के दीनदयाल चौराहा, धनौरी रोड, टिन का बाजार, सब्जी मंडी, लंबा बाजार और लम्बा गलियारा समेत मुख्य बाजारों से पुलिस टीम होकर गुजरी। इसके बाद बिलासपुर कस्बा और मंडी श्यामनगर में भी गश्त किया गया। यह गश्त आगामी लोक सभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर किया गया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि आगामी चुनावों और त्याहारों को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। उन्होंने लोगों से कहा कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध वस्तु अथवा व्यक्ति होने की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग ना करे अन्यथा की स्थिति में कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कस्बा चौकी प्रभारी आशीष यादव, हरिंदर सिंह, दिगपाल चाहार, मिथलेश, सुनील कुमार, मनीष तंवर आदि पुलिसकर्मी व बीएसएफ के जवान उपस्थित रहे।

## प्रतिभावान युवाओं को निखारने के लिए आईडीई बूट कैंप का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय में स्कूल शिक्षकों के लिए नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता (आईडीई) बूटकैंप का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अमिताभ नाग के साथ विवि के कुलपति डॉ. के मल्लिकार्जुन बाबू, पूर्व वाइस चांसलर एवं वर्तमान चॉसलर सलाहकार डॉ. रेनु लूथरा और प्रो. वाइस चॉसलर डा. अवधेश कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। दो दिवसीय (आईडीई) बूटकैम्प शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल के निर्देश पर किया गया। जो कि शैक्षिक शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल, एआईसीटीई, और एनसीईआरटी के साथ एक शैक्षिक सहयोग कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के प्रतिभावान युवाओं की प्रतिभा को ऊकेरना और उनको उनकी मंजिल तक पहुंचाना है। मुख्य अतिथि अमिताभ नाग ने सम्बोधन में कहा कि आज भविष्य में हम एक ऐसी प्रणाली की कल्पना कर रहे हैं जिससे हम बहुभाषी क्षमता में आपसे बात करने की स्थिति में होंगे। कई प्रणालियों का प्रदर्शन किया जा चुका है और बहुत सी चीजें उपलब्ध हैं। जैसा कि आप जानते हैं, हमने कार्यान्वित किया है कि हम क्या करने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि कंप्यूटर बोलने और भाषण उत्पन्न करने में सक्षम है और भाषण को समझने और अनुवाद करने में भी सक्षम है। गलगोटियास विवि के वॉइस चॉसलर डा. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने नैतिकता के महत्व को बताते हुए कहा कि नैतिक रूप से और कानूनी रूप से हमारी बहुत जिम्मेदारी है और हमें उस चीज का हमेशा पालन करना चाहिए। और यहां छात्र होने के नाते, आप विभिन्न पाठ्यक्रम और डिग्रियां हासिल कर रहे हैं। आपकी शिक्षा में भी, आपकी पढ़ाई में भी, एक नैतिकता होनी चाहिए, क्योंकि नैतिकता के लिए नेतृत्व की आवश्यकता होती है। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटियास ने देश की युवा शक्ति से आवाह्न करते हुए कहा कि आपके पास अपने जीवन में किसी भी विषय पर नयी से नयी खोज करने की अपार क्षमताएं हैं। आप उनका सदुपयोग करके भारत को दुनिया का एक सबसे शक्तिशाली और गौरव शाली राष्ट्र बनाएं।




## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की तरफ से होली मिलन समारोह आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का अयोजन ग्रेटर नोएडा के यू टर्न होटल में हुआ। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा क्षत्रिय को एक मंच पर एकत्रित करने के उद्देश्य से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जिसमें एनसीआर के कई दिग्गजों ने की सहभागिता। मंच संचालन संघ के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता व क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश चौहान ने की। सभागार में आए हुए सभी क्षत्रिय जन प्रतिनिधि का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया तथा फूलों की वर्षा के साथ आपस में होली खेली। इस कार्यक्रम में दादरी के विधायक तेजपाल नागर का भी भव्य स्वागत किया गया, तेजपाल नागर ने अपने संबोधन में क्षत्रिय समाज के लिए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि क्षत्रिय समाज हमेशा से राजनीति के बजाय राष्ट्रनीति को सर्वोपरि सम्मान दिया है और देश के स्वाभिमान की रक्षा के लिए क्षत्रिय समाज हमेशा से ही अग्रिणी भूमिका में रहा है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा समिति के पदाधिकारियों द्वारा भी अपने अपने सम्बोधन में राष्ट्रवाद के लिए अपने अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने की अपील



की साथ में क्षत्रिय समाज के सहयोग और उत्थान के लिए कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग की आवश्यकता को प्राथमिकता देने का आह्वान भी किया। इस अयोजन में फौज से रिटायर्ड कई पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहभागिता रही। सभी ने युवाओं लड़के व लड़कियों के लिए रोजगार सृजन, ट्रेनिंग, बिजनेस के के तैयारी आदि के संसाधनों पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलिट्री विंग चमन सिंह शिशोदिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समरपाल सिंह चौहान, राष्ट्रीय महासचिव रंजीत सिंह, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र सिंह शिशोदिया, प्रदेश सचिव पवन कुमार सिंह, सोसलिस्ट मनोज सिंह, प्रदेश मीडिया प्रमुख अरविन्द चौहान,जिला अध्यक्ष अनिल सिंह, ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष शरद सिंह, नोएडा अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह, सूर्यकांत सिंह, प्रमोद चौहान, अमरजीत सिंह, प्रदीप सिंह समेत काफी संख्या में समाज जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थिति रहे।

## जीबीयू में ओरिगामी कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के वास्तुकला और क्षेत्रीय नियोजन विभाग की तरफ से दो दिवसीय ओरिगामी कार्यशाला का आयोजन प्रारम्भ किया गया, जो कि ओरिगामी और वास्तुकला के जटिल संबंधों को प्रस्थापित करेगा। इस कार्यक्रम में सृजनात्मकता और संरचनात्मक डिजाइन का एक मिश्रण प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यशाला के प्रमुख विशेषज्ञ आर्किटेक्ट बॉबी विजयक्कर, कागज की ढलाई और वास्तुकला क्षेत्र के विशेषज्ञ है।

दोनों क्षेत्रों में वर्षों के अनुभव और उत्साह के साथ, विजयक्कर का नेतृत्व भागीदारों के संचित रचनात्मक संभावनाओं को खोलने के लिए होगा, और ओरिगामी और वास्तुकला के बीच संबंध को जांचेगा। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के वाइस



- वास्तुकला की जटिलता से होंगे रुबरू

चांसलर प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा, और डॉ. विश्वास त्रिपाठी, रजिस्ट्रार, डॉ. कीर्ति पाल, इंजीनियरिंग स्कूल की डीन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय की अंतरविषयीय शिक्षा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। कार्यशाला के संचालक डॉ. निर्मिता मेहरोत्रा और आनंत प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों के लिए एक सहज शिक्षा अनुभव का प्रारूप सुनिश्चित किया। आईआईए, यूपी अध्याय के सहयोग में अयोजित कार्यशाला में सत्तर से अधिक विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण लिया। कार्यशाला विश्वविद्यालय और उद्योग के बीच एक संवादात्मक प्रयास एवं प्रतिभागियों को वास्तुकला में ओरिगामी के वास्तविक आवेदन की अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। आर्किटेक्ट आलोक वर्मा, शारुख खान, गरिमा रानी, राधिका चौहान, आर्क. शहनवाज राजेश कुमार, अरुण उपाध्याय, डॉ. हरीश ठाकुर, डॉ. मंगल, डॉ. सतपाल शर्मा, डॉ. ओम वीर सिंह मौजूद रहे। प्रतिभागियों को केवल तकनीकी कौशल ही नहीं प्राप्त होगा, बल्कि वे उद्योग के वास्तुकारों के साथ महत्वपूर्ण संबंध भी बनाएंगे, जो भविष्य के सहयोग की नींव रखेगा।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः-0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान, जगनपुर अफजलपुर व औरंगपुर में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 218/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 14.03.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 285 व 473 | श्री पाले पुत्र स्व0 श्री घसीटा नि. ग्राम अट्टा गुजरान परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री आनन्द | 34 | पुत्र |
| जगनपुर अफजलपुर | 663, 664, 665, 666, 667 व 668 | | श्री कपिल | 23 | पुत्र |
| औरंगपुर | 320, 336, 338 व 390 | | श्रीमती विमल | 37 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम दनकौर उप जिलाधिकारी सदर, से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 943/एस.टी.-एस.डी.एम/2022 दिनांक 16.07.2022 में मृतक श्री स्व0 पूरन सिंह पुत्र श्री दिलखुस, निवासी मौहल्ला पीरवाला, परगना दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दनकौर, सदर | 666म | श्री स्व0 पूरन सिंह पुत्र श्री दिलखुस, निवासी मौहल्ला पीरवाला दनकौर तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री धर्मवीर | पुत्र | 60 वर्ष | |
| | | | | श्री निरंजन | पुत्र | 56 वर्ष | |
| | | | | श्री रामकुमार | पुत्र | 49 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती कमला | पुत्री | 65 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मिर्जापुर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 320/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023, दिनांक 29.03.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्रीमती लखमीरी उर्फ लक्खो पत्नी श्री फत्तन निवासी ग्राम चपरगढ़ माजरा मिर्जापुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| मिर्जापुर | 96, 80, 82, 93, 107 | स्व0 श्रीमती लखमीरी उर्फ लक्खो पत्नी श्री फत्तन निवासी ग्राम चपरगढ़ माजरा मिर्जापुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री जयचन्द | पुत्र | 55 वर्ष |
| | | | श्रीमती अजुध्या | पुत्री विवाहित | 52 वर्ष |
| | | | श्रीमती बिजेश | पुत्री विवाहित | 50 वर्ष |
| | | | श्रीमती राजवमी | पुत्री विवाहित | 40 वर्ष |
| | | | श्रीमती सन्तोष देवी | पुत्री विवाहित | 38 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## कांग्रेस का बोझ हल्का हुआ

मुक्केबाज विजेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ और पूर्व पत्रकार एवं राजनेता संजय निरूपम, ये तीन नाम बुधवार से लेकर गुरुवार तक चर्चा में छाए रहे। इस चर्चा के पीछे कारण एक ही है कि तीनों ने कांग्रेस छोड़ दी है। चुनाव के वक्त दल-बदल अब आम बात हो गई है। इसलिए इन तीन लोगों का एक पार्टी को छोड़ना बड़ी बात नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन लोगों ने कांग्रेस को छोड़ते वक्त जो तर्क दिए, वो बेहद कमजोर हैं।

विजेंद्र सिंह भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ मूंछों पर ताव देकर कदमताल करते दिखे थे। वे लगातार राहुल गांधी को समर्थन वाले ट्वीट किया करते थे और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की तीखी आलोचना किया करते थे। 2019 में विजेंद्र सिंह ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्हें दक्षिण दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया था, जहां वे चुनाव हार गए थे। फिर भी कांग्रेस में उन्हें सम्मान के साथ जगह मिली रही। मंगलवार तक भाजपा की खिल्ली उड़ाने वाले ट्वीट विजेंद्र कर रहे थे और कुछ घंटों बाद बुधवार को उन्होंने भाजपा का भगवा गमछा अपने गले में डलवा लिया। इसके बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि मैं सो गया और जब सुबह उठा तो मेरे को लगा कि ग़लत प्लेटफॉर्म पर हूं। भारतीय जनता पार्टी में आइए और यहां से सही दिशा में जाएंगे। उनके इस बयान का अब खूब मजाक भी उड़ रहा है कि सोकर उठने के बाद उन्हें एहसास हुआ कि वे गलत पार्टी में हैं। लेकिन यहां मजाक से परे एक गंभीर सवाल यह है कि चार साल तक जिन्हें भाजपा सरकार की गलतियां नजर आती रहीं, एक रात में ऐसा क्या हुआ कि विजेंद्र सिंह ने पाला बदल लिया। विजेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं और जब महिला पहलवानों ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके लिए इंसाफ की मांग विजेंद्र सिंह ने भी की। लेकिन अब भाजपा में जाने के बाद विजेंद्र सिंह का मानना है कि भारत के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान-सम्मान मोदी सरकार में आने के बाद मिला है। विजेंद्र सिंह सोकर उठते ही भाजपा में नहीं गए, बल्कि उनके विचार भी रातों-रात बदल गए।

वैचारिक बदलाव का ऐसा ही उदाहरण गुरुवार को भी सामने आया, जब अर्थशास्त्र के प्रोफेसर गौरव वल्लभ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पार्टी की सदस्यता छोड़ी और कुछ घंटों में भाजपा के मुख्यालय जाकर भगवा गमछा गले में धारण कर लिया। विजेंद्र सिंह की तरह ही संसद में जाने की नाकाम कोशिश गौरव वल्लभ कर चुके हैं। एक नहीं दो बार दो राज्यों से कांग्रेस ने उन्हें मौके दिए, लेकिन वे सफल नहीं हुए। गौरव वल्लभ की कांग्रेस में रहते हुए एक बड़ी उपलब्धि यही रही कि एक ट्रिलियन में कितने शून्य होते हैं, इस सवाल पर उन्होंने भाजपा को बुरी तरह घेरा था। इस सवाल के कारण गौरव वल्लभ खूब सुर्खियों में आए और इसके बाद चैनलों की कई बहसों में उन्होंने कांग्रेस प्रवक्ता के तौर पर मजबूती से पक्ष रखा। कुछ वक्त पहले कांग्रेस छोड़ने वालों की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा था कि जिन्हें लुटियन्स दिल्ली में बंगला और राज्यसभा की सदस्यता चाहिए वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाते हैं। उन्होंने तब भी राहुल गांधी के लिए कहा था कि श्री मोदी को राहुल गांधी ही चुनौती दे सकते हैं, उनसे सीधे सवाल कर सकते हैं। अब गौरव वल्लभ का कहना है कि उन्हें सनातन के विरोध में नारे लगाने वालों से आपत्ति है और साथ ही जिस तरह वेल्थ क्रिएटर्स यानी देश को समृद्ध करने वालों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वो भी उन्हें सही नहीं लगता। गौरव वल्लभ के दिए इन कारणों को सुनकर साफ समझ आता है कि उन्हें जातिवार जनगणना और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस की सोच से तकलीफ हो रही है। सवर्णों के दबदबे वाली मानसिकता अक्सर ऐसी तकलीफ की शिकायत करती है, क्योंकि उसके मुताबिक देश की पूंजी और अवसरों पर अधिकार जताने की आजादी निचले तबकों को नहीं है।

कांग्रेस में पूर्व सांसद संजय निरूपम को भी तकलीफ हो रही थी और वे लगातार पार्टी के विरोध में बयान दे रहे थे। उन्हें कांग्रेस अध्यक्ष ने छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। मगर गुरुवार को उन्होंने जिस तल्खी के साथ अपनी बातें रखीं, उनसे समझ आता है कि वे भी जल्द ही एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। संजय निरूपम पहले शिवसेना में थे, बाद में कांग्रेस में गए और इस बीच पत्रकारिता करने के साथ-साथ वे बिग बॉस जैसे रियलटी शो का हिस्सा भी बने। 2014 और 2019 में कांग्रेस की टिकट पर उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा और दोनों बार हार गए, लेकिन तीसरी बार वे उत्तर-पश्चिम मुंबई से अपने लिए टिकट चाहते थे, जबकि यहां महाविकास अगाड़ी में शामिल शिवसेना के नेता अमोल कीर्तिकर को टिकट मिली है। अगर संजय निरूपम को टिकट मिल जाती तो शायद उन्हें कांग्रेस के राम मंदिर पर लिए गए स्टैंड या उसकी संरचना और कार्यप्रणाली से तकलीफ नहीं होती। लेकिन अब संजय निरूपम बता रहे हैं कि कांग्रेस में एक नहीं पांच शक्ति केंद्र हैं सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और के सी वेणुगोपाल और इन सभी का नाम लेते हुए बेहद अभद्र टिप्पणियां संजय निरूपम ने की हैं।

दो दिन में तीन लोगों के कांग्रेस छोड़ने को भाजपा समर्थित पत्रकार कांग्रेस में भगदड़ की तरह पेश कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कांग्रेस कितनी कमजोर हो चुकी है। कांग्रेस के अंत की अनंत भविष्यवाणियां की जा चुकी हैं और शायद आगे भी होती रहेंगी। लेकिन हकीकत ये है कि जिन तीन लोगों ने अभी कांग्रेस छोड़ी है, वे खुद हारे हुए नेता रहे हैं, किसी का मजबूत जनाधार नहीं रहा है। एक तरह से वे कांग्रेस पर बोझ ही थे। लेकिन अब कांग्रेस नेतृत्व को निरीक्षण-परीक्षण कर लेना चाहिए कि ऐसे और कितने बोझ कांग्रेस को दबाए हुए हैं और उनसे जल्द से जल्द छुटकारा पा लेना चाहिए।

# गुलाबी आंकड़े, झुलसाती सच्चाई

चुनाव पास आते ही आकर्षक आंकड़ों की बारिश शुरू हो गई है। और मामला सिर्फ बीते साल, महीने या तिमाही के आंकड़ों का नहीं है, अगले साल से लेकर 2047 में भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने तक के हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अगले साल के लिए जीडीपी में आठ फीसदी का विकास दर बता दिया है। अभी हाल के समय तक आंकड़ों का खेल ऐसा नहीं था। विदेश व्यापार और औद्योगिक उत्पादन में एक महीने उतार दिखता था तो किसी महीने चढ़ाव। विदेश व्यापार का घाटा कभी रिकार्ड स्तर पर दिखता था तो कभी आयात कम होने से काफी कम। एक गरीबी के ही आंकड़े को लीजिए तो की तरह के आंकड़े हाजिर हैं, जबकि असलियत यही है कि सरकारी स्तर पर आंकड़े जुटाने का काम मनमाने ढंग से हो रहा है। अगर तस्वीर गुलाबी न दिखे तो आंकड़े रोके भी जा रहे हैं और उसके जरा भी अच्छे हिस्से को शोर मचाकर बताया जाता है। हमारे जीवन के निर्वाह और आर्थिक हैसियत को बताने वाली लगभग तीन दर्जन सूचनाओं से लैस जनगणना का काम रोका हुआ है जबकि इसमें अभी ही पांच साल की देरी हो चुकी है। विश्व युद्ध और महामारी में भी न रुकी जनगणना अब क्यों रोकी गई है इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है। खैर।

इन बातों से जो धनात्मक बातें हैं उनका महत्व काम नहीं होता। जीएसटी का संग्रह और भविष्य निधि कोष के सदस्यों की संख्या निरंतर बढ़ती गई है जिसे सरकार अपनी उपलब्धि ही नहीं रोजगार बढ़ाने के वायदे को पूरा करने की तरह पेश कर रही है। मोदी राज के ज्यादा समय पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत कम रही है और सरकार ने उस अनुपात में आम उपभोक्ताओं को राहत न देकर मोटा राजस्व जमा किया जिसका उपयोग-दुरुपयोग क्या हुआ यह हिसाब भी साफ नहीं है। असल में बजट का अनुशासन अब सिर्फ कहने की चीज रह गई है और नोटबंदी जैसा फैसला भी एक आदमी की मर्जी से ही लिया गया। इससे बड़ी बात है कि पूरी दुनिया कोविड से उबरने के बाद आर्थिक रूप से पुरानी स्थिति में आने की कोशिश कर रही है। इसमें अमेरिका काफी हद तक सफल हुआ है तो चीन और यूरोप अभी भी संकट में दिख रहे हैं। वहां असली समस्या लोगों में उपभोग का स्तर गिरना है जिससे कुछ देशों की अर्थव्यवस्था के बैठने का खतरा बन



अरविन्द मोहन

> अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है।

गया है। न सामान बिक पा रहा है न रोजगार मिल रहा है। रोजगार कम हों तो क्रय शक्ति कम होगी और सामान कम बिकेगा तो अर्थव्यवस्था की रोजगार पैदा करने की शक्ति घटेगी। हमारी अर्थव्यवस्था ने ठीक-ठाक वापसी की है। लेकिन कुछ बड़ी बीमारियां हैं जो पीछा नहीं छोड़ रही हैं।

दुर्भाग्य से अपनी अर्थव्यवस्था को भी यह मर्ज लगा हुआ दिखता है लेकिन न तो शासन को होश है न जानकार लोग ही इसका शोर मचा रहे हैं। सुनहरे आंकड़ों के बीच बड़ी कंपनियों में लगातार यह चिंता पसर रही है कि उनका माल खपत नहीं हो रहा है। और इससे भी ज्यादा चिंता की बात है कि शहरी और अमीर लोगों की जरूरत वाली कुछ चीजों की मांग तो बढ़ी है लेकिन आम उपभोक्ता और ग्रामीण इलाकों में मांग नहीं बढ़ी है। यह फासला भी बढ़ता जा रहा है। जो लोग इस विरोधाभास पर नजर रखे हुए हैं वे अपने हिसाब से कुछ कारण और समाधान भी बताते हैं लेकिन चुनाव जीतने भर की चिंता वाली सरकार को इन पर ध्यान देने का होश नहीं लगता। वह इस बात से खुश है कि वर्ष 2023-24 में जीएसटी कलेक्शन 20 लाख करोड़ से पार हों गया है।

यह एक आत्मघाती आंकड़ा और मोह है। असल में इसका उत्पादन बढ़ाने से रिश्ता नहीं है। भूमंडलीकरण आने और आईटी के प्रसार से अब काफी सारा कारोबार अनौपचारिक क्षेत्र से निकल कर औपचारिक बनता जा रहा है। छोटे कारोबारी और दूकानदारों का कर के और औपचारिक अर्थव्यवस्था में आना स्वागत योग्य बदलाव है पर आनलाइन कारोबार के देहात तक पहुंचने से कितनी दूकानें बंद हुई हैं या कितने छोटे धंधे वालों की आमदनी कम हुई है यह हिसाब नहीं है। जिस तरह छोटे किसान कमाई कम होते जाने पर भी खेती से चिपके रहते हैं उसी तरह इन लोगों के पास भी उसे धंधे में बने रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बेरोजगार नौजवानों की फौज सुबह छह बजे से रात दस बजे तक कूरियर सेवा देने, ई- रिक्शा चलाने और इसी तरह के कम आमदनी वाले काम करने में होड़ लगाए हुए हैं। पेंशन, प्रॉविडन्ट फंड और दूसरी सुविधाएं कौन मांगेगा जब न्यूनतम मजदूरी मांगने का होश नहीं है। कानून होने के बावजूद खुद सरकार मनरेगा में लाखों लोगों से न्यूनतम मजदूरी डर से काम पर काम कराती है तो बाकी पर कानून कौन लागू कराएगा ?

सेंटर फार मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी के अनुसार वर्ष 2023-24 में 27.9 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ। पिछले साल यह आंकड़ा 38.96 लाख करोड़ रुपए का था। सरकार इसे इठलाते हुए पेश करती है लेकिन अनेक लोग इस आंकड़े को हमारी अर्थव्यवस्था की बुनियादी बीमारी से जोड़ते हैं। अगर विकास का स्तर साल में सिर्फ सात फीसदी हों और निवेश का स्तर जीडीपी के 30 से 35 फीसदी पर आ जाए तो जाहिर है लोग पेट काटकर निवेश कर रहे हैं। उपभोग का स्तर तो चार से पांच फीसदी भी नहीं बढ़ता। और इस पर तुर्रा यह कि राष्ट्रीय आय में श्रम का हिस्सा निरंतर गिर रहा है। माना जाता है कि हमारे यहां महामारी की तुलना में आज करीब डेढ़ करोड़ ज्यादा मजदूर खाली बैठे हुए हैं। पूंजी आए और श्रम का हिस्सा कम होता जाए यह विरोधाभासी विकास तब ज्यादा अच्छी तरह समझ आता है जब हम समाज के एक छोटे हिस्से की बड़े घर, बड़े फ्लैट, बड़ी कार, महंगे सौन्दर्य प्रसाधन, विदेश भ्रमण, बाहर भोजन वगैरह के खर्च को देखें। फिर समझ आता है कि बाहर छूटे बड़े हिस्से के जीवन में और ज्यादा कठिनाई क्यों आती जाती है। अरबपतियों की संख्या बढ़ाना बुरा नहीं है लेकिन देश के करोड़ों लोगों के जीवन में जहर घोलकर नहीं।

# गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल का राजनीति में और मजबूत होकर उभरना निश्चित

■ हरिहर स्वरूप

यह सच है कि अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। पंजाब में आप की अप्रत्याशित जीत और हाल में ही उनकी गिरफ्तारी के बाद उनकी राजनीतिक लोकप्रियता और अधिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन को आगामी चुनावों में आसानी से जीत हासिल करने की उम्मीद है।

उनके बढ़ते दबदबे से भाजपा जाहिर तौर पर चिंतित है। आगामी लोकसभा चुनाव में केजरीवाल दिल्ली और पंजाब के अलावा अन्य राज्यों में भी कदम रख सकते हैं। उनकी गिरफ़्तारी राजनीति से प्रेरित प्रतीत होती है। उनकी गिरफ़्तारी दिल्ली के मुख्यमंत्री को और अधिक शक्तिशाली बना सकती है क्योंकि उन्हें देश भर के लोगों की सहानुभूति मिलना निश्चित है। कोई नहीं जानता कि उनके खिलाफ आरोप सही हैं या नहीं, लेकिन चुनाव में उनके प्रति सहानुभूति एक कारक होगा।

5 अप्रैल, 2011 की सुबह, जंतर-मंतर से सटी एक गली-राजधानी का विरोध स्थल-जन लोकपाल कानून की मांग के लिए इंडिया अगेंस्ट करप्शन के अभियान के शुभारंभ के लिए एक छोटी सी भीड़ एकत्र हुई थी (जो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी संख्या होने वाली थी)। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे - आंदोलन का चेहरा-अपनी भूख हड़ताल शुरू करने के बाद एक ऊंचे मंच पर बैठे थे। मंच के किनारे पर खड़ा एक व्यक्ति सुर्खियों से दूर रहने को उत्सुक था।

जब मीडियाकर्मी जानकारी के लिए मूंछों वाले छोटे कद के व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह मंच से कूद गये और अभियान के बारे में गंभीरता से बात की। ये शख्स थे आंदोलन के सूत्रधार अरविंद केजरीवाल। केजरीवाल उस समय तक पहले से ही एक प्रसिद्ध पारदर्शिता कार्यकर्ता और मैग्सेसे पुरस्कार विजेता थे, फिर भी राष्ट्रीय स्तर पर ज्ञात नहीं थे। वह बड़े पैमाने पर बदलने वाला था।

इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान आम आदमी पार्टी के गठन का अग्रदूत था, जो एक साल से अधिक समय बाद हुआ, और इसने केजरीवाल के राजनीति में प्रवेश को चिह्नित किया। भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा और वह व्यक्ति जो व्यवस्था को बदलना चाहता था, अब व्यवस्था के अंदर था।

सीमापुरी की भीड़भाड़ वाली गलियों में एक कमरे के कार्यालय से काम करने वाले एक उत्साही कार्यकर्ता से लेकर स्वतंत्र भारत के सबसे प्रभावशाली आंदोलनों में से एक को चलाने और फिर 2013 में दिल्ली में सबसे चौंकाने वाली चुनावी जीत दर्ज करने तक, यह केजरीवाल के लिए एक तीव्र परिवर्तन था। उनकी पार्टी ने पंजाब में जीत हासिल की और उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया। यह विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे प्रमुख सदस्यों में से एक है, और वह इसके सबसे अच्छे पहचाने जाने वाले चेहरों में से एक हैं।

हालांकि, पिछले दशक में केजरीवाल के कई हमवतन इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान में शामिल हुए परन्तु उनमें से अनेक, जो आप के संस्थापक सदस्य भी थे, ने आन्दोलन के मूल मुद्दे के साथ कथित तौर पर किये गये समझौतों के कारण या तो उन्हें छोड़ दिया या रास्ते से हट गये या खुद को आम आदमी पार्टी से किनारे या बाहर कर लिया।

> इंडिया अगेंस्ट करप्शन अभियान आम आदमी पार्टी के गठन का अग्रदूत था, जो एक साल से अधिक समय बाद हुआ, और इसने केजरीवाल के राजनीति में प्रवेश को चिह्नित किया। भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा और वह व्यक्ति जो व्यवस्था को बदलना चाहता था, अब व्यवस्था के अंदर था।

केजरीवाल को 2020 में दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों पर अपने रुख के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। आलोचकों ने कहा कि वह संतुलन बनाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे थे और इस मुद्दे से निपटने में विफल रहे। अक्सर पूछा जाने वाला एक प्रश्न केजरीवाल और उनकी पार्टी की विचारधारा के बारे में है, और इसका कोई स्पष्ट उत्तर नहीं है। उन्होंने कहा है कि वह महात्मा गांधी से प्रेरित हैं और उनके उदाहरण का अनुसरण करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने अक्सर कहा है कि उनकी विचारधारा कट्टर राष्ट्रवाद है और लोगों की समस्याओं को कम करने के लिए काम कर रही है।

उनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाने के पक्ष में मतदान किया। 2020 के दिल्ली चुनावों में, उन्होंने भगवान हनुमान के प्रति अपनी भक्ति की घोषणा करके नागरिकता संशोधन अधिनियम के पारित होने और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में भाजपा द्वारा स्थापित सांप्रदायिक बारूदी सुरंगों पर बातचीत की। हालांकि, पार्टी नेताओं का कहना है कि केजरीवाल या अन्य आप नेताओं द्वारा अपनी हिंदू पहचान रखने में कुछ भी गलत नहीं है। इस पर उन्होंने कहा था कि इसका मतलब यह नहीं है कि वे मुस्लिम विरोधी हैं।

## पावन प्रसंग

# कोई भी काम को रुचि से करें

मनुष्य को आंतरिक अभिव्यक्ति उसके काम करने की लगन और भावना से ही परखी जा सकती है। यह जानने के लिए कि यह कार्य उसे पसंद है कि नहीं, उसकी गतिविधियों पर एक निरीक्षण दृष्टि डालिए। उत्साहपूर्वक किया हुआ कर्म यह व्यक्त करता है कि उस व्यक्ति की अभिरुचि उसमें है। अनुत्साह और शिथिलता, कर्म के प्रति अरुचि का भाव परिलक्षित करते हैं। जिस कार्य से हमें प्यार होता है, उसका परिणाम शीघ्र पाने के लिए जैसी ही तत्परता भी होती है। उतनी ही फुर्ती और उत्साह भी होता है। जी करता है कि कितनी जल्दी उसे समाप्त करें और उसके सुखद परिणाम प्राप्त करें। कर्म का सुख वस्तुत: उसकी लगन, भावना और निष्ठा में ही है। उत्साहपूर्वक सम्पन्न किए गए कर्म प्रफुल्लता दे जाते हैं, किंतु अनुत्साहपूर्वक काम करने से निराशा, क्षोभ और असफलता ही हाथ लगती है।

जिस काम को बोझ समझकर करेंगे, उसमें मन लगेगा ही नहीं। शारीरिक शक्ति भी जिस अनुपात से लगनी चाहिए थी वह न लगेगी, वह फिर कार्य के शुभ परिणाम की आशा भी धूमिल ही बनी रहेगी। प्रसिद्ध विचारक स्वेट मार्डेन ने लिखा है- मनुष्य की असफलताएं परमात्मा की देन नहीं, उसकी निजी पैदाइश होती है। यह बात अक्षरश: सत्य प्रतीत होती है। संभव है कि किन्हीं कार्यों के अनुरूप अपनी शक्ति व योग्यता न हो तो उनकी असफलता को तो एक संयोग कह सकते हैं, किंतु जो कार्य हम कर सकते हैं, जो हमारी शक्ति और सामर्थ्य की सीमा में ही हैं, वे कार्य भी यदि अपूर्ण रहते हैं तो यह मानना पड़ता है कि इस काम को लगन और उत्साहपूर्वक नहीं किया गया।

काम करने की एक भावना होनी चाहिए उत्कृष्ट और विशाल भावना। आपका आत्मविश्वास यह कहता हो कि हम इस कार्य को करके ही छोड़ेंगे, इसमें आत्महित है और पुरुषार्थ है तो आप सच मानिए उस कार्य में आपको असीम आनंद आएगा। कमाई करते हुए जब यह भावना होती है कि इस धन से हमारे बच्चे विकसित होंगे, परिवार, राज्य और राष्ट्र समृद्ध बनेगा तो अंत:करण में अपूर्व शक्ति जाग्रत होती है, स्वाभिमान जाग उठता है और प्रसन्नता से अंत:करण भर जाता है। जब तक हम यह अनुभव नहीं करें कि इस उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य का श्रेय भी है,तब तक कर्म का सात्विक आनंद नहीं मिल सकता।

मनुष्य का जीवन एक आदर्श कर्म विद्यालय है। इसमें नैष्ठिक स्नातक वे समझें जाते हैं जो कर्म को जीवन ध्येय मानकर उसे कुशलतापूर्वक निभाते हैं। विद्यार्थी अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने का लाभ तब पाता है, जब वह लगनपूर्वक, भावनापूर्वक अध्ययन कार्यों में लगा रहता है। जिस तरह स्वाध्याय की चमक यह व्यक्त करती है कि विद्यार्थी का भविष्य उज्जवल है उसी प्रकार कर्म की उत्कट भावना यह बताती है कि इस मनुष्य का हृदय उत्कृष्ट और विशाल है। इन गुणों के कारण ही उसका व्यक्तित्व समुन्नत हो होता है और श्रेय प्राप्त करता है। प्रसन्नतापूर्वक कार्य करने से तो यही अच्छा है कि चुपचाप बैठे रहें। शरीर को शिथिल और निराश बनाने की अपेक्षा उसे कुछ देर विश्राम दे लेना अच्छा है। मनुष्य को विरासत में परमात्मा से सैकड़ों अनुदान मिले हैं। कर्म से शक्तियां जाग्रत होती हैं। कर्म से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। कर्म से मनुष्य ऊंचा उठता है। उस कर्म की पूजा ही परमात्मा की सच्ची उपासना है। इसे भी उसी लगन और भावना से करना चाहिए, जिस तरह परमात्मा की उपासना, श्रद्धा और विश्वासपूर्वक करते हैं। जो शक्ति परिस्थितियों को अनुकूल बनाती है, वह है काम करने की लगन और भावना।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भारतीय संस्कृति-संस्कारों में पश्चिमी दर्शन का समावेश

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है।जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। नि:संदेह हमें रूढ़िवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को इतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला न छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलत: हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकतावादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है।

प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा है। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवनयापन करना पसंद करते हैं। उनमें विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्म के प्रति आमजन की सूची धीरे-धीरे कम होते जा रही है। ऐशो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी कि एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतरजातीय विवाह पाश्चात्य सभ्यता की देखादेखी बहुत बढ़ गए हैं जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। वहीं दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद रहती थीं अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है,जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति सोनोबे का 112 वर्ष की आयु में निधन

**टोक्यो,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति गिसाबुरो सोनोबे का टोक्यो के पास चिबा प्रान्त में निधन हो गया है। वह 112 वर्ष के थे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योडो ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट बताया कि सोनोबे का जन्म 6 नवंबर, 1911 को हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार उनकी मृत्यु मार्च के अंत में हुई। इससे पहले यहां नवंबर 2022 में 111 वर्ष की व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। इसके बाद वह देश के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गए थे।



# पाकिस्तान ने टीटीपी के साथ बातचीत से किया इनकार

**इस्लामाबाद,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने गुरुवार

■ अफगानिस्तान से आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग



को तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ बातचीत से इनकार कर दिया और अफगानिस्तान से उसकी धरती से इस्लामाबाद में 'अस्थिरता' पैदा करने वाले आतंकवादी संगठनों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने को कहा।

बलूच ने कहा कि पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगान अधिकारी आतंकवादी संगठनों और उनके नेतृत्व के खिलाफ उन अपराधों के लिए तत्काल कार्रवाई करेंगे, जो वे कर रहे थे और जिन आतंकवादी घटनाओं के लिए वे पाकिस्तान में जिम्मेदार थे। बलूच ने कहा कि पाकिस्तान उन सभी आतंकवादी संगठनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने देश और पाकिस्तान-चीन दोस्ती के प्रतीकों को निशाना बनाया था। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय का यह बयान अफगानिस्तान के अंतरिम आंतरिक सुरक्षा मंत्री मुहम्मद नबी ओमारी द्वारा पाकिस्तान सरकार से टीटीपी के साथ टेबल वार्ता करने के आह्वान के एक दिन बाद आया है।

अफगानिस्तान के खोस्त में एक इफ्तार सभा के दौरान नबी ओमारी ने कहा कि हम पाकिस्तान सरकार से पूछते हैं और उनके साथ लड़ रहे भाइयों (टीटीपी) को एक साथ आने और बात करने की सलाह देते हैं।

अफगान तालिबान पाकिस्तान से

> पाकिस्तान उन सभी आतंकवादी संगठनों से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने देश और पाकिस्तान-चीन दोस्ती के प्रतीकों को निशाना बनाया था : मुमताज

टीटीपी के साथ जुड़ने का आह्वान कर रहा है। उसने वार्ता को सुविधाजनक बनाने के लिए अपनी तत्परता जताई है, जैसा कि उसने पीटीआई के संस्थापक इमरान खान के कार्यकाल के दौरान किया था।

वर्षों पहले पाकिस्तान इस प्रस्ताव पर सहमत हुआ था और काबुल में टीटीपी नेतृत्व के साथ महीने भर की बातचीत की थी। नतीजतन, टीटीपी ने युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद पाकिस्तानी जेलों में बंद कई तालिबान कैदियों को रिहा किया गया और पाकिस्तान मूल के टीटीपी लड़ाकों को अपने परिवार के साथ घर लौटने की इजाजत दी गई थी। हालांकि, पिछले समझौते से टीटीपी उग्रवादियों को बड़ी संख्या में देश के कुछ हिस्सों में फिर से बसने और खुद को फिर से संगठित करने में मदद मिली और वे पहले से अपने नियंत्रण वाले इलाकों पर फिर से कब्जा करने की दिशा में काम कर रहे थे।

वरिष्ठ विश्लेषक अदनान शौकत ने कहा कि टीटीपी के साथ पिछला शांति समझौता एक बड़ी गलती थी। इस वजह से हजारों टीटीपी आतंकवादी देश में वापस आ गए और फिर से संगठित हुए। पाकिस्तान ने 400 से ज्यादा टीटीपी कैदियों को रिहा कर दिया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अब यह देखना चाहिए कि अफगानिस्तान में टीटीपी के लिए सुविधा और समर्थन क्यों है। यह उनकी सरकार है, जो इन टीटीपी आतंकवादियों का समर्थन करती है और पाकिस्तान में और उनके खिलाफ उनके कार्यों को बढ़ावा देती है। यही कारण है कि वे उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते और यही कारण है कि वे इस्लामाबाद से उनके साथ टेबल वार्ता करने के लिए कहते रहते हैं। लेकिन अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की नीति स्पष्ट और कठोर नजर आती है।

## शी जिनपिंग ने वृक्षारोपण कर सुंदर चीन निर्मित करने पर बल दिया

**बीजिंग,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पेइचिंग में एक स्वैच्छिक वृक्षारोपण गतिविधि में भाग लेते हुए



कहा कि वर्तमान में पेड़ लगाने का अच्छा समय है। हम सभी लोगों से सक्रियता से वृक्षारोपण में भाग लेकर सुंदर चीन के निर्माण के लिए योगदान देने का आह्वान करते हैं ताकि एक साथ मानव और प्रकृति के सामंजस्यपूर्ण सहअस्तित्व वाले चीनी आधुनिकीकरण का नया अध्याय जोड़ा जाए। गतिविधि स्थल पर उन्होंने कई पौधे लगाए। इस दौरान उन्होंने उनके साथ पेड़ लगाने वाले बच्चों से स्नेहपूर्ण बातचीत की। उन्होंने कहा कि युवा व बालक मातृभूमि का भविष्य हैं। बचपन से ही उनको सक्रियता से पर्यावरण संरक्षण में भाग लेना चाहिए। गतिविधि स्थल पर कार्यकर्ताओं और आम लोगों के साथ चर्चा करते समय शी चिनफिंग ने कहा कि वर्तमान वर्ष नए चीन के वृक्षारोपण दिवस की 45वीं वर्षगांठ है।

## सुडोकू 6515

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | | 8 | 1 | 5 |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | 4 | 6 | | | | | 2 |
| | 1 | 2 | | | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | | 3 |
| 8 | | | | | | 1 | 4 | |
| 2 | | | | | 4 | 5 | | 8 |
| | | | | | 3 | | | |
| 5 | 8 | 1 | | | | 3 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 5 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ - आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन - खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क - किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह - व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या - वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु - आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ - आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन - शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिलिस्तीन ने संरा से की पूर्ण सदस्य राज्य का दर्जा देने की मांग

**संयुक्त राष्ट,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। युद्धग्रस्त फ़िलिस्तीन ने आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र में पूर्ण सदस्य राज्य दर्जा देने की मांग फिर से की है।



फिलिस्तानी का कहना है कि गाजा में इज़रायल के हमले के मद्देनजर यह आवश्यक है।

पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार फिलिस्तीन ( जिसे 2012 से विश्व निकाय में पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त हुआ था) ने मंगलार को पूर्ण सदस्यता हासिल करने के लिए पैरवी की, जो फिलिस्तीनी राज्य की मान्यता के बराबर होगी।संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को मंगलवार को लिखे पत्र में संरा के दूत रियाद मंसूर ने 'फिलिस्तीनी नेतृत्व के निर्देशों पर' अनुरोध किया कि इस संबंध में 2011 के आवेदन पर पुनर्विचार किया जाए। न्यूज एजेंसी एएफपी द्वारा देखे गए दस्तावेजों के अनुसार, पत्र सुरक्षा परिषद को भेज दिया गया है, जिसमें फिलिस्तीन ने आग्रह किया है कि इस महीने इसकी समीक्षा की जाए।

अरब लीग, इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी), गुट निरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) ने गुटेरेस को बताया कि 140 देशों ने फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता दी है।

मंसूर ने हाल के महीनों में बार-बार कहा है कि गत सात अक्टूबर से गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य हमले को देखते हुए संरा की सदस्यता फिलिस्तीनियों के लिए प्राथमिकता है। उन्होंने फरवरी में कहा था कि यह अंतरराष्ट्रीय संस्था है और इसी ने 1947 से फिलिस्तीन में दो राज्य बनाने का फैसला किया था।


## वायु सेना की देश भर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने की योजना

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है। वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान पिछले सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन



हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि वायु सेना की विभिन्न राज्य सरकारों के प्रशासन के साथ तालमेल से देश भर में इस तरह की आपात हवाई पट्टी की सुविधा बनाने की योजना है। इन हवाई पट्टियों पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों तथा हेलिकॉप्टरों को उतारने का अभ्यास किया जाएगा।

## वर्ग पहेली 6515



**बायें से दायें:-**

१. सामान्य हितों की रक्षा के लिए संघठित संस्था, समूह, राशि
३. दुखद, अफसोसनाक (उर्दू)
५. रक्त सिरा, नस
६. अनाथालय (उर्दू)
७. पंडितों के लिए एक आदरसूचक संबोधन
९. गांव, ग्राम
१०. दूसरे के अधीन
१२. भर्त्सना (उर्दू)
१३. दुर्भाग्य सूचक ग्रहयोग
१४. भीख मांगते हुए घूमना
१६. लहर
१८. मुग्ध करने वाला
२०. चितकबरा
२१. प्रस्थान (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मददगार
२. किसी कार्य के बनने-बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी (उर्दू)
३. संतोष की बात (उर्दू)
४. जो किसी काम का न हो, निकम्मा (उर्दू)
५. 'मनीआर्डर'
८. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
१०. इम्तहान
११. बखान
१२. उत्पादन व्यय
१३. कठिन, जटिल, विषम
१४. दीवारों पर बना चित्र
१५. बूंद-बूंद करके गिरना
१७. रंगयुक्त आशिक मिजाज
१८. लड्डू
१९. किसी काम को अंजाम देना
२२. भीगा हुआ, तर

### वर्ग पहेली-6514

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ प | स्था | ३ न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ज | नी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## अल-सुदानी व रायसी ने की इजरायली हमले पर चर्चा

**बगदाद,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने बुधवार को सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए




घातक इजरायली हमले पर ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी से फोन पर बातचीत की।

अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि फोन पर हुए बातचीत में इराकी प्रधानमंत्री ने हमले में ईरानियों की मौत पर इराक की ओर से गंभीर संवेदना व्यक्त की और इजरायल की दुष्ट आक्रामकता की निंदा करने पर बल दिया।

बयान में कहा गया कि अल-सूदानी ने चेतावनी दी है कि गाजा में संघर्ष जारी रहने से यह क्षेत्र सुरक्षा की खतरनाक गिरावट वाली स्थिति में आ जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से फिलिस्तीनियों की सुरक्षा में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का भी आह्वान किया।

इजरायल ने सोमवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास के वाणिज्यिदूत अनुभाग पर मिसाइल से हमला किया, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्डस कॉपर्स के दो कमांडरों सहित सात ईरानी मारे गए।

## सीरिया में अपने राजनयिक मिशन पर हमले को लेकर इजरायल पर मुकदमा करेगा ईरान

**तेहरान,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के कानूनी मामलों के उपाध्यक्ष मोहम्मद देहकान ने कहा है कि देश सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर घातक हमले के लिए इजरायल के खिलाफ मुकदमा दायर करेगा।



देहकान ने बुधवार को तेहरान में एक कैबिनेट बैठक के मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने सीरिया की राजधानी दमिश्क में वाणिज्य दूतावास की इमारत को नष्ट करने वाले मिसाइल हमले के लिए इजरायल के खिलाफ ईरान के कानूनी उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इस हमले में कम से कम 14 मौतें हुईं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अर्ध-आधिकारिक समाचार एजेंसी फ़ार्स के हवाले से बताया कि देहकान ने कहा कि इज़रायली हमले ने अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया है। ईरान वर्तमान में कानूनी आकलन कर रहा है और जल्द ही अपने कानूनी निर्णयों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स वॉर मॉनिटर ने मंगलवार को कहा कि हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इनमें आठ ईरानी, पांच सीरियाई और लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह का एक सदस्य शामिल है।

## इजरायल ने हवाई रक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रिजर्व सैनिकों को बुलाया

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने घोषणा की है कि वह ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच रिजर्व सैनिकों के साथ अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत कर रही है।इजरायली सेना ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आईडीएफ (इज़राइल डिफेंस फोर्सेज) के हवाई रक्षा तंत्र में जनशक्ति बढ़ाने और रिजर्व सैनिकों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। उसने बताया कि स्थिति के अनुरूप मूल्यांकन के बाद यह कदम उठाया गया है। ईरान ने मंगलवार को सीरिया में ईरानी दूतावास पर सोमवार रात हुए इजरायली हवाई हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की कसम खाई थी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में सीरिया में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के अनुभवी कमांडर मोहम्मद रजा ज़ाहेदी और उनके डिप्टी सहित सात ईरानी मारे गए थे। इस हमले के बाद मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ गया। इज़रायल ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## आज का इतिहास

1479 – सिखों के तीसरे गुरु- गुरु अमरदास का जन्म।
1659 – मकसूदाबाद की लड़ाई में शुजा की हार
1663 – शिवाजी महाराज ने दो सौ घुड़सवारों के साथ दस हजार सैनिकों के साथ पुणे के लाल महल में डेरा डाले हुए मुगल सूबेदार शाहिस्तेखान पर छापा मारा।
1843 – ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने हांगकांग को ब्रिटिश कॉलोनी में शामिल करने का ऐलान किया।
1905 – भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता और बिहार के राजनीतज्ञ जगजीवन राम का जन्म।
1930 – महात्मा गांधी ने 241 मील की यात्रा करके दांडी यात्रा पूरी की।
1949 – भारत में स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना।
1955 – विस्टन चर्चिल ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
1957 – देश में पहली बार और दुनिया में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से केरल में संपन्न चुनाव में कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता प्राप्त हुई, ई.एम.एस. नंबूदरीपाद मुख्यमंत्री बने।
1961 – भारत सरकार की ओर से प्रायोजित पहली इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड कंपनी की स्थापना।
1964 – नौसेना ने पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।
1975 – सउदी अरब के राजा फैजल की हत्या।
1979 – भारतदेश का पहला नौसेना संग्रहालय मुंबई में खुला।
1991 – अंतरिक्ष यान एसटीएस 37 (अटलांटिस 8) का प्रक्षेपण किया गया।
1993 – भारतीय अभिनेत्री दिव्या भारती का निधन।
2007 – ईरान ने 15 ब्रिटिश नौ सैनिकों को रिहा किया।
2008 – पार्वती ओमनाकुट्टन फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड बनी।
2010– नक्सलियों द्वारा किए गए अब तक के सबसे भीषण हमले में छत्तीसगढ़ के दंतेबाड़ा में सीआरपीएफ के 73 जवानों की मौत।
2017– लोकसभा में फुटवियर डिजाइन और विकास संस्?थान विधेयक 2017 पारित किया गया।
2020 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर देश के करोड़ों लोगों ने रात नौ बजे अपने घरों की तमाम बत्तियां बुझाकर मोमबती, दिए और मोबाइल फोन की फ्लेश लाइट जलाकर कोरोना महामारी के खिलाफ संघर्ष में एकजुटता का प्रदर्शन किया।

आरोप | जापान के पूर्व मंत्री ने सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर लगाया तानाशाही का आरोप बोले,

## किकबैक घोटाले की नैतिक व राजनीतिक जिम्मेदारी उठानी होगी

**टोक्यो, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जापान के पूर्व शिक्षा मंत्री रयू शियोनोया ने पार्टी नेताओं पर तानाशाही प्रबंधन तरीकों को अपनाने का आरोप लगाया है और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से कि किकबैक घोटाले की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया है। इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि शियोनोया को गुरुवार को सत्तारूढ़ एलडीपी से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया जा सकता है। शियोनोया को एलडीपी गुट के कुछ अन्य वरिष्ठ सदस्यों के अनुशासनात्मक आयोग में दूसरी सबसे कड़ी सजा मिलने की उम्मीद है।**

■ एलडीपी नेता किशिदा के प्रति भी अपना आक्रोश व्यक्त किया

जिसे किकबैक घोटाले रिश्वत लेने के लिए पार्टी छोड़ने के लिए आवेदन करने के लिए कहा जा सकता है। जापान के न्यूज चैनल एनएचके ने शियोनोया के लिखित बयान के हवाले से कहा कि मैं पार्टी के तानाशाही और अत्याचारी प्रबंधन का कड़ा विरोध करता हूं।

पूर्व मंत्री ने एलडीपी नेता किशिदा के प्रति भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किशिदा ( जिन्होंने उस गुट का नेतृत्व किया, जिसके अकाउंटेंट पर मुकदमा चलाया जा रहा है) को नैतिक और राजनीतिक जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने कहा कि वह उस स्थिति के बिल्कुल खिलाफ हैं, जिसके तहत आबे के गुट के सिर्फ एक हिस्से को गलत तरीके से दंडित किया गया है। विशिष्ट जिम्मेदारी मानदंडों के तहत आने वाले कार्यों की स्पष्ट रूप से पहचान नहीं की गई है और उन्होंने ऐसी स्थिति को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया।

एलडीपी का अनुशासनात्मक आयोग पार्टी के 39 वरिष्ठ सदस्यों, सांसदों और पूर्व मंत्रियों के लिए सजा के उपायों पर फैसला करने वाला है। यदि शियोनोया अनुरोध किए जाने के बाद 10 दिनों के भीतर पार्टी नहीं छोड़ते हैं, तो उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाएगा।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। यह जानकारी इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने दी। फ्लिन ने जापानी अखबार योमिउरी शिंबुन को एक साक्षात्कार में कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वह उस क्षेत्र को खतरनाक मानते हैं जहां चीन आगे बढ़ रहा है। इससे पहले 2023 में फ्लिन ने ताइवान पर चीन को संभावित रूप से रोकने के लिए एशिया-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने की अमेरिकी योजना की घोषणा की थी।

## दुनिया को जानें

### चांद की सतह को एक्सप्लोर करने के लिए नासा विकसित करेगा एलटीवी

**सैन फ्रांसिस्को,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने लूनर टरेन व्हीकल (एलटीवी) डेवलप करने के लिए तीन कंपनी इंटुएटिव मशीन्स, लूनर आउटपोस्ट और वेंचुरी एस्ट्रोलैब को चुना है। नासा ने कहा कि यह व्हीकल चंद्रमा पर एजेंसी के आर्टेमिस कैंपेन और मंगल ग्रह पर ह्यूमन मिशन की तैयारी के दौरान साइंटिफिक रिसर्च करने में मदद करेगा। ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर के निदेशक वैनेसा विच ने कहा कि हम चंद्रमा को एक्सप्लोर करने के लिए आर्टेमिस जनरेशन के लूनर एक्सप्लोरिंग व्हीकल के डेवलपमेंट की उम्मीद करते हैं। विच ने कहा कि यह व्हीकल हमारे अंतरिक्ष यात्रियों की चंद्रमा की सतह का पता लगाने और एक्सप्लोर करने की क्षमता में काफी वृद्धि करेगा, साथ ही क्रू मिशन के बीच प्लेटफॉर्म के रूप में भी काम करेगा। नासा का मकसद आर्टेमिस वी के दौरान क्रू ऑपरेशन्स के लिए एलटीवी का इस्तेमाल शुरू करने का है। आर्टेमिस मिशनों के बीच, जब क्रू चंद्रमा पर नहीं होंगे तो एलटीवी जरुरत के मुताबिक नासा के वैज्ञानिक सपोर्ट के तौर पर दूर से काम करेंगे।

# प्रादेशिकी

## चुनाव का पर्व है देश का गर्व, सभी नागरिक मतदान करें : बैरवा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया और कहा कि चुनाव का पर्व, देश का गर्व है तथा प्रत्येक मतदाता को मतदान के दिन अपने घरों से निकलकर मताधिकार का उपयोग जरूर करना चाहिए। श्री बैरवा ने कहा राज्य में लोकसभा चुनाव और छह विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के लिए मतदान एक जून को होंगे। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकारी ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी है तथा मतदान का यह पर्व पांच वर्ष में एक बार आता है।

# भारत तमाम क्राइसिस के बाद भी आर्थिक जगत में आगे बढ़ रहा : नड्डा

■ अमरनाथ तिवारी

**पिथौरागढ़,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड में बीजेपी के चुनाव प्रचार को धार देने के लिए स्टार प्रचारकों ने मोर्चा संभाल लिया है। 2 अप्रैल को पीएम मोदी ने रुद्रपुर में भव्य रोड शो किया। साथ ही पीएम मोदी ने रुद्रपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी के बाद आज बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा पिथौरागढ़ पहुंचे। यहां जेपी नड्डा ने चुनावी रैली को संबोधित किया।

बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष जेपी नड्डा पिथौरागढ़ पहुंचने पर सीएम धामी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान बीजेपी कार्यकर्ता उत्साहित नजर आये। इसके बाद जेपी नड्डा ने पिथौरागढ़ में रैली को संबोधित किया। इस दौरान जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा कांग्रेस ने दशकों तक जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेस ने देश को घोटालों के सिवा कुछ नहीं दिया। इस दौरान जेपी नड्डा ने तमाम घोटालों की याद दिलाते हुए जनता से कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए कहा। जेपी नड्डा ने कहा कांग्रेस ने नभ, जल, थल तीनों जगह घोटाले किये हैं।



■ कांग्रेस को जमकर घेरा, याद दिलाए यूपीए के घोटाले

■ रैली के दौरान गिनाई मोदी और धामी सरकार उपलब्धियां

उन्होंने कहा उत्तराखंड वीर भूमि है। इसके बाद भी कांग्रेस ने भारत की सेना पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कांग्रेस ने सेना की एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस सेना के हर एक्शन का प्रमाण मांगती है।

जेपी नड्डा ने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा आज भारत तमाम क्राइसिस के बाद भी आर्थिक जगत में आगे बढ़ रहा है। इस दौरान जेपी नड्डा ने जनता से तीसरी बार अजय टम्टा के साथ प्रदेश में बीजेपी के सभी कैंडिडेट को जिताने की अपील की। जेपी नड्डा ने कहा 2014 के बाद भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। चुनावी रैली को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा पीएम आवास योजना के जरिये गरीबों को आवास मिला। जिसमें से 1 लाख आवास केवल उत्तराखंड में बने। इसमें से भी 11 हजार सिर्फ पिथौरागढ़ जिले में बनाए गए हैं। उन्होंने उज्ज्वला योजना के बारे में जानकारी दी। जेपी नड्डा ने उज्जवला योजना को महिलाओं के लिए समर्पित योजना बताया। उन्होंने बताया देश भर में पीएम मोदी ने 11 करोड़ गैस के कनेक्शन दिये। जिसमें से 1 लाख कनेक्शन उत्तराखंड की महिलाओं को दिये। पिथौरागढ़, अल्मोड़ा में मेडिकल कॉलेज खुला है। इसके लिए केंद्र के साथ ही राज्य सरकार भी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा पीएम मोदी, धामी सरकार की मदद से लगातार राज्य के विकास के लिए काम कर रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा उत्तराखंड के विकास के लिए डबल इंजन का सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा उत्तराखंड में रोड, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर नित नये काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा उत्तराखंड में यूसीसी को लेकर पहल की गई है, जो देश के लिए नजीर बनेगा। साथ ही वाइब्रेंट विलेज को लेकर भी जेपी नड्डा ने अपने विचार रखे।

## देर रात भाजपा नेता के घर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, मंचा हड़कंप

**हरिद्वार,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। धर्मनगरी के रुड़की क्षेत्र से बाइक सवार बदमाशों द्वारा भाजपा नेता के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग का सनीसनी खेज मामला सामने आया है। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार बीती देर रात बाइक सवार बदमाशों ने उद्योगपति व भाजपा नेता रॉबिन चौधरी के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने मुंह ढक रखा था, इसीलिए उनकी पहचान नहीं हो पाई है। बदमाशों की तरफ से चलाई गई एक गोली घर के गेट पर तो दूसरी बाहर खड़ी कार में लगी। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

रुड़की क्षेत्रांर्तगत गंगनगर कोतवाली क्षेत्र के रामनगर इलाके में स्थित भाजपा नेता रॉबिन चौधरी के घर पर देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों के अंधाधुंध फायरिंग से इलाके में सनसनी फैल गई थी। वारदात देर रात की बताई जा रही है। गोलियों की आवाज सुनकर जब घरवाले और आसपास के लोग बाहर आए, तो बदमाश वहां से फरार हो चुके थे। बदमाशों के मुंह पर कपड़ा लपेटे होने के कारण सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान नहीं हो रही है। घटना के बाद भाजपा नेता रॉबिन चौधरी ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। भाजपा नेता ने बताया कि जिस समय बदमाशों ने घर पर फायरिंग की उस दौरान वह फैक्ट्री में थे। जानकारी मिलते ही वह घर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राथमिक दौर पर पुलिस मामले को रंजिश से जोड़कर देख रही है। वैसे पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच करने की बात कह रही है। एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य निकल कर सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### एसपी चमोली सर्वेश पंवार ने किया श्री बद्रीनाथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण

**चमोली।** देश के चार धामों में से प्रमुख धाम श्री बद्रीनाथ धाम का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी चमोली यहां पहुंच कर उन्होंने बद्रीनाथ यात्रा मार्ग और व्यवस्थाओं का जायजा लिया क्योंकि श्री बद्रीनाथ जी कपाट इस वर्ष 12 मई को सुबह 6 बजे खुलने हैं इसलिए एसपी चमोली अपनी टीम के साथ बद्रीनाथ धाम पहुंचे ताकि अभी से बद्रीनाथ यात्रा की तैयारियों में कोई कमी नहीं रहे । बद्रीनाथ धाम में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु बद्रीनाथ जी के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं ऐंसे में सभी श्रद्धालु व पर्यटकों की सुरक्षा और सुरक्षित यात्रा व्यवस्था कैंसे बने उसकी को लेकर एसपी चमोली सर्वेश पंवार अपनी टीम के साथ बद्रीनाथ धाम का दौरा किया। श्री बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने में कुछ ही समय शेष रह गया है। श्री बद्रीनाथ मार्ग में अभी भी लगभग 2 से 3 फीट बर्फ जमी हुई है। पुलिस कप्तान चमोली अपनी टीम के साथ पैदल मार्ग से मंदिर परिसर पहुंचे जहां मंदिर सुरक्षा में लगे जवानों से उनका हाल-चाल पूछा उसके बाद बर्फवारी के दौरान क्षतिग्रस्त हुए थाना परिसर व पुलिस जवानों के लिए बनाए गए अस्थायी बैरकों की मरम्मत यात्रा प्रारम्भ होने से पूर्व करने के लिए सम्बन्धित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया ।

#### गैंगवार के बाद से फरार चल रहा 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने गैंगवार में शामिल 25 हजार रुपए के इनामी हिस्ट्रीशीटर को यूपी के मुजफ्फरनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से हरिद्वार का रहने वाला है और पहचान छिपाकर पुरकाजी मुजफ्फरनगर में छिपकर रह रहा था। एसटीएफ ने बदमाश के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी को हरिद्वार के भगवानपुर में दाखिल कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गौर है कि आरोपी रोहित राणा के खिलाफ हरिद्वार के थाना भगवानपुर और गंगनहर में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। आरोपी रोहित राणा के खिलाफ करीब 7 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी थाना भगवानपुर से शातिर हिस्ट्रीशीटर भी है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 11 मार्च 2024 को दूसरे पक्ष पर थाना भगवानपुर क्षेत्र में फायरिंग की थी। जिसमें गौतम नाम का युवक घायल हो गया था।

#### शहीद कमल भाकुनी का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**अल्मोड़ा।** मणीपुर में नक्सली मुठभेड शहीद हुए अल्मोड़ा निवासी कमल भाकुनी का पर्थिव शरीर गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। अल्मोड़ा के चनौदा के बुंगा गांव में जब शहीद के शव को लाया गया, तो पूरे गांव की आंखें आंसुओं से भर आईं। मात्र 24 साल की उम्र में मां भारती की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले कमल अपने पीछे अपनी मां और पिता को छोड़ गए हैं।

### सुडोकू 6515 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 |
| 7 | 9 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 4 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |

## दिल्ली में 6 को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हिमाचल उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी

**शिमला,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस हिमाचल की चारों संसदीय सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर दिल्ली में मंथन करेगी। दिल्ली में 6 अप्रैल को होने वाली कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शामिल होंगे। हिमाचल की मंडी , कांगड़ा, शिमला व हमीरपुर संसदीय सीटों पर उम्मीदवारों के ऐलान से पहले कांग्रेस ने सर्वे करवाया है। सर्वे में मंडी से पार्टी की मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह के अलावा पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर व युवा कांग्रेस नेता निगम भंडारी की लोकप्रियता को लेकर लोगों से जाना गया। शिमला से अमित नंदा व दयाल प्यारी में से कांग्रेस किसी एक को उम्मीदवार बना सकती है। अलबत्ता पार्टी की निगाहें भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप पर भी हैं। हमीरपुर लोक सभा सीट से कांग्रेस सतपाल रायजादा को उम्मीदवार बना सकती है। कुटलैहड़ की जनसभा में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसके संकेत दिए हैं। कांगड़ा से कांग्रेस संजय चौहान , पूर्व मंत्री आशा कुमारी व जगजीवन पाल में से किसी एक को चुनावी रण में उतार सकती है।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि 6 अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद पार्टी प्रदेश की चारों लोक सभा सीटों पर किसी भी दिन उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। हालांकि उम्मीदवारों के चयन से पहले ही पार्टी से मिले संकेतों के आधार पर कुछेक नेता परोक्ष तौर पर प्रचार में जुट गए हैं। इन नेताओं ने मतदाताओं के साथ साथ अपने अपने हलकों में संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस विधान सभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन कुछ दिन बाद करेगी। इसकी वजह उम्मीदवारों को लेकर जारी सर्वे बताई जा रही है। अलबत्ता मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ से विवेक शर्मा को पार्टी उम्मीदवार बनाने के संकेत दिए हैं। लाहौल स्पीति में कांग्रेस भाजपा से त्याग पत्र दे चुके डॉ राम लाल मारकंडा पर दाव खेलने की कोशिश में है, मगर कांग्रेस कार्यकर्ता उनका विरोध कर रहे हैं। लिहाजा माना जा रहा है कि मारकंडा निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। बड़सर, सुजानपुर में अभी कांग्रेस उम्मीदवार तय नहीं हैं। मगर धर्मशाला से देवेंद्र जग्गी तथा गगरेट से कांग्रेस पूर्व विधायक राकेश कालिया पर दाव खेलने की तैयारी में है।

## त्यूणी तहसील के दुरस्थ गांव डिरनाड में जिंदा जले दो लोग

■ आवासीय छानी में आग लगने से हुआ दर्दनाक हादसा

■ शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**देहरादून,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। त्यूणी तहसील के दूरस्थ गांव डिरनाड में बुधवार रात को आवासीय छानी (झोपड़ी) में आग लग गई। आग की चपेट में आने दो लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर राजस्व पुलिस टीम मौके पर पंहुची और जांच पड़ताल की। जानकारी के मुताबिक डिरनाड गांव से करीब 600-700 मीटर दूर कथियान के रहने वाले राजेंद्र खत्री का बगीचा है। बगीचे की रखवाली के लिए राजेंद्र खत्री ने मोहन लाल (49) निवासी ग्राम भरटाड कथियान त्यूणी और गणेश (59) निवासी डिरनाड त्यूणी रख हुआ था। दोनों बगीचे में ही



छानी में रहते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार रात को अचानक छानी में आग लग गई और आग की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। इस मामले में त्यूणी के तहसीलदार गंगा प्रसाद पेटवाल ने बताया कि ग्राम प्रहरी महेश चौहान ने उन्हें घटना की सूचना दी थी, जिसके बाद वो टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग कैसे लगी इसका अभीतक कुछ पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बुजुर्ग दंपति के खोखे में लगी आग

**देहरादून,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ऋषिकेश में हरिद्वार हाईवे पर नीम करोली मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी बुजुर्ग दंपति की खोखानुमा ठेली में आग लग गई। आग लगने से ठेली के अंदर रखा हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाने में सफलता हासिल की है। आग लगने के कारण अभी पता नहीं चले हैं। हालांकि पीड़ित पुष्पा देवी का आरोप है कि ठेली में आग लगी नहीं, बल्कि किसी असामाजिक तत्व ने लगाई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच शुरू की जा रही है।

## बारिश को लेकर 5 जिलों में येलो अलर्ट

**देहरादून,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। मौसम विभाग के अनुसार 5 पर्वतीय जनपदों की ऊंची चोटियों में बारिश और हिमपात होने की सम्भावना है। पिछले कुछ दिनों से निचले क्षेत्रों में पारे में गिरावट से गर्मी में राहत देखने को मिल रही है।

प्रदेश में आगामी दो दिन मौसम के मिजाज में परिवर्तन देखने को मिल सकता है। मैदानी क्षेत्रों में हल्की धूप के साथ बादल भी देखे जा सकते हैं जिससे गर्मी में कुछ राहत मिलेगी। राज्य की ऊंची चोटियों में हिमपात के कारण चारधाम के आसपास के क्षेत्रों में हल्की ठण्डक बढ़ गई है। साथ ही निचले क्षेत्रों में पारे की गिरावट से गर्मी से राहत मिलेगी। अगले 3 दिनों तक प्रदेशभर में इसी प्रकार का मौसम रहने की सम्भावना है।

**मैदानी क्षेत्रों में गर्मी से मिलेगी राहत**

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और बारिश होने की संभावना है। रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। वहीं निचले क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। मैदानी क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने के साथ ही चटक धूप खिलेगी। बुधवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर का अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मुक्तेश्वर कार्यक्रम तापमान 24.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस था।

### केदारनाथ में मजदूरों को काम में दिक्कत

**देहरादून,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। केदारनाथ में निर्माण कार्य करने वाले मजदूरों को मौसम की बाधा का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से धाम में बर्फबारी हो रही है, जिसके कारण काम पर असमर्थता आ रही है। वर्तमान में केदारनाथ में लगभग 70 मजदूर बर्फ हटाने का काम कर रहे हैं, लेकिन मौसम की विपरीत परिस्थितियों के कारण उन्हें काम में अधिक समय लग रहा है। आगामी महीने से केदारनाथ यात्रा शुरू होने जा रही है, जिसके लिए कई महत्वपूर्ण संरचनाओं का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। सभी निर्माण

## नारी शक्ति को अपमानित करना कांग्रेस की आदत : अनुराग ठाकुर

**बेंगलुरु,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर बेंगलुरु साउथ से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के नामांकन में शामिल हुए और उनके पक्ष में रोड शो किया। अनुराग ठाकुर ने बेंगलुरु के राजभवन रोड स्थित होटल कैपिटल में आईटी प्रोफेशनल्स की सभा को भी संबोधित किया। संवाददाताओं से वार्तालाप करते हुए अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा भाजपा सांसद हेमा मालिनी के ऊपर दिए गए अभद्र बयान पर कहा कि देश की आधी आबादी यानी महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। संदेशखली के मुद्दे पर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा था कि यह सब होता रहता है। इससे पहले कांग्रेस की एक प्रवक्ता ने भाजपा प्रत्याशी कंगना के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी।

## भुल्लर ने कांग्रेस की नीतियां जन-जन पहुंचाने की अपील की

**अल्मोड़ा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर अल्मोड़ा पहुंचकर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंनें पार्टी कार्यकर्ताओं से डोर-टू-डोर जाकर लोगों तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने की अपील की। अल्मोड़ा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में आम जनता परेशान है। लोग महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। भाजपा की तानाशाही से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुद्दों की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की ओर से जो मुद्दे पहले उठाते जाते रहे हैं, उन्हें दोहराने का कार्य किया जा रहा है। जो गारंटी, जो योजना, जो विजन कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लेकर आए हैं, उसको जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भुल्लर ने कहा कि लोकसभा चुनाव

> **भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में आम जनता परेशान है, लोग महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रहे हैं : सुमित्तर भुल्लर, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

में प्रदेश की पांचों सीटें कांग्रेस जीतने जा रही है। उन्होंनें कहा कि यह चुनावी जंग सत्य और असत्य के बीच की है। यह लड़ाई मोहब्बत और द्वेष के बीच में है। यह देश और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के राज में देश में लगातार महंगाई बढ़ी है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। वहीं उत्तराखंड में लगातार महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। भाजपा की नाकामियों को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जन जन तक ले जाएंगे। भुल्लर ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा से तंग आ चुकी जनता कांग्रेस के पक्ष में वोट देगी और प्रदेश की पांचों सीटें कांग्रेस जीतेगी।

# बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे, अपने विधायकों को बिकने से बचाएं : मुख्यमंत्री

## हमारे पास पैसे का नहीं, जनता, ईमानदारी, नैतिकता और हौसले का बल

**शिमला,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के छह बागियों पर सीधा हमला बोला। समूर कलां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे। 25 विधायकों वाले जयराम ठाकुर सरकार बनाने की बात कर रहे हैं, वह अपने विधायकों को बिकने से बचाएं। वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं, उन्हें बचाकर रखना। कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार पूरे 5 साल चलेगी।

हमारे पास पैसे का नहीं, ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौसले का बल है।



**15-15 करोड़ रुपए में बिका एक-एक बागी विधायक, हमारे पास सुबूत**

कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं, इसका हमारे पास सुबूत है। पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। होटलों का बिल किसना दिया, किसके पैसे से हेलीकॉप्टरों में घूमे, यह सब अब सामने आ रहा है। यह सब जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि ये दलाल राजनीति में नहीं चाहिए। इन्हें वोट की चोट कर सबक सिखाएं, इनकी जमानत जब्त करा दें। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो उनके पास सिर्फ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के टेंडर के लिए अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता को फोन कराने के लिए आते थे, उन्होंने जनता की समस्याओं को कभी नहीं उठाया। वह जनता से जुड़े कामों को उन्हें पीए के पास दे जाते थे, मुझसे कभी इन्हीं कहा कि लोगों के काम कर दो, मैं खुद उनके दिए कागज पड़कर जनता के काम करता रहा। अब लड़ाई सत्य और झूठ की है। झूठ बार-बार सत्य से टकराएगा, भुट्टो बार-बार आकर झूठ बोलेगा। उसे सबक सिखाना है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक सुदर्शन बबलू, पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, जसवां परागपुर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेंद्र मनकोटिया, कुटलैहड़ से कांग्रेस उम्मीदवार रहे विवेक शर्मा, कर्नल धर्मेंद्र पटियाल, ऊना जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र धर्माणी, देशराज गौतम, कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

### पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को सबक सिखाएं भाजपाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं से उनका आग्रह है, पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को सबक सिखाएं। इन्होंने कांग्रेस से विधायक बनकर भ्रष्टाचार किया, अब भाजपा में जाकर भी भ्रष्टाचार ही करेंगे। ऐसे व्यक्ति कभी आपकी सेवा नहीं करेंगे, यह लूट-खसूट ही करेंगे।

### कुटलैहड़ में विवेक का नाम सबसे ऊपर

ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ में काफी काम किया है। उपचुनाव में टिकट के लिए उनका नाम सबसे ऊपर है। इस समय लड़ाई टिकट की नहीं है, असत्य और सत्य के बीच है। कुटलैहड़ में विवेक का समर्थन करें।

# प्रादेशिकी

**रामनवमी पर अयोध्या में 24 घंटे दर्शन पर उठे सवाल**

**अयोध्या।** अयोध्या प्रशासन ने रामनवमी के दिन 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक 24 घंटे मंदिर को खुला रखने का आदेश दिया था। कोशिश थी कि अधिक से अधिक श्रद्धालु सुगमतापूर्वक राम लला के दर्शन कर सकें और क्राउड को कंट्रोल किया जा सके। लेकिन, अब इस पर विवाद शुरू हो गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम लला को कितना जगाया जा सकता है। उसके बाद अब मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने साफ साफ कह दिया कि मंदिर 24 घंटे नहीं खुल सकता, उसे बंद तो करना ही पड़ेगा। रामलला का अपनी जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में यह पहला जन्मदिन है, लिहाजा भक्तों का उत्साह चरम पर है।

## योगी ने चुनाव संचालन समितियों के साथ की बैठक

### गोरखपुर, बांसगांव और संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र की चुनाव संचालन समिति की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने दिया जीत का मंत्र

**लखनऊ/ गोरखपुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होली के तुरंत बाद से ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रबुद्ध सम्मेलनों के जरिये युद्ध स्तरीय चुनाव प्रचार में लगे हैं। इसके साथ ही पूरब क्षेत्र पर भी उनका पूरा ध्यान है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में उन्होंने चुनावी रणनीति को धार दी तो गुरुवार को इसी सिलसिले में गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोरखपुर, बांसगांव व संतकबीरनगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदारों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। जरूरत बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की है। बूथ जितना मजबूत होगा,



परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिर्फ आंकड़ों पर विश्वास करके निश्चिंत नहीं बैठना है बल्कि लोकसभा चुनाव में वोट और बूथ केंद्रित व्यवस्था पर अधिक ध्यान देना है। बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और सामाजिक टोली भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। बूथ समिति के पास संबंधित बूथ के एक एक वोटर का ब्योरा होना चाहिए। पन्ना प्रमुखों का उस ब्योरे के अनुरूप मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क और संबंध होना चाहिए। हर मतदाता से अधिकाधिक और बारंबार संपर्क

> **लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए, इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा : योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

होना चाहिए। बूथ क्षेत्र में जितने घर हैं, उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन को दें। जिन विकास कार्यों को हम बोल रहे हैं, उसे जनता बोलने लगे तो हमारा कार्य आसान हो जाएगा। इसके समानांतर सामाजिक टोली समाज के हर वर्गों के लोगों तक जनसंपर्क करती रहे।

निरंतर जनसंपर्क की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी उठानी है। शिक्षक, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, व्यापारी, सामाजिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संगठन सबसे मिलना है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को बताकर फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को साकार करना है। इसके लिए भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि स्थानीय स्तर पर पूरी ताकत झोंक दें। योगी ने कहा कि चुनाव में महिला मोर्चा के पास भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। महिला मोर्चा की पदाधिकारी आधी आबादी के बीच जाकर सघन जनसंपर्क करें। उन्हें मोदी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हुए अभूतपूर्व कार्यों से रूबरू कराएं। उन्हें मतदान के दिन बूथ तक पहुंचने और कमल निशान का बटन दबाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर युवाओं के बीच जाने के लिए भाजयुमो की टीम को लगाया जाए।

## झूठ भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़े भाजपा ने : अखिलेश

**लखनऊ,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झूठ और भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों सभी से झूठे वादे किए। दस साल की केन्द्र की भाजपा सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। न किसानों की आय दोगुनी हुई न युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी मिली। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा देने में फेल रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं। जिन-जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा हैं। भाजपा ने मंहगाई और बेरोजगारी के नाम पर भी जनता से झूठ बोला। महंगाई, बेरोजगारी कम होने के बजाय दोगुनी रफ्तार से बढ़ी। खाने-पीने की चीजें दाल, सब्जी, दूध से लेकर डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस सभी चीजों के दाम बढ़ाकर भाजपा सरकार ने गरीब और मध्यम वर्ग जनता की कमर तोड़ दी। श्री यादव ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। भाजपा ने चुनावी चंदा के नाम पर जमकर वसूली की। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई और आईटी से छापे डलवाकर डराकर तमाम कम्पनियों से वसूली की गई। कोरोना रोधी वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली। भाजपा सरकार में इलेक्टोरल बांड के नाम पर ऐसा भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार



> **भाजपा ने किसानों, नौजवानों, महिलाओं, व्यापारियों सभी से झूठे वादे किए। दस साल की केन्द्र की भाजपा सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया:- अखिलेश यादव**

दबाव डालकर पार्टी के लिए पैसा वसूलती हो ऐसा कभी नहीं हुआ।

## सार संक्षेप

### सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने किया कृषि विश्वविद्यालय का निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत मेरठ-10 लोकसभा क्षेत्र के मा0 सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता तथा पुलिस प्रेक्षक दीपक पाण्डेय द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। मतगणना केंद्र पर सुचारू एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने हेतु तैयारी का जायजा लेते हुए उन्होने सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई, पानी, बिजली, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, मतगणना टेबल, बैठने की व्यवस्था, मतपेटिकाईवीएम जमा करने तथा टेबिल तक पहुंचाने इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियो को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### मेरठ-10 लोकसभा क्षेत्र के मा0 सामान्य प्रेक्षक ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज मेरठ-10 लोकसभा क्षेत्र के मा0 सामान्य प्रेक्षक श्री गुरिन्दर पाल सिंह सहुता द्वारा कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने नामांकन कक्ष में नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशो का कडाई से शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा,सहायक निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### भदोही में कुयें में उतराता मिला लापता महिला का शव

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के गोपीगंज क्षेत्र में लापता महिला का शव उसके घर के पास के कुएं में गुरुवार को उतराता मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोहगी पूरे रजई गांव निवासी पवन की 29 वर्षीय पत्नी वंदना 28 मार्च को लापता हो गई थी। खोजबीन के बाद पता न चलने पर पति ने थाने में गुमशुदगी की सूचना दे दी थी। गुरुवार को कुएं से उठ रही दुर्गन्ध पर लोगों ने देखा तो कुएं महिला का शव दिखाई दिया। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। उसकी पहचान वंदना सिन्हा के रुप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका का मायका वाराणसी में है।

### यूपी एटीएस के हत्थे चढ़े तीन आंतकी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के तीन आंतकवादियों को भारत-नेपाल सीमा पर सुनौली से गिरफ्तार किया है। इन आतंकियें में दो पाकिस्तानी नागरिक और एक जम्मू-कश्मीर का मूल निवासी है।


**सूचना**

मैंने अपना नाम **GAJNFAR ALI** से बदलकर **GHAZANFAR ALI** (गजन्फर अली) पिता **ABDUL MALIK** ( अब्दुल मलिक ) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी– मोहल्ला कुम्हारान किठौर, जनपद मेरठ, उत्तर प्रदेश।**



## पिछड़ा वर्ग समाज को भाजपा ने मान-सम्मान दिया

**मवाना,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित उत्सव मंडप में गुरुवार को बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी चंदन चौहान के समर्थन में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरवीर पाल और संचालन विकास उपाध्याय ने किया।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद के लक्ष्मण और पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप रहे। सम्मेलन का शुभारंभ राज्य सभा सांसद के लक्ष्मण और राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भारत माता के चित्र पर फूल माला चढ़कर किया। राज्य सभा सांसद के लक्ष्मण और राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सम्मेलन में कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज जो सफलताओं की ऊंचाई पर जा रहा है, वह सिर्फ प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की देन है। मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि पिछले सालों की तरह से सभी जातियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए चार सौ का आंकड़ा पार करना है। उन्होंने सबसे अपील है पहले मतदान फिर जलपान करना हैं। दोनों नेताओं ने वहां मौजूद कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। नगर पालिका चेयरमैन अखिल कौशिक ने दोनों नेताओं को फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वगत किया। वहां पर विकास पंवार, मवाना मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक, सत्येंद्र काकरान, श्रीमती नरेश बाला, सुनील पोसवाल, मुन्नी सिंह, राकेश कुशवाहा, विनोद गुप्ता, योगेश शर्मा, विनय प्रजापति व अनिल सक्सेना समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अमेजन को पांच युवकों ने लगाया डेढ़ करोड़ का चूना, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लखनऊ ,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया की सबसे बड़ी ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन को बुंदेलखंड के पिछड़े इलाके के पांच युवकों ने डेढ़ करोड़ रुपए का चूना लगा डाला। ऑनलाइन ठगी का यह अनोखा मामला पुलिस के सामने आने पर सभी हैरत में पड़ गए। शातिर दिमाग युवक जल्द अमीर होने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग के ज़रिए बड़ी बड़ी कम्पनियों को ठगी का शिकार बना रहे थे। पुलिस ने 216 स्मार्ट टीवी, 6 एसी और 4 वाशिंग मशीन बरामद की है। घटना को अंजाम देने के लिए शातिर दिमाग युवक 17 स्मार्ट मोबाइल व 7 कीपैड फोन का प्रयोग करते थे। पुलिस ने 240 सिमकार्ड, एक थम्ब मशीन व लैपटॉप बरामद कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दुनिया में चर्चित सबसे बड़ी ऑनलाइन शॉपिंग कम्पनी अमेजन, फिल्पकार्ट को ठगने वाले शातिर दिमाग युवक महोबा के निवासी हैं। जल्द अमीर बनने के लिए युवकों ने ऑनलाइन शॉपिंग को सहारा बनाया। सभी आरोपी इतने शातिर दिमाग निकले कि इतने बड़े फ्रॉड का अमेजन कंपनी पता भी नही लगा सकी।

करीब एक करोड़ पचास लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी कर चुके महोबा के उमाशंकर, अजयपाल, लवकेश, आकाश और रविन्द्र के घर और गोदाम जब स्मार्ट टीवी और इलेक्ट्रोनिक सामान से भर गए, तो उन्होंने इनको बेचने की योजना बनाई और पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पांचों युवकों की उम्र 19 से 30 वर्ष के बीच है।

पुलिस ने बताया कि ई-कॉमर्स वेबसाइट पर जाकर फर्जी नाम पते से ऑनलाइन अकाउंट बनाते थे और फिर इन्हीं अकाउंट का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के महंगे डिजिटल स्मार्ट टीवी, एसी, वाशिंग मशीन की खरीददारी की जाती थी, जब इन शातिर दिमाग युवकों को इलेक्ट्रॉनिक सामान का आर्डर प्राप्त हो जाता था फिर यह इसे तकनीकी खराबी बता कर ऑर्डर को रद्द कर देते थे। ऑर्डर कैंसिल होने के बाद रिटर्न के लिए डमी सामान की पैकिंग कर उसे कंपनी को वापस भेजते थे तो कई बार कंपनी के रिटर्न वापसी के दौरान अपनी सिम को ही बंद कर लिया करते थे और क्रेडिट किया पैसा उनके खाते में वापस आ जाता था। इस तरह ठगी को अंजाम देकर प्रयोग की गई ई मेल और सिम का उपयोग पूरी तरह से बंद कर देते थे।

## शोभित यूनिवर्सिटी में विशेष व्याख्यान का आयोजन

**मेरठ,** 4 अप्रैल (देशबन्धु) शोभित यूनिवर्सिटी ने यूएसए में पुलिस बल विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य अमेरिका में पुलिस प्रशासन और भारत में पुलिस प्रशासन की भूमिका और चुनौतियों को समझना था। व्याख्यान के समापन तक, विशेष वक्ता ग्रीस साइप्रस, ग्रीस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जॉर्जिया कोग्का ने संयुक्त राज्य अमेरिका में पुलिस प्रणाली के विकास और उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के बारे में बात की। वहाँ प्रोफेसर डॉ मोहम्मद आमिर ने भारतीय पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली एवं उसके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार किया। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर जयानंद नेअपने महत्वपूर्ण विचार साझा करते हुए कहा कि आज के युवा छात्रों कोअपने देश के साथ-साथ दूसरे देश के एडमिनिस्ट्रेशन को समझने की आवश्यकता है भविष्य में चलकर यह जानकारी



उनको बहुत लाभकारी साबित होगी यह विशेष व्याख्यान से विधि विभाग के छात्रों ने भारतीय पुलिस प्रशासन एवं अमेरिका के पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ उससे संबंधित कई प्रश्नों का उत्तर प्राप्त किया। व्याख्यान के समापन में सुश्री निहारिका पिलानिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी संकाय सदस्यों और छात्रों ने इस विशेष व्याख्यान में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## वर्तमान परिस्थिति पर टिका होता है भविष्य का निर्माण भाव भूषण महाराज

**मवाना/हस्तिनापुर,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिये 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के आज 47वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मन्त्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। तदोपरांत भगवंतो का स्वर्ण कलश हर्ष कुमार जैन शान्तिधारा मुनीष जैन, विनोद जैन, विजय जैन, राहुल जैन, संजीव, सपन, सौरभ जैन अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन निर्मल जैन ने किया। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि- अतीत की परम्परा, वर्तमान की स्थिति एवं भविष्य का लक्ष्य तय करना नितांत आवश्यक है। भूतकाल की परम्पराएं वर्तमान में कायम होती है और परिस्थितियों पर ही वर्तमान की स्थिति निर्भर होती है। भविष्य का निर्माण उसी पर टिका होता है। बहुत कुछ परीस्थितियां विद्वानों की मन: स्थिति पर निर्भर करती है। तदोपरान्त देव-शास्त्र-गुरू की पूजन आदिनाथ भगवान की पूजन के उपरांत विभिन्न प्रांतो से आये 136 परिवारों ने तीर्थंकरों को 48 अर्घ्य चढ़ा धर्मलाभ अर्जित किया। 47वें दिन विधान पाठ के मध्य श्री 1008 भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया गया, भगवान को चांदी से निर्मित पालने में झुलाकर भक्तों ने आनंद की अनुभूति की। भक्तामर पाठ का संस्कृत उच्चारण जीवेन्द्र कुमार जैन परिवार के द्वारा किया गया।

## रैली में शामिल हुई ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**मवाना,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। एएस इंटर कालेज मवाना पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला ने गुरुवार को छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने मम्मी पापा के साथ जिद करें कि उन्हें अपने अच्छे लोकतंत्र के लिए तथा उनके भविष्य के लिए अच्छे प्रतिनिधि को चुनकर लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए भेजना है, यदि कोई भी प्रत्याशी अच्छा नहीं है, तब नोटा बटन पर अपना वोट दें परंतु अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। इसके बाद कालेज की सभी छात्रा-छात्राओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में श्रावस्ती से बुलाई गई लोकगीत पार्टी ने मतदाताओं को लोकगीत सुनाकर जागरूक किया। गली-गली में सभी से घर से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। अपील करते हुए कहा गया कि यदि 19 अप्रैल को धूप हो या छांव बारिश हो आंधी आए या तूफान तो छाता लगा कर जाएं, पर मतदान करने जरूर जाएं। श्रावस्ती की टीम के अनुरोध पर मतदाता घरों से




निकले और छात्र-छात्राओं से वादा किया कि वह वास्तव में इस वर्ष अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करेंगे और उनके भविष्य के लिए एक अच्छी सरकार का चयन करेंगे। इससे पहले कालेज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिए पहुंचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, उप जिलाधिकारी अंकित कुमार , नायब तहसीलदार अंकित तोमर का मुख्य द्वार पर छात्र-छात्राओं ने तिलक उत्सव एवं पुष्प वर्षा के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया।

**चुनाव** *देर रात तक पार्टी कार्यालय पर गहमा गहमी का माहौल बना रहा*

## समाजवादी पार्टी से सुनीता वर्मा ने किया नामांकन

**मेरठ, 4 अप्रैल (देशबन्धु) शनिवार को आखिर समाजवादी पार्टी के मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के प्रत्याशी पर सिंबल की अलकटले खत्म हो गई और टिकटकों के उलटफेर के बाद सुनीता वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। उधर बुधवार को पहले ही सरधना विधायक अतुल प्रधान ने अपना नामांकन किया था। इसके बाद पूर्व विधायक योगेश शर्मा अपनी पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दिलाने के लिए तुरंत लखनऊ रवाना हुए और लोकसभा का टिकट मांगा।**

- **भानु प्रताप के बाद अतुल का भी टिकट कटा**
- **अखिलेश यादव ने रखा दलितों का सम्मान : योगेश वर्मा**
- **अटकलों के बीच पत्नी को टिकट दिलाने में कामयाब हुए पूर्व विधायक**

इस बात की भनक लगते ही विधायक अतुल प्रधान भी लखनऊ पहुंचे। सूत्रों के अनुसार देर रात तक पार्टी कार्यालय पर गहमा गहमी का माहौल बना रहा। उधर क्षेत्र की जनता ने भी अपने-अपने कयास लगाने शुरू कर दिए थे। बता दें कि 2023 में हुए मेयर चुनाव में अतुल प्रधान की पत्नि सीमा प्रधान तीसरे नंबर पर रही थी। जिसका कारण था क्षेत्रीय दल की गुटबाजी और भारी विरोध। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में यह चर्चाएं थी कि टिकट इस बार अतुल को ही मिलेगा या




किसी और को। गुरुवार की सुबह इन अटकलों को विराम देते हुए अखिलेश यादव ने योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा पर भरोसा जताया और उन्हें सिंबल दे दिया। इस दौरान अतुल प्रधान और विधायक अतुल प्रधान को भी समझाया गया। उधर नामांकन दाखिल करने में समय कम होने के चलते वजह से आनन फानन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने प्लेन से ही योगेश वर्मा को हिंडन तक भेजा। जहां से योगेश वर्मा कार के रास्ते मेरठ के मोदीपुरम स्थित आवास पर पहुंचे। जिसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया ,वहां से वह अपने काफिले के साथ कलेक्ट्रेट नामांकन करने पहुंचे। उन्होंने मेरठ की पूर्व मेयर सुनीता वर्मा का नामांकन पत्र दाखिल कराया। इस दौरान शहर विधायक रफीक अंसारी, जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी शाहिद मंजूर के पुत्र नवाजिश मंजूर, राहुल गौतम, संदीप गौतम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजन वर्मा, सहित भारी तादाद में उनके समर्थक मौजूद रहे। सुनीता वर्मा के पति योगेश वर्मा का कहना है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दलितों का सम्मान रखा है हम अपने नेता के विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने दावा किया कि उनके साथ मुस्लिम, दलित समेत सर्व समाज के लोग हैं और उनके लिए ही सेवाभाव रहेगा।

### कब-कब क्या-क्या हुआ?

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर समाजावादी पार्टी के नेताओं के बीच टिकट को लेकर काफी घमासान देखा गया। सपा सुप्रीमा अखिलेश यादव ने करीब दो सप्ताह पूर्व अधिवक्ता भानु प्रताप को प्रत्याशी घोषित किया था। जिसके बाद उन पर बाहरी प्रत्याशी होने का आरोप लगाकर कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया।




# हेमंत सोरेन नहीं लड़ेंगे चुनाव

## सीता सोरेन के मुकाबले झामुमो ने नलिन को उतारा

**रांची,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राज्य की दो लोकसभा सीट दुमका और गिरिडीह के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है।

**■ गिरिडीह में मथुरा बने प्रत्याशी**

दुमका सीट पर नलिन सोरेन को और गिरिडीह में मथुरा महतो को प्रत्याशी बनाया गया है। इसकी घोषणा पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय की ओर से जारी पत्र में की गई है। दुमका से नलिन सोरेन की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ यह तय हो गया है कि जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगे।

भाजपा की ओर से इस सीट पर सीता सोरेन की उम्मीदवारी घोषित करने के बाद यह कयास लगाया जा रहा था कि उनके मुकाबले में खुद हेमंत सोरेन मैदान में उतरेंगे। यहां प्रत्याशी बनाए गए नलिन सोरेन दुमका जिले की शिकारीपाड़ा सीट के विधायक हैं। वह इस विधानसभा सीट से लगातार सात बार निर्वाचित हुए हैं। गिरिडीह सीट पर प्रत्याशी बनाए गए मथुरा महतो टुंडी क्षेत्र के विधायक हैं। वह राज्य की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के प्रत्याशी और मौजूदा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से होगा।

**हजारीबाग सीट की 'सांसदी' के लिए दो विधायकों के बीच दिलचस्प मुकाबला**

झारखंड में सियासी नजरिए से हमेशा



हाईप्रोफाइल मानी जाने वाली हजारीबाग लोकसभा सीट की 'सांसदी' के लिए इस बार दो विधायकों के बीच कांटे का मुकाबला है। दिलचस्प यह है कि दोनों वर्ष 2019 में हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग जिले की दो अलग-अलग सीटों से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर विजयी हुए थे। पंद्रह दिन पहले इनमें से एक ने पाला बदलकर कांग्रेस का दामन थाम लिया और अब अखाड़े में दोनों एक-दूसरे के खिलाफ ताल ठोक रहे हैं।

भाजपा ने हजारीबाग सदर सीट के विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है तो मांडू सीट के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। मनीष जायसवाल लगातार दो बार विधायक चुने गए हैं, जबकि जयप्रकाश भाई पटेल तीन बार। इनमें एक समानता यह भी है कि सियासत के मैदान में दोनों की लैंडिंग अपने-अपने पिता की विरासत की बदौलत हुई। मनीष जायसवाल के पिता ब्रजकिशोर जायसवाल कई बार हजारीबाग नगरपालिका



अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से दो बार कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव भी लड़ा था, लेकिन कभी जीत नहीं पाए थे। दूसरी तरफ, जयप्रकाश भाई पटेल के पिता टेकलाल महतो मांडू से पांच बार विधायक और गिरिडीह से एक बार सांसद रहे थे।

**चुनाव मैदान में पहले भी हो चुकी है आमने सामने भिड़ंत**

खास बात यह है कि चुनाव मैदान में इन दोनों की एक बार पहले भी आमने-सामने भिड़ंत हो चुकी है। वर्ष 2011 में मांडू विधानसभा सीट पर विधायक टेकलाल महतो के निधन की वजह से उपचुनाव हुआ था। तब, दिवंगत टेकलाल महतो के पुत्र जयप्रकाश भाई पटेल झामुमो के उम्मीदवार थे, जबकि मनीष जायसवाल झारखंड विकास मोर्चा के। इस चुनाव में जयप्रकाश भाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। इस दफा, दोनों पहली बार संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं।

हजारीबाग झारखंड की उत्तरी छोटानागपुर कमिश्नरी का हेडक्वार्टर है। केंद्र की सरकारों में कई बार मंत्री और अपने दौर में भाजपा के कद्दावर नेता रहे यशवंत सिन्हा, फिर उनके पुत्र जयंत सिन्हा की वजह से हजारीबाग को हाईप्रोफाइल सीट माना जाता रहा है। इसके पहले भी बिहार में लंबे समय में कांग्रेस के बाद दूसरे सबसे बड़े दल की हैसियत रखने वाली रामगढ़ राजा की 'छोटानागपुर-संथाल परगना जनता पार्टी' का केंद्र हजारीबाग ही था और इस वजह से यह सियासी नजरिए से बेहद अहम इलाका रहा है। इस सीट के 1984 से लेकर अब तक यानी पिछले 40 वर्षों के इतिहास पर गौर करें तो 25 वर्ष भाजपा और 15 वर्ष गैरभाजपा नेताओं ने संसद में इस इलाके का प्रतिनिधित्व किया है। कांग्रेस का झंडा यहां आखिरी दफा 1984 में लहराया था। तब, इंदिरा गांधी के निधन से उपजी सहानुभूति लहर में कांग्रेस के प्रत्याशी दामोदर पांडेय विजयी हुए थे। आजादी के बाद से इस सीट पर अब तक कुल 17 बार चुनाव हो चुके हैं। भाजपा इनमें से सात चुनावों में जीत हासिल कर चुकी है। जबकि, कांग्रेस दो बार 1971 और 1984 में यहां सफल हो पाई।

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा के जयंत सिन्हा ने यहां कांग्रेस के प्रत्याशी गोपाल साहू को एकतरफा मुकाबले में 4 लाख 79 हजार 548 मतों से शिकस्त दी थी। इस बार दोनों पार्टियों ने नए योद्धाओं को मैदान में उतारा है।

# भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा इसी संसदीय क्षेत्र से लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**पटना,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के दिग्गज नेता और भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा इसी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बिहार में आगामी लोकसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) के घटक दलों के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। सीटों में तालमेल के तहत कांग्रेस नौ सीट पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस किशनगंज, कटिहार, पश्चिम चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु), पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज सीट से चुनाव लड़ेगी।

**■ इंडी गठबंधन के घटक दलों के बीच हुआ सीटों का बंटवारा**

भागलपुर संसदीय सीट से कांग्रेस ने भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा को चुनावी रणभूमि में उतारा है। अजीत शर्मा ने 2014 में हुए उपचुनाव, 2015 और 2020 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में भागलपुर से जीत हासिल की है। चर्चा थी कि कांग्रेस भागलपुर संसदीय सीट से अजीत शर्मा की पुत्री बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा को मौका दे सकती है लेकिन कांग्रेस ने अजीत शर्मा पर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है।

लोकसभा चुनाव 2019 में भागलपुर सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रत्याशी अजय कुमार मंडल ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार शैलेश कुमार मंडल उर्फ बुलो मंडल को पराजित किया। (इंडी गठबंधन) में सीटो में तालमेल के तहत भागलपुर सीट इस बार राजद के हिस्से से कांग्रेस को मिल गयी है। राजग की ओर से इस बार के चुनाव




में भी भागलपुर से जदयू सांसद अजय कुमार मंडल चुनावी रणभूमि में उतरे हैं।

**भागलपुर सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में हुआ था लोकसभा चुनाव**

भागलपुर सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी बनारसी प्रसाद झुनझुनवाला ने जीत हासिल की थी। कांग्रेस में यह सीट पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद की हुआ करती थी। भागवत झा आजाद ने इस सीट पर वर्ष 1967, 1971, 1980 और वर्ष 1984 में जीत हासिल की थी। इस संसदीय क्षेत्र में वह कांग्रेस की आखिरी जीत थी। कांग्रेस ने यहां अंतिम बार 2009 में चुनाव लड़ा था। कांग्रेस प्रत्याशी और बिहार विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सदानंद सिंह चौथे स्थान पर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी वर्ष 2004 में इस सीट पर भाजपा के टिकट पर चुनाव जीता है। भागलपुर सीट से भाजपा के दिग्गज नेता सैयद शाहनवाज हुसैन वर्ष 2006 में हुए उपचुनाव और वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं।

# लोकसभा चुनाव के कुल 34 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**■ अंतिम दिन 16 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, निर्दलीय ने दिखाया उत्साह**

**ग्रेटर नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 34 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। अब तक भारतीय जनता पार्टी से डॉ. महेश शर्मा, कांग्रेस-समाजवादी पार्टी गठबंधन के समाजवादी पार्टी से महेन्द्र नागर, बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह सोलंकी के बीच असली मुकाबला देखने को मिलेगा नामांकन के अंतिम दिन 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, जिसमें किसी बड़े पार्टी का प्रत्याशी शामिल नहीं था। लोकसभा चुनाव के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों के उत्साह को देखने से लगता है कि कैडर पार्टियों के मत में सेंध लग सकता है, स्थिति यही रही तो जिले में दो ईवीएम से मतदान हो सकेगा। बड़ी पार्टियों के साथ छोटी पार्टियों के प्रत्याशियों ने भी लोकसभा चुनाव में उत्साह दिखाया है।

**छोटी पार्टी के प्रत्याशियों ने लोकसभा चुनाव में दिखाया है उत्साह**

सुभाष वादी भारतीय समाजवादी पार्टी



से नर्वदेश्वर दीक्षित, नेशनल पार्टी से प्रत्याशी किशोर सिंह, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के मनीष कुमार द्विवेदी, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी के नरेश नौटियाल, जय हिंद नेशनल पार्टी के राजीव मिश्रा, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी की कुमारी शालू, सुपर पावर इंडियन पार्टी के रण सिंह डुडी। राजलोक पार्टी के श्यौराज सिंह, आजाद अधिकार सेना पार्टी के यतेंद्र सिंह, अखिल भारत हिंदू महासभा पार्टी के रणवीर चौधरी, भारतीय महासंघ पार्टी के प्रशांत भाटिया, संयोगवादी पार्टी के आनंद शर्मा, वीरों के वीर इंडियन पार्टी के भीम प्रकाश जिज्ञासु, भारतीय किसान पार्टी के गयादीन अहिरवार, राष्ट्रीय जनता पार्टी के श्यामसुंदर शर्मा।

**सत्रह निर्दलीय प्रत्याशियों ने किया नामांकन**

बबली, संजय शर्मा, पराग कौशिक, गीता रानी शर्मा, नवीन चंद दुबे, सुनील गौतम, महेश कुमार सोनी, प्रमोद आत्री, संजीव कुमार, प्रवीण शर्मा और महकार सिंह, शिवम आशुतोष, रोदास गुप्ता, मोहम्मद मुमताज आलम, रितु सिन्हा व इखलाक ने नामांकन किया।

**आठ अप्रैल के बाद तय होगा कितने प्रत्याशी होंगे मैदान में**

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु तिथि 5 अप्रैल दिन शुक्रवार व नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 8 अप्रैल दिन सोमवार निर्धारित की गई है। नामांकन करने वालों में प्रत्याशियों के नाम वापस लेने के बाद अंतिम रुप से प्रत्याशी मैदान में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का पता लग सकेगा। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल दिन शुक्रवार तथा 4 जून दिन मंगलवार को मतगणना संपन्न होगी। 6 जून 2024 दिन गुरुवार से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

# एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

**भोपाल,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 4 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। पहले चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 19 अप्रैल को, दूसरे चरण में 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।

राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिए विशेष व्यवस्था दी गई है।

**■ मप्र के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 4 चरण में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी**

नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे। राजन ने बताया कि पहले चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों सीधी, शहडोल (अजजा), जबलपुर, मंडला (अजजा), बालाघाट एवं छिंदवाड़ा में 18 अप्रैल एवं मतदान तिथि 19 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। दूसरे चरण के 7 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, नर्मदापुरम एवं बैतूल (अजजा) में 25 अप्रैल एवं मतदान तिथि 26 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। तीसरे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल एवं राजगढ़ में 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसी प्रकार चौथे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 12 मई एवं मतदान तिथि 13 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

# जम्मू-कश्मीर : अपनी पार्टी ने 2 लोस सीटों के लिए उम्मीदवारों का किया ऐलान

**श्रीनगर,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सैयद अल्ताफ बुखारी की अध्यक्षता वाली जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी ने गुरुवार को घाटी की 2 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। अपनी पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि मोहम्मद अशरफ मीर श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जबकि जफर इकबाल मन्हास अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। पार्टी ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला निर्वाचन क्षेत्र के लिए किसी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। अपनी पार्टी द्वारा श्रीनगर और अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ इन निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव की लड़ाई दिलचस्प हो गई है। नेशनल कॉन-?फ्रेंस ने वरिष्ठ गुज्जर/बकरवाल नेता मियां अल्ताफ अहमद को अनंतनाग सीट से मैदान में उतारा है, जबकि उमर अब्दुल्ला के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने की संभावना है।

# विरुधुनगर में मुकाबला हुआ दिलचस्प

**चेन्नई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु की विरुधुनगर लोकसभा सीट इस समय सुर्खियों में है। यहां पॉपुलर साउथ इंडियन एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार भाजपा के टिकट पर चुनावी मैदान में उतर गई हैं। भाजपा मुख्य रूप से तमिलनाडु की चार सीटों पर फोकस कर रही है, जिसमें कोयंबटूर, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी शामिल हैं। राधिका और उनके पति सरथकुमार ने चुनाव के दौरान अपनी ऑल इंडिया समथुवा मक्कल काची का भाजपा में विलय कर दिया और राधिका अब भाजपा के टिकट पर इस सीट से चुनाव लड़ रही हैं। सरथकुमार राज्यसभा सदस्य और विधायक भी थे।

**■ कोयंबटूर, विरुधुनगर, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी शामिल**

**■ 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मनिकम टैगोर ने हासिल की थी जीत**

ये निर्वाचन क्षेत्र पटाखा फैक्ट्रियों के लिए जाना जाता है। यह लगभग 6,000 करोड़ रुपए का उद्योग है, और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है।



भाजपा को साउथ की टॉप हीरोइन रह चुकीं राधिका की लोकप्रियता पर भरोसा है। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मनिकम टैगोर ने इस निर्वाचन क्षेत्र में निकटतम डीएमडीके प्रतिद्वंद्वी, आर. अलागरसामी को 1,54,554 मतों से हराकर जीत हासिल की थी।

राधिका सरथकुमार का मुकाबला मौजूदा सांसद मनिकम टैगोर और दिवंगत तमिल सुपरस्टार विजयकांत के बेटे वी. विजय प्रभाकरन से है, जो डीएमडीके के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल, अन्नाद्रमुक, जो 2019 के लोकसभा चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनावों में एनडीए का हिस्सा था, अब भाजपा के साथ गठबंधन में नहीं है। मदुरै के राजनीतिक विश्लेषक जकारियास जोसेफ ने कहा कि राधिका सरथकुमार को मैदान में उतारना भाजपा का मास्टर स्ट्रोक है और इससे पार्टी को काफी बल मिला है। जबकि डीएमडीके उम्मीदवार विजय प्रभाकरन नए-नए राजनीति में आए हैं, उनके पिता दिवंगत तमिल सुपरस्टार विजयकांत बहुत लोकप्रिय थे। मौजूदा सांसद कांग्रेस के मनिकम टैगोर को विरुधुनगर में कड़ा मुकाबला मिलेगा k

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को विरुधुनगर निर्वाचन क्षेत्र में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलेंगे। राधिका सरथकुमार ने कहा कि भाजपा यहां आगे है और हमारा तंत्र अच्छी तरह काम कर रहा है। निर्वाचन क्षेत्र में विकास का अभाव है और यहां करने के लिए बहुत कुछ है। आप खुद देख सकते हैं कि हमारी सभाओं में जनता कैसे आ रही है। प्रधानमंत्री की यात्रा गेम चेंजर होगी और हम जीत की स्थिति में हैं।


# सपा ने मेरठ से अतुल प्रधान का काटा टिकट

## सुनीता वर्मा को बनाया उम्मीदवार

**मेरठ,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) ने मेरठ में अब अपना लोकसभा का उम्मीदवार सुनीता वर्मा को बनाया है। उन्हें अतुल प्रधान का टिकट काटकर मैदान में उतारा गया है। टिकट मिलते ही वह अपने पति योगेश वर्मा के साथ नामांकन करने पहुंची।

**■ राजनीति और सामाजिक जीवन में अलग तरह के आते हैं मोड़**

टिकट कटने के बाद सरधना विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को सिंबल मिला है। राजनीति और सामाजिक जीवन में अलग तरह के मोड़ आते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हम लोगों से बुलाकर बातचीत की है। उन्होंने जो फैसला किया, वो स्वीकार है। पूरी रात से लखनऊ में थे। दोनों लोगों की सहमति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार को पूरा सपोर्ट करेंगे, जो सपा ने तय किया है। जो भी निर्णय है, वो हमें स्वीकार है। बता दें कि सपा ने पहले भानु प्रताप को टिकट दिया था और फिर उनका टिकट काटकर अतुल प्रधान को थमाया। अतुल प्रधान ने नामांकन भी दाखिल कर दिया। लेकिन, अब उनका भी टिकट कट गया है और अब मेरठ की पूर्व मेयर सुनीता वर्मा को उम्मीदवार के तौर पर उतारा गया है। सुनीता वर्मा मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से पूर्व विधायक योगेश वर्मा की



पत्नी हैं। सुनीता वर्मा साल 2017 में बहुजन समाज पार्टी से मेरठ की मेयर भी रह चुकी हैं।

**सपा के बार-बार टिकट बदलने से भ्रम में कार्यकर्ता**

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की तरफ से बार-बार टिकट बदलने से कार्यकर्ताओं में कन्फ्यूजन हो रहा है। आधा दर्जन से ज्यादा सीटों पर यह हो चुका है। इस पर सत्ता पक्ष चुटकी भी ले रहा है। राजनीतिक जानकार कहते हैं कि अखिलेश करीब छह लोकसभा सीटों पर टिकटों में बदलाव कर चुके हैं। चर्चा है कि वह अभी कुछ और सीटों पर बदलाव का विचार कर रहे हैं। मेरठ, मुरादाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बिजनौर, बदायूं, मिश्रिख में टिकट बदले गए। ताजा चर्चा के अनुसार कई सीटों पर असमंजस की स्थित बनी हुई है। ताजा घटनाक्रम में मेरठ वाला मामला भी मुरादाबाद की तरह बनता जा रहा है। वहां से पहले उम्मीदवार का टिकट काट कर सरधना विधायक अतुल प्रधान को उम्मीदवार बनाया गया। लेकिन रात में सूचना आई कि उनका भी टिकट कट सकता है। उनकी जगह किसी और को उम्मीदवार बनाया जा सकता है।

# गौतमबुद्ध नगर लोकसभा चुनाव में ग्रामीण मतदाता होंगे निर्णायक

**नोएडा,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों में इस बार ग्रामीण मतदाता निर्णायक की भूमिका में रहेंगे। यही वजह है कि इस बार प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी भी ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता को रिझाने का प्रयास कर रहे है। भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा तीनों प्रत्याशी ही जेवर, दादरी, खुर्जा और सिकंदराबाद के गांवों में एक दूसरे के वोटर में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे है। अब देखना है कि मतदाता किस तरफ जाएंगे।

गौतमबुद्धनगर लोकसभा में करीब 26 लाख मतदाता है। जिसमें से करीब 16 लाख मतदाता ग्रामीण क्षेत्र से आते है। विगत तीन लोकसभा चुनावों में मतदान के आंकड़े भी यही बयां कर रहे है। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट में



पांच विधानसभा आती है। इसमें तीन विधानसभा नोएडा, दादरी, जेवर गौतम बुद्ध नगर जिले से है, जबकि खुर्जा व सिकंदराबाद विधानसभा बुलंदशहर जिले से आती है।

दोनों जिलों की पांचों विधानसभा को मिलाकर कुल 705 गांव है, ऐसे में

**■ प्रत्येक चुनाव में ग्रामीण मतदाताओं का प्रतिशत रहा ज्यादा**

**■ 2019 में शहर में कुल 54 प्रतिशत मतदाता ने वोट दिया**

**■ ग्रामीण आबादी की चुनावी मतदान में अहम भूमिका**

ग्रामीण आबादी ही चुनावी मतदान में अहम भूमिका निभाने वाली है। इस बार लोकसभा में करीब 2.58 मतदाता नए जुड़े है। जो इस भूमिका का और अधिक मजबूती देने जा रहे है। शहरी मतदाता से अधिक ग्रामीण मतदाता की भूमिका अहम मानी जा रही है। बता दे

### गौतमबुद्धनगर लोकसभा में विधानसभा वार मतदाता

| विधान सभा | कुल मतदाता | गांव की संख्या |
|---|---|---|
| नोएडा | 759417 | 81 |
| दादरी | 704502 | 152 |
| जेवर | 367046 | 93 |
| सिकंदराबाद | 397500 | 179 |
| खुर्जा | 351574 | 200 |

गौतमबुद्ध नगर में 2019 में शहर में कुल 54 प्रतिशत मतदाता ने वोट दिया वहीं गांव में इसका प्रतिशत 64 रहा।

**दादरी और जेवर के वोटर सबसे ज्यादा जागरूक**

साल 2019 में लोकसभा सीट पर हुए मतदान में सबसे अधिक दादरी व जेवर के गांव की भूमिका अहम रही।

गौतमबुद्धनगर जिले में सर्वाधिक गांव 346, जिसमें से दादरी विधानसभा में सर्वाधिक 152 व जेवर में 93 गांव है। नोएडा में सिर्फ 81 गांव है, जिसमें से मूल आबादी वाले गांव की संख्या सिर्फ 68 ही है। ऐसे में दादरी के ग्रामीण क्षेत्र में मतदान 64.6 प्रतिशत और जेवर के ग्रामीण क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 68.4 प्रतिशत रहा।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 3.06 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.98 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.74 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.72 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.41 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 1.52 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.44 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.01 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.96 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.60 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 69,908 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर


| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# यूपीआई लेनदेन की संख्या में सालाना आधार पर 56 प्रतिशत का उछाल

- 2022 की दूसरी छमाही में यह संख्या 42.09 अरब के स्तर पर थी
- भुगतान प्रणाली में यूपीआई का बना हुआ है दबदबा




**मोबाइल लेनदेन में पर्याप्त विस्तार के साथ यूपीआई ने निर्विरोध अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है : रमेश नरसिम्हन**

**मुंबई**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। पिछले साल दूसरी तिमाही में यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की संख्या में सालाना आधार पर 56 प्रतिशत का उल्लेखनीय उछाल देखा गया।

भुगतान सेवाओं में अग्रणी वैश्विक कंपनी वर्ल्डलाइन जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान मूल्य के हिसाब से भी यूपीआई लेनदेन में भी 44 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई - दिसंबर 2023) के लिए वर्ल्डलाइन की भारत डिजिटल भुगतान रिपोर्ट के अनुसार 2023 के उत्तरार्ध में संख्या के हिसाब से यूपीआई लेन-देन एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 56प्रतिशत बढ़ कर 65.77 अरब के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, 2022 की दूसरी छमाही में यह संख्या 42.09 अरब के स्तर पर थी। इसी समयावधि में यूपीआई लेन-देन उनके कुल मूल्य के हिसाब से 44 फीसदी की वृद्धि के साथ 99.68 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया । वर्ष 2022 की दूसरी छमाही में यूपीआई के माध्यम से कुल 69.36 लाख करोड़ रुपए के लेन-देन किए गए। वर्ल्डलाइन की यह छमाही डिजिटल भुगतान परिदृश्य में उल्लेखनीय रुझानों और बदलावों की एक श्रृंखला को दर्शाती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि भुगतान प्रणाली में यूपीआई का दबदबा बना हुआ है और यह तेजी से भारत से बाहर अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान यूपीआई भुगतानों का औसत आकार (एटीएस) एक साल पहले की इसी अवधि के 1648 रुपए से 8 प्रतिशत घटकर 1515 रुपए हो गया । रिपोर्ट में कहा गया है कि सौदों के आकार का घटना देश में डिजिटल भुगतान की प्रवृत्ति के अनुरूप है। यह दर्शाता है कि यूपीआई अब समाज में और अधिक गहन तरीके से अपनाया जाने लगा है और लोग छोटे और सूक्ष्म लेनदेन में इसका प्रयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सौदों के आकार में यह गिरावट मुख्य रूप से व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) लेनदेन में वृद्धि के कारण है। वर्ल्डलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी-भारत, रमेश नरसिम्हन ने कहा, वर्ष 2023 में भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में कुछ महत्वपूर्ण प्रवृत्तियां देखी गईं। मोबाइल लेनदेन में पर्याप्त विस्तार के साथ यूपीआई ने निर्विरोध अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है। यह प्रवृत्ति स्मार्टफोन-आधारित भुगतान विधियों के साथ उपयोगकर्ताओं के बढ़ते आत्मविश्वास को रेखांकित करती है।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे मजबूत

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के एक सप्ताह के निचले स्तर तक लुढ़कने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 15 पैसे मजबूत होकर 83.38 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.53 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया नौ पैसे की बढ़त लेकर 83.44 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.38 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और इसी स्तर पर बंद हुआ। वहीं, लिवाली के दबाव में यह 83.46 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।




## सरकार ने दी संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10 हजार टन प्याज निर्यात की अनुमति



- प्याज की बढ़ती कीमतों के साथ सरकार अपने बफर स्टॉक से जारी कर रही सब्जी

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिए संयुक्त अरब अमीरात को अतिरिक्त 10,000 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब ईद का त्योहार नजदीक आ रहा है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा मंगलवार देर रात जारी किया गया यह आदेश 14,400 टन प्याज के अतिरिक्त होगा, जिसे पहले 1 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात में निर्यात करने की अनुमति दी गई थी। यह एनसीईएल के जरिए किया जा रहा है, जिसने हर तिमाही के लिए 3,600 मीट्रिक टन की मात्रा सीमा तय कर रखी है। बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 8 दिसंबर, 2023 को शिपमेंट पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद से मित्र देशों के प्रति की गई प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए अब तक 79,150 टन प्याज को निर्यात के लिए मंजूरी दे दी गई है। अल नीनो से प्रेरित सूखे के कारण सरकार को वित्तवर्ष 2023-24 के दौरान प्याज निर्यात को विनियमित करने के लिए नीतिगत उपाय करने की जरूरत पड़ी। इन उपायों में 19 अगस्त, 2023 को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगाना, 29 अक्टूबर, 2023 से 800 अमेरिकी डॉलर प्रति मीट्रिक टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) लगाना और 8 दिसंबर, 2023 से निर्यात पर प्रतिबंध लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती कीमतों पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। प्याज की बढ़ती कीमतों के साथ केंद्र सरकार अपने बफर स्टॉक से मुख्य सब्जी जारी कर रही है।

## खाद्य तेलों में तेजी, दालों में मिला जुला रुख

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड के भाव गिर गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 13 रिंगिट फिसलकर 4566 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.04 सेंट की गिरावट के साथ 48.81 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये और सोया रिफाइंड 146 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 150 रुपए, दाल चना 150 रुपए और अरहर दाल 300 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई जबकि उड़द दाल में 150 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही।

वहीं, मूंग दाल और मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

# जीई एयरोस्पेस 240 करोड़ में पुणे संयंत्र का करेगी विस्तार

- प्रधानमंत्री मोदी ने किया था फैक्ट्री का उद्घाटन
- फैक्ट्री में कमर्शियल जेट इंजन के कलपुर्जे बनाए जाते हैं




**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। जीई एयरोस्पेस ने पुणे में अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का विस्तार करने और उसे अपग्रेड करने के लिए 240 करोड़ (3 करोड़ डॉलर) से ज्यादा का निवेश करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस निवेश से फैक्ट्री को नई परियोजनाएं एवं उत्पादन प्रक्रियाओं को जोड़ने में मदद मिलेगी। इसके लिए नई मशीनों, उपकरणों और स्पेशलाइज्ड टूल्स को खरीदा जाएगा और साथ ही मौजूदा उत्पादों की क्षमता भी बढ़ाई जा सकेगी। जीई एयरोस्पेस में ग्लोबल सप्लाई चेन के उपाध्यक्ष माइक कॉफमैन ने कहा कि पुणे के मल्टी-मोडल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में हमारी टीम का ध्यान सुरक्षा, गुणवत्ता और अपने उपभोक्ताओं को बेहतर प्रॉडक्ट्स की डिलीवरी पर रहता है। मैं इस साइट का विस्तार होते देखकर काफी खुश हूं। यह प्लांट एयरक्रॉफ्ट के इंजन के अलग-अलग हिस्सों की हमारी ग्लोबल सप्लाई चेन में पहले ही महत्वपूर्ण तरीके से अपना योगदान दे रहा है।'' जीई एयरोस्पेस की पुणे स्थित फैक्ट्री के प्रबंध निदेशक अमोल नागर ने कहा कि यह निवेश एयरोस्पेस के क्षेत्र में हमारी क्षमता के विस्तार में मदद करेगा। यह हमें उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए संसाधन प्रदान करेगा, जिसकी हमें जरूरत है।''

इस फैक्ट्री का उद्घाटन फरवरी 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस फैक्ट्री में कमर्शियल जेट इंजन के तरह-तरह के कलपुर्जे बनाए जाते हैं। इन उपकरणों को दुनिया भर में मौजूद जीई की फैक्ट्रियों में भेजा जाता है।

## सार संक्षेप

### केएफसी के इंटरनेशनल बर्गर फेस्ट की शुरूआत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल फ्लेवर्स से इंसपायर केएफसी का इंटरनेशनल बर्गर फ़ेस्ट शुरू हो गया है। इसमें अलग-अलग तरह के जिंगर बर्गर, अपने अलग स्वाद और फ़्लेवर के साथ मिलेंगे, जो दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से हैं। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस फेस्ट में एक नहीं, दो नहीं बल्कि पांच अलग-अलग जिंगर बर्गर मिलेंगे। इसके अलावा कैरेबियन स्पाइसी जिंगर, पेरी-पेरी बन में गोल्डन फ़िलिट, क्रंची वेज़ीज़, मेल्टेड चीज़ और तीन चिली सॉस भरकर स्पाइसी बनाया गया है। साथ ही मैक्सिकन प्रो जिंगर , सीसेम बन में क्रिस्पी फिलेट, वेज़ीज़, हबानेरो सॉस और मेल्टेड चीज़ से।

### हीरो मोटोकॉर्प को आयकर विभाग से मिला नोटिस

**नई दिल्ली।** ऑटो दिग्गज हीरो मोटोकॉर्प ने गुरुवार को कहा कि उसे इनकम टैक्स विभाग से टैक्स और ब्याज के रूप में 605 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। हीरो मोटोकॉर्प ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि कंपनी को 3 अप्रैल को आयकर विभाग से छह मूल्यांकन वर्षों से संबंधित नोटिस प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने खुलासा किया कि टैक्स की मांग 308.65 करोड़ रुपए है, बाकी 296.22 करोड़ रुपए ब्याज के रूप में है। देश की अग्रणी दोपहिया वाहन निर्माता ने कहा कि यह मूल्यांकन वर्ष 2013-14 से 2017-18 और 2019-20 के लिए है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह इन आदेशों के खिलाफ अपील दायर करेगी और आदेश में सुधार की मांग करेगी।

### एनएसई को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी का इंतजार

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा चल रही है लेकिन एनएसई को सेबी से इसके लिए संकेत मिलने का इंतजार है। एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष चौहान ने आज यहां कहा कि जून 2022 में सेबी ने आईपीओ के आवेदन पर कई सवाल पूछे थे। बाद में उसका जवाब दे दिया गया था लेकिन अब तक कोई संकेत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि जब सेबी से आईपीओ का संकेत मिलेगा तब उसको लाने की तैयारी की जाएगी।

### सोने की कीमत लगातार सातवें दिन रिकॉर्ड स्तर पर


**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत लगातार सातवें दिन नए रिकॉर्ड स्तर पर रहने के कारण गुरुवार को घरेलू स्तर पर एमसीएक्स में इसके दाम सर्वकालिक उच्चतम स्तर 69,908 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। एमसीएक्स पर जून का सोना वायदा सुबह के कारोबार में 69,868 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातु के 2,323.70 डॉलर प्रति औंस के उच्च स्तर पर पहुंचने की खबर के बाद यह 69,908 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय से पहले बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में निवेशकों के नीतिगत दरों को यथावत बनाए रखने की उम्मीद में आईटी, सीडी, वित्तीय सेवाएं, यूटिलिटीज और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत तेरह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत पिछले लगातार दो दिन की गिरावट से उबरकर शेयर बाजार ने आज ऊंची छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक उछलकर 74,227.63 अंक पर पहुंच गया।

- सेंसेक्स 350.81 अंक उछलकर 74,227.63 पर
- निफ्टी 80.00 अंक की बढ़त लेकर 22,514.65 पर बंद




साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 80.00 अंक की बढ़त लेकर 22,514.65 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली कंपनियों में बिकवाली हुई लेकिन छोटी कंपनियों के शेयर मजबूत रहे। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.11 प्रतिशत फिसलकर 40,625.41 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,803.97 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2451 में लिवाली जबकि 1397 में बिकवाली हुई वहीं 99 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां हरे जबकि शेष 19 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के 13 समूहों के शेयर मजबूत रहे। इस दौरान सीडी 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.69, हेल्थकेयर 0.14, इंडस्ट्रियल्स 0.26, आईटी 0.93, यूटिलिटीज 0.78, ऑटो 0.25, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.85, धातु 0.05, पावर 0.38 और टेक समूह के शेयर 0.47 प्रतिशत उछल गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.41, जर्मनी का डैक्स 0.01 जापान का निक्केई 0.81 दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.29 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.22 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.18 प्रतिशत टूट गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 537 अंक की तूफानी तेजी लेकर 74,413.82 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले 73,485.12 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद हुई दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद यह 74,501.73 अंक के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 73,876.82 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत उछलकर 74,227.63 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर लाभ में रहे उनमें एचडीएफसी बैंक 3.06, टाइटन 1.98, टेक महिंद्रा 1.74, एशियन पेंट 1.72, टीसीएस 1.41, मारुति 1.22, कोटक बैंक 0.99, बजाज फिनसर्व 0.93, एनटीपीसी 0.90, विप्रो 0.86, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.66, एलटी 0.47, इंफोसिस 0.40, टाटा मोटर्स 0.30, एचसीएल टेक 0.23, इंडसइंड बैंक 0.17 और अल्ट्रासिमको 0.01 प्रतिशत शामिल है। वहीं, एसबीआई 1.52, भारती एयरटेल 1.44, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.01, पावरग्रिड 0.96, आईटीसी 0.60, रिलायंस 0.54, बजाज फाइनेंस 0.29, नेस्ले इंडिया 0.18, सन फार्मा 0.15, टाटा स्टील 0.12, एक्सिस बैंक 0.07, आईसीआईसीआई बैंक 0.02 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर का प्रदर्शन 0.01 प्रतिशत कमजोर रहा।


## मार्च में सेवा क्षेत्र में वृद्धि से बढ़ा रोजगार : पीएमआई सर्वेक्षण

- मजबूत मांग के कारण बिक्री व व्यावसायिक गतिविधियों में आई तेजी

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। मजबूत मांग के कारण रोजगार में सात महीने की सबसे तेज वृद्धि तथा निर्यात के रिकॉर्ड गति से बढ़ने की वजह से मार्च में देश के सेवा क्षेत्र में बढ़ोतरी दर्ज की गई। एचएसबीसी द्वारा गुरुवार को जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) फरवरी के 60.6 से बढ़कर पिछले महीने 61.2 पर पहुंच गया। सूचकांक 50 अंक से काफी ऊपर है जो मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। इसका 50 से नीचे रहना गिरावट को दिखाता है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा कि भारत की सेवाओं का पीएमआई फरवरी में मामूली सुस्ती के बाद मार्च में बढ़ा है। मजबूत मांग के कारण बिक्री और व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाईं। उत्पादन लागत में तेजी से वृद्धि हुई। फिर भी सेवा प्रदाता उच्च आउटपुट कीमतें वसूल कर मोटे तौर पर लाभ बनाए रखने में सक्षम थे। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, कंपनियों ने मार्च के दौरान नए ऑर्डर में पर्याप्त सुधार का संकेत दिया है।

## इनडीड ने एआई-पॉवर्ड उत्पाद स्मार्ट सोर्सिंग किया लॉन्च

**बेंगलुरु,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म एवं रिक्रूट होल्डिंग्स की सब्सिडियरी, इनडीड ने आज एक नया एआई-पॉवर्ड उत्पाद लॉन्च किया, जो नियुक्ति की प्रक्रिया को सरल बनाकर उसमें तेजी लाएगा।



- नियोक्ताओं को स्मार्ट सोर्सिंग से हैं अनेक लाभ

इनडीड ने स्मार्ट सोर्सिंग के लिए एक एआई-पॉवर्ड टूल पेश किया है, जो नियोक्ताओं को इनडीड पर साझा किए गए प्रोफाइल और रिज़्यूमे के आधार पर लगभग 30 करोड़ कर्मचारियों में से एक सक्रिय प्रतिभा पूल का चयन करने में समर्थ बनाता है। इनडीड का एआई-पॉवर्ड मैचिंग इंजन व्यक्तिगत कौशल, अनुभव और योग्यता के आधार पर तुरंत नौकरी के लिए सबसे अच्छे उम्मीदवारों की सूची प्रदान करता है। नियोक्ता इन उम्मीदवारों के प्रोफाइल की समीक्षा कर सकते हैं, और उनसे सीधे संपर्क कर तुरंत उनकी नियुक्ति कर सकते हैं। इस उत्पाद में एआई-जनरेटेड आउटरीच फीचर को कस्टमाइज़ किया जा सकता है, जिसकी मदद से संभावित उम्मीदवारों को उनके रिज़्यूम और नौकरी के विवरण के आधार पर व्यक्तिगत संदेश भेजकर उनसे संपर्क करने की प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो जाती है और नियुक्ति की प्रक्रिया में समय की बचत होती है तथा एफिशिएंसी बढ़ती है। कंपनी ने कहा कि नियोक्ताओं को स्मार्ट सोर्सिंग से अनेक लाभ हैं।

# आईसीसी व जीसीसीआई के बीच हुआ एमओयू



- व्यापार संबंध मजबूत करने के लिए 'पारिवारिक व्यवसाय और बदलाव' कार्यक्रम आयोजित
- समझौते का लक्ष्य गुजरात में सहयोगात्मक पहल को सुविधाजनक बनाना

**अहमदाबाद**, 4 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात के अहमदाबाद में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) और गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। इस समझौते का लक्ष्य राज्य में सहयोगात्मक पहल को सुविधाजनक बनाना है जिससे बिजनेस ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है।

व्यापार के नए रास्ते तलाशने और देशों के बीच व्यापार संबंध मजबूत करने के लिए आज यहां, 'पारिवारिक व्यवसाय और बदलाव' नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि और भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पारिवारिक व्यवसाय के योगदान पर व्यावहारिक चर्चाओं और नेटवर्किंग के अवसर के उद्देश्य से इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम एक प्रमुख प्लेटफार्म साबित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में आईसीसी और जीसीसीआई के बीच हुआ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी शामिल था। इस समझौते का लक्ष्य गुजरात राज्य में सहयोगात्मक पहल को सुविधाजनक बनाना है जिससे बिजनेस ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके अलावा नेक्सस ग्रुप के डायरेक्टर पाथिक एस. पटवारी को आईसीसी गुजरात स्टेट कॉउंसिल का नया अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। अपनी नई भूमिका में पटवारी गुजरात में आईसीसी पहल का नेतृत्व करेंगे जो इंटरनेशनल ट्रेड और इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए संगठन के मिशन को आगे बढ़ाएगा। दुनियाभर में 12 से अधिक देशों में अपने प्रतिनिधियों के साथ, इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स अब वैश्विक व्यापार के लिए एक प्रमुख एडवोकेट के रूप में काम करना जारी रखेगा जो सीमाओं के पार साझेदारी और अवसरों को आसान बनाएगा। आईसीसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पारिवारिक व्यवसायों पर चर्चा हुई।

भारत अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के साथ पारिवारिक व्यवसायों को बढ़ाने के लिए एक अनोखा वातावरण देने में सबसे आगे रहा है। ये कंपनियां न केवल आर्थिक विकास का स्तंभ रही हैं बल्कि मूल्यों को बनाए रखने, विरासत को संजोने और इनोवेशन को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण बनी हुई हैं। वर्तमान में भारत में लगभग 85 प्रतिशत पंजीकृत उद्यम, पारिवारिक व्यवसाय हैं। देश की आर्थिक प्रगति पर उनका काफी प्रभाव है, क्योंकि वे राष्ट्रीय जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, साथ ही रोजगार पैदा करने और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

इस कार्यक्रम में बिजनेस जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं जिनमें खैतान एंड कंपनी, पीसीपी की पार्टनर और हेड सुश्री बिजल अजिंक्य और खैतान एंड कंपनी के पार्टनर सिद्धार्थ शाह शामिल थे।

# खेल जगत

## दिल्ली में किसी खिलाड़ी के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं करेंगे : डीडीसीए प्रमुख



नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या को आईपीएल 2024 में फैंस के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में मुंबई में उनकी हूटिंग की गई थी और टॉस प्रेंजेटेटर संजय मांजरेकर को मुंबई इंडियंस के कप्तान के समर्थन में आगे आना पड़ा और फैंस से मुंबई के कप्तान के प्रति सही व्यवहार करने की अपील करनी पड़ी। इस मुकाबले में फैंस लगातार हार्दिक पांड्या को घेरते रहे। कई पूर्व क्रिकेटरों ने इसे गलत व्यवहार पाया और प्रशंसकों से क्रिकेटर का सम्मान करने का आग्रह किया। ऐसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, आईएएनएस ने दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली से भीड़ के व्यवहार पर उनके विचार और आईपीएल मैचों की मेजबानी के दौरान उत्पन्न होने वाली स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए डीडीसीए द्वारा उठाए जाने वाले उपायों के बारे में पूछा।

### चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मैच आज

# जीत की राह पर लौटने को बेताब चेन्नई-हैदराबाद

नई दिल्ली, 4 अप्रैल (देशबन्धु)। नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में आरसीबी को अपने घर चेन्नई में छह विकेट और गुजरात टाइटंस को 63 रन से हरा कर आगाज करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स से उसके दूसरे घरेलू'मैदान विशाखापट्नम में 20 रन से हारने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अब आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शुक्रवार को हैदराबाद में जीत की राह पर वापस लौटने के इरादे से उतरेगी।



नए कप्तान पैट कमिंस की अगुआई वाली सनराइजर्स मौजूदा सीजन में शुरू के तीन मैचों में दो अर्द्धशतक जड़ चुके विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, ट्रेविज हेड और अभिषेक शर्मा जैसे एक -एक अर्द्धशतक जड़ चुके पॉवर हिटर्स की तेज पारियों के बावजूद कोलकाता में केकेआर से पहला बड़े स्कोर वाला मैच चार रन से हारने के बाद दूसरे बड़े स्कोर वाले मैच में अपने घर में मुंबई इंडियंस को 31 रन से हराने के बाद तीसरे मैच में गुजरात टाइटंस से उसके घर में सात विकेट से हार राह भटक चुकी है। जीत की राह पर लौटने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोचक मुकाबले की आस है।

चेन्नई सुपर को तीन मैचों में सबसे ज्यादा कुल सात विकेट चटकाने वाले अपने तेज बाएं हाथ के बांग्लादेशी तेज गेंदाब मुस्तफिजुर रहमान के स्वदेश लौट जाने से उनकी कमी बहुत अखरेगी।

चेन्नई के स्लिजंर' मतीश पथिराना और स्विंग के उस्ताद दीपक चाहर के लिए हैदराबाद बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज अभिषेक, ट्रेविज हेड, क्लासेन और एडन मरक्रम के साथ निचले क्रम में अब्दुल समद जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों को रोकना बड़ा चुनौती होगा। हैदराबाद के लिए खासतौर पर अभिषेक व हेड पारी के शुरू मे तथां क्लासेन और समद पारी के आखिर के मारधाड़ वाले ओवर में बल्ले से दे दनादन कर चेन्नई के पथिराना, दीपक चाहर और तुषार देशपांडे की रफ्तार की धार कुंद करने के साथ बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा की गेंद पर जमकर प्रहार कर बड़ा स्कोर खड़ा करने में सक्षम हैं। बेशक चेन्नई ने हैदराबाद से अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं लेकिन कमिंस की अगुआई में मेजबान टीम इतिहास पलट कर जीत दर्ज करने का दम रखती है। चेन्नई बहुत मुमकिन है मुस्तफिजुर रहमान की जगह तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को मौका दे अपनी एकादश को संतुलित कर सकती है हालांकि उसके पास राजवर्द्धन हंगरगेकर के रूप में एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर और है।

**आईपीएल 2024**

चेन्नई सुपर किंग्स की बल्लेबाजी उसके भारतीय मूल के बाएं हाथ के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र व कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की सलामी जोड़ी, अकेले एक विस्फोटक अर्द्धशतक जड़ उसके लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे शिवम दुबे(कुल 105 रन), डैरल मिचेल ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और फिनिशर महेंद्र सिंह धोनी पर निर्भर है। रचिन रवींद्र और ऋतुराज ने चेन्नै के लिए तेज आगाज जरूर किया लेकिन बड़ी खेलने और अब तक इस सीजन में अर्द्धशतक तक जड़ने में नाकाम रहे हैं।



सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस, जयदेव उनादकट, टी. नटराजन और शुरू के मैचों में महंगे होने के बावजूद चतुर स्विंग गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार में रफ्तार व स्विंग के साथ धार दिखा चेन्नै के शीर्ष क्रम को बिखेरने का दम है ही लेग स्पिनर मयंक मारकंडे, ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर, बाएं हाथ के दो स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद च अभिषेक शर्मा बीच के ओवर में विकेट चटकाने का दम रखते हैं। चेन्नई के लिए 42 बरस की उम्र में भी महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा अपने अनुभव के सहारे पारी के आखिर में दे दनादन का उसे बड़े स्कोर तक पहुंचाने ही नहीं उसके पार पहुंचाने का भी दम रखते हैं। ऐसे में चेन्नै सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले की आस है।

## टीम का प्रदर्शन देखकर शर्मिंदगी महसूस हुई : पोंटिंग

**विशाखापत्तनम,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स की केकेआर से 106 रन से हार के बाद मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा



कि मैच के पहले भाग में उनकी टीम का प्रदर्शन देखकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हुई। एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में, सुनील नारायण (85), अंगकृष रघुवंशी (54), आंद्रे रसेल (41) और रिंकू सिंह (26) ने तूफानी पारी खेली। इन पारियों के दम पर केकेआर ने 7 विकेट के नुकसान पर 272 रन बनाए।

पोंटिंग ने कहा कि अभी इस हार का आकलन करना काफी कठिन है। मैं मैच के पहले भाग से लगभग शर्मिंदा था। इतने सारे रन दिए और 17 वाइड फेंकी। हमें अपने ओवर फेंकने में भी दो घंटे लग गए, इसलिए हम दो ओवर पीछे थे, जिसका मतलब है कि अंतिम दो ओवर फेंकने वाले लोगों को सर्कल के बाहर केवल चार फील्डर के साथ गेंदबाजी करनी थी। इस मैच में बहुत सी चीजें हुईं जो अस्वीकार्य थी और बहुत सी चीजें ऐसी है जो एक समूह के रूप में हम बात करेंगे जिन्हें प्रतियोगिता में आगे बढ़ने के लिए तुरंत ठीक करना होगा। टीम इस बात से भी निराश थी कि कप्तान ऋषभ पंत ने नारायण और केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर के खिलाफ अपील पर रिव्यू नहीं लिया, जबकि रीप्ले से पता चलता है कि वे आउट हो सकते थे। साथ ही पंत की कप्तानी में भी कुछ खामियां नजर आई, जिसमें अक्षर पटेल का सही इस्तेमाल न करना भी शामिल है। इतना ही नहीं मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है जो उनका टूर्नामेंट में दूसरा अपराध है।

## थॉमस और उबेर कप फाइनल्स के लिए मजबूत भारतीय टीम घोषित

> सीनियर चयन समिति ने काफी चर्चा के बाद खिताब की रक्षा के लिए थॉमस कप टीम के लिए सर्वोत्तम संभव संयोजन का फैसला किया है। समिति ने महसूस किया कि हमें एकल में एक अतिरिक्त खिलाड़ी की आवश्यकता है : संजय मिश्रा, भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत आगामी बीडब्ल्यूएफ थॉमस और उबेर कप फाइनल्स 2024 में युवाओं और अनुभव के सही मिश्रण के साथ एक मजबूत टीम उतारेगा, जिसमें वरिष्ठ चयन समिति ने सभी के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए एकल में अधिक विकल्प रखने का फैसला किया है।

भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) ने 27 अप्रैल से 5 मई तक चीन के चेंगदू में खेले जाने वाले आगामी प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों की घोषणा की। थॉमस कप के लिए 10 सदस्यीय टीम में किरण जॉर्ज के साथ पांच एकल खिलाड़ी होंगे, जिसमें एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत शामिल होंगे, जबकि साई प्रतीक दो पहली पसंद के संयोजन, अर्थात वर्ल्ड नंबर 1 जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला, के लिए बैक-अप युगल खिलाड़ी होंगे।

चूंकि अधिकांश शीर्ष खिलाड़ी थॉमस कप 2024 से पहले कठिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन चरण से गुजर रहे थे, चयनकर्ताओं को लगा कि टीम में एक अतिरिक्त एकल खिलाड़ी का होना महत्वपूर्ण है।

थॉमस कप टीम पर अंतिम निर्णय चयन समिति की एक ऑनलाइन बैठक के बाद लिया गया जिसमें मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद, पूर्व भारतीय सितारे यू विमल कुमार, ज्वाला गुट्टा, मंजूषा कंवर, पार्थो गांगुली और मल्लिका बरुआ सरमा शामिल थे। उबेर कप के लिए एकल और युगल दोनों में शीर्ष खिलाड़ियों के हटने के बाद चयनकर्ताओं ने युवाओं को मौका देने का फैसला किया। पीवी सिंधु ने चयनकर्ताओं को सूचित किया कि ओलंपिक से पहले लगातार टूर्नामेंट होने के कारण, उन्होंने और उनकी टीम ने ओलंपिक की तैयारी के लिए उबेर कप को छोड़ने का फैसला किया है। शीर्ष युगल जोड़ियों ने भी इसी तरह के कारण बताए और चूंकि यह पूरी ताकत वाली टीम नहीं है, इसलिए उन्होंने भी नाम वापस ले लिया। इसके बाद चयनकर्ताओं ने उन युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का फैसला किया जिन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

## वर्ल्डकप क्वालीफायर तक मुख्य कोच बने रहेंगे इगोर स्टिमैक

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। सीनियर भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के दूसरे दौर के क्वालीफायर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी भूमिका जारी रखेंगे।

फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशिया कप 2027 प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने की अपनी कोशिश में भारत को एक गंभीर झटका लगा, जब टीम पिछले महीने अफगानिस्तान से 1-2 से हार गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा स्टिमैक के साथ चर्चा करने के लिए गठित समिति ने 2 अप्रैल को मुख्य कोच के साथ एक आभासी बैठक की। बैठक में मेनला एथेनपा, सदस्य, कार्यकारी समिति और अध्यक्ष, वित्त समिति, अनिलकुमार प्रभाकरन, सदस्य, कार्यकारी समिति और अध्यक्ष, प्रतियोगिता समिति, एम सत्यनारायण, कार्यवाहक महासचिव, एआईएफएफ उपस्थित थे।

**फीफा विश्वकप**



बैठक के दौरान, स्टिमैक से फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करने में भारत के विफल होने पर इस्तीफा देने के अपने हालिया बयान को स्पष्ट करने के लिए कहा गया था। एआईएफएफ वेबसाइट पर प्रकाशित जानकारी के अनुसार, स्टिमैक ने कहा कि उनकी टिप्पणी एक सवाल के जवाब में की गई थी। कोच ने कहा कि एक साल पहले, मैंने कहा था कि हम राउंड 3 के लिए क्वालीफायर करने की कोशिश करेंगे और वर्तमान में हम ग्रुप में दूसरे स्थान पर हैं और दो टीमें क्वालीफायर करती हैं। हम 6 जून 2024 को कुवैत के खिलाफ मैच के बाद इस मुद्दे पर आगे चर्चा करेंगे। 6 जून को कुवैत के खिलाफ मैच भारतीय फुटबॉल में सबसे बड़े दिनों में से एक होगा, क्योंकि एक जीत पहली बार राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करने की हमारी संभावनाओं को काफी हद तक उज्जवल कर देगी। स्टाफ और खिलाड़ी सभी इस ऐतिहासिक क्षण से अवगत हैं। स्टिमैक ने बैठक में कहा कि हम जीतने के लिए अपनी क्षमता से सब कुछ करेंगे। एआईएफएफ समिति के सदस्यों के साथ सार्थक चर्चा हुई।

> एक साल पहले, मैंने कहा था कि हम राउंड 3 के लिए क्वालीफायर करने की कोशिश करेंगे और वर्तमान में हम ग्रुप में दूसरे स्थान पर हैं और दो टीमें क्वालीफायर करती हैं : इगोर स्टिमैक कुवैत, कोच

## आईपीएल के पहले 10 मैचों के लाइव प्रसारण के लिए रिकॉर्ड 35 करोड़ दर्शकों ने भाग लिया

**मुंबई,** 4 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के पहले 10 मैचों का टेलीविजन पर सीधा प्रसारण देखने के लिए रिकॉर्ड 35 करोड़ दर्शक आए, जो कि बार्क के अनुसार, महामारी के दौरान खेले गए सीज़न सहित लीग के किसी भी पिछले संस्करण के डेटा से अधिक है। आईपीएल 2024 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का कुल देखने का समय बढ़कर 8028 करोड़ मिनट हो गया है, जो पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी अधिक है। टूर्नामेंट के 17वें सीजन की मैच रेटिंग भी पिछले



संस्करण की तुलना में 22 फीसदी बढ़ी है। 8 से 14 अप्रैल के बीच प्रतिद्वंद्विता सप्ताह के साथ, ब्रॉडकास्टर टूर्नामेंट की चर्चा को और भी ऊपर ले जाने के लिए तैयार है। डिज़्नी स्टार के खेल प्रमुख, संजोग गुप्ता ने कहा कि डिज़्नी स्टार ने 17वें सीजन की शुरुआत वहीं से की है, जहां पिछले साल इसे छोड़ा था, और प्रशंसक-केंद्रित पहलों को दोगुना कर दिया है, जो टूर्नामेंट के लिए जुनून और प्रशंसकों को प्रेरित करना चाहते हैं। अटूट समर्थन और प्रशंसकों और दर्शकों से मिला प्यार टीवी पर आईपीएल की समग्र क्षमता के साथ-साथ इसके आगे बढ़ने की क्षमता में स्टार स्पोर्ट्स के विश्वास की पुष्टि है।

## चोटिल रोजमेरी मायर एकदिवसीय सीरीज से हुई बाहर

**हैमिल्टन,** 4 अप्रैल (एजेंसिएयां)। न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज रोजमेरी मायर पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड को टीम में बुलाया गया है। मायर ने इससे पहले हुई टी-20 सीरीज के सभी पांच खेले थे और 7.56 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए थे। पहले एकदिवसीय मुकाबले से पहले अभ्यास के दौरान उन्हें पीठ में दर्द महसूस हुआ और इसके बाद वह मैच नहीं खेल सकीं थी। वह दूसरे एकदिवसीय के लिए टीम के साथ हैमिल्टन गईं। लेकिन वह बुधवार को अभ्यास नहीं कर पाई। उसके बाद यह फैसला लिया गया। टीम



के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी रोजमेरी के नहीं खेल पाने से निराश हैं वह इंग्लैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला में टीम की प्रमुख सदस्य रही थी। उन्होंने कहा कि बंगलादेश में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दौरे को लेकर हम सतर्क रहना चाहते हैं ।

## भारत को ओलंपिक चैंपियन बनना है तो प्रक्रिया का पालन कर हर टीम को हराना होगा : फुल्टन

- ओलंपिक में न्यूजीलैंड से पहला मैच जीतना बेहद अहम
- खिताब जीतने के लिए अनुभव के साथ युवा जोश भी जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राहम रीड ने अपने मार्गदर्शन में टोक्यो ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को चार दशक से भी ज्यादा के बाद कांसे के रूप में पहला पदक जीतने के बाद बीते बरस अपने घर में विश्व कप में भुवनेश्वर और राउरकेला में निराशाजनक ढंग से नौवें स्थान पर रहने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। रीड इस्तीफे के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच की कमान संभालने वाले दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में टीम ने बीते बरस चैन्नई में एशियन पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीतने के साथ हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे 2024 के पेरिस फुल्टन के मार्गदर्शन में अब भारतीय पुरुष हॉकी टीम टोक्यो ओलंपिक के कांसे पदक के रंग को पेरिस ओलंपिक में बदल कर और चमकदार करने का सपना संजोए हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच रैंकिंग में चौथे नंबर पर है और पेरिस ओलंपिक में मौजूदा चैंपियन दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम, पांचवें ओलंपिक की टीम ऑस्ट्रेलिया, सातवें नंबर की टीम अर्जेंटीना, दसवें नंबर की टीम न्यूजीलैंड और 12 वें नंबर की टीम आयरलैंड के साथ पूल बी में है। प्रस्तुत भारत की पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारियों के क्रम में छह अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले यहां टीम के चीफ क्रेग फुल्टन से हुई खास बातचीत। फुल्टन पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम के पूल और उसकी तैयारियों और चुनौतियों पर खुल कर बोले।

**भारतीय पुरुष हॉकी**

**ओलंपिक मे भारत के पूल और चुनौती के कहां तक पहुंचने की उम्मीद है?**

ओलंपिक में हमारी भारतीय पुरुष हॉकी टीम पूल बी है। मैं कहूंगा कि हमारा पूल अच्छा है। यह ओलंपिक है और इसमें हर टीम पूरी तैयारी के साथ आती है। रिकॉर्ड आठ बार स्वर्ण जीतने भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में चैंपियन बनना चाहती हैं अथवा सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में बनाना चाहती तो उसे प्रक्रिया का पालन करना होगा और हर टीम को हराना होगा। हमारी टीम को एक समय एक मैच की बाबत सोच उसमें पूरा ध्यान लगा आगे बढने की जरूरत है। ओलंपिक में अपने पूल बी में अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से खेलेंगे और यह मैच हमारे यह मैच जीतना बेहद अहम होगा। बदकिस्मती से न्यूजीलैंड से अपने घर में ही पिछले विश्व कप में अपना पिछला मैच हार गए थे। ओलंपिक मे हमारा ध्यान अपने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले पहले मैच पर है। कामयाबी का मतलब है प्रशिक्षण, प्रक्रिया बनाम नतीजा। हमारी टीम को हर क्वार्टर में पूरे नियंत्रण से बेहतर हॉकी खेलने की जरूरत है। गेंद पर बेहतर कब्जा बनाना होगा। हमें अपने किले की चौकसी पर पूरा ध्यान होगा।

**ओलंपिक में बतौर चीफ कोच भारत के पिछली बार के कांसे के रंग को बेहतर करने का मंत्र?**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक में बहुत आगे तक यानी फाइनल तक जाना है जरा सी भी ढील की गुंजाइश नहीं है। सबसे पहले भारतीय टीम को ध्यान अपने पूल से नॉकआउट यानी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर लगाना होगा।



## सार संक्षेप

### सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये। हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे।

### सुरजीत 'फाइव-ए-साइड' महिला हॉकी गोल्ड कप पांच अप्रैल से

**जालंधर।** सुरजीत 5एस (फाइव-ए-साइड) महिला हॉकी गोल्ड कप शुक्रवार से स्थानीय ओलंपियन सुरजीत फाइव-ए-साइड एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में शुरू होगा। सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने गुरुवार को बताया कि महिला हॉकी टूर्नामेंट लीग-कम-नॉकआउट के आधार पर खेला जायेगा, जिसमें देश की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि पूल-ए में पंजाब इलेवन, रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला, भारतीय खेल प्राधिकरण सोनीपत और उत्तर रेलवे दिल्ली जबकि मध्य रेलवे मुंबई, सी.आर.पी.एफ. दिल्ली, हरियाणा इलेवन और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई की टीमों को पूल-बी में रखा गया है। श्री संधू ने बताया कि इस फाइव-ए-साइड हॉकी टूर्नामेंट में 15-5-15 मिनट के कुल 16 मैच खेले जायेंगे। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल, तीसरे और चौथे स्थान के मैच और फाइनल मैच सात अप्रैल को खेले जाएंगे।

### टी-20 मुकाबले में आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश 77 रनों से दी शिकस्त

**मीरपुर।** कप्तान अलिसा हीली 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के नाबाद 43 रनों की शानदार पारियों और उसके बाद कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में बंगलादेश को 77 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। बल्लेबाजी करने उतरी बंग्लादेश की टीम के खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिच पर टिक नहीं दिया। उसके लगातार विकेट गिरते गये। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। दिलारा अख्तर 10 रन और फाहिमा खातून 11 रन बनाने वालों में थी शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।